Page 11

खेल



सिंधु ऑस्ट्रेलियन ओपन का सेमीफाइनल हारी, बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप में के...

हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, पटना, आरा एवं दुमका से प्रकाशित

Page 09

देश



बंगाल के बाद महाराष्ट्र में होगा 'खेला'? लोकसभा में ताकत बढ़ाने पर एनडीए की नजर, शिवसेना...

मूल्य ₹ 2.00

कृष्ण पक्ष, रोहिणी, विक्रम संवत् 2083

• औरंगाबाद • रविवार • 14 जून 2026 • वर्ष 28 • अंक 192 • पृष्ठ 12


## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
|  |  |
| ₹ 1,36,650 | ₹ 2,60,000 |

## आज का इतिहास

**1947 :** पाकिस्तान और बांग्लादेश की कॉलोनी ग्रेट ब्रिटेन से औपचारिक स्वतंत्रता प्राप्त करती हैं, क्योंकि ब्रिटिश भारतीय साम्राज्य से हट गए।

**1842 :** अमेरिकी भारतीय युद्ध-अमेरिकी जनरल विलियम जे वर्थडेलर ने द्वितीय सेमीनोल युद्ध को समाप्त कर दिया।

## न्यूज बाइट्स

### मंत्री बने रहेंगे दीपक प्रकाश

**पटना (नि.सं.)** । राष्ट्रीय लोक मोर्चा (आरएलएम) के प्रमुख उपेंद्र कुशवाहा के बेटे दीपक प्रकाश के मंत्री पद पर संशय फिलहाल दूर हो गया है। बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने स्पष्ट कहा कि दीपक आज भी मंत्री हैं और आगे भी बने रहेंगे। माना जा रहा है कि भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) ने गेंद कुशवाहा के पाले में डाल दी है। अब रालोमो चीफ को देखना है कि वह अपने बेटे को मंत्री पद पर बनाए रखने के लिए क्या कदम उठाते हैं। दरअसल, बिहार के पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश अभी किसी भी सदन के सदस्य नहीं हैं। हाल ही में हुए विधान परिषद चुनाव में उन्हें एमएलसी नहीं बनाए जाने के बाद उनके मंत्री पद पर संकट पैदा हो गया था। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने शुक्रवार को पटना में पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में कहा कि दीपक प्रकाश आज भी मंत्री हैं और आगे भी रहेंगे।

### महिलाओं के स्वास्थ्य सुधार और अनावश्यक हिस्टरेक्टॉमी रोकने पर मंथन

**पटना (नि.सं.)** । अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) पटना में डीबीटी-वेलकम इंडिया एलायंस द्वारा वित्तपोषित 'सहेली अध्ययन समूह' के अंतर्गत 'बिहार में स्त्री रोग स्वास्थ्य में सुधार एवं हिस्टरेक्टॉमी के विवेकपूर्ण उपयोग' विषय पर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में महिलाओं के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने तथा अनावश्यक गर्भाशय निष्कासन (हिस्टरेक्टॉमी) की बढ़ती प्रवृत्ति पर रोक लगाने के उपायों पर विस्तार से चर्चा की गई। एम्स पटना के कार्यकारी निदेशक डॉ. राजू अग्रवाल ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि महिलाओं को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने और अनावश्यक हिस्टरेक्टॉमी जैसी प्रक्रियाओं को रोकना समय की आवश्यकता है। उन्होंने इस दिशा में जागरूकता और प्रभावी स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार पर बल दिया।

सीएम सम्राट चौधरी ने कहा कि बिहार दुनिया का सबसे अधिक घनत्व आबादी वाला राज्य

# बिहार में 6.5 लाख करोड़ के निवेश से बदलेगी विकास की तस्वीर : मुख्यमंत्री

- उद्योग, बिजली और आधारभूत ढांचे के विस्तार से बिहार बनेगा विकसित राज्य
- 12 नई टाउनशिप होंगी विकसित

**निज संवाददाता | पटना**

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने शनिवार को कहा कि बिहार को विकसित और समृद्ध राज्य बनाने की दिशा में सरकार बड़े स्तर पर काम कर रही है। उन्होंने घोषणा की कि राज्य में 12 नई टाउनशिप विकसित की जाएंगी, जिनमें करीब 6.5 लाख करोड़ रुपये का निवेश आएगा। इन टाउनशिप में इंडस्ट्रियल कॉरिडोर और इंडस्ट्रियल पार्क भी विकसित किए जाएंगे, जिससे औद्योगिक विकास और रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए लगातार कार्य कर रहे हैं। उनका मानना है कि भारत तभी विकसित होगा, जब बिहार समृद्ध होगा। उन्होंने कहा कि लगभग दो हजार वर्ष पूर्व बिहार ने देश को स्वर्णिम युग दिया था और अब फिर से राज्य को विकास के शिखर पर पहुंचाने की दिशा में काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बिहार विश्व के सबसे अधिक जनसंख्या घनत्व वाले क्षेत्रों में शामिल है, लेकिन इसके बावजूद पिछले 20 वर्षों में राज्य ने अपने संसाधनों के बल पर दोहरे अंक (डबल डिजिट) की आर्थिक विकास दर हासिल की है। केंद्र सरकार का भी राज्य को पूरा सहयोग मिल रहा है।

सम्राट चौधरी ने कहा कि बिहार में बिजली, सड़क और पेयजल जैसी बुनियादी सुविधाएं लगभग हर घर तक पहुंचाई जा चुकी हैं। अगले दो वर्षों में राज्य अपनी बिजली उत्पादन क्षमता इतनी बढ़ा लेगा कि अगले 30 वर्षों की जरूरतों को भी पूरा किया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार बिजली उपभोक्ताओं को हर वर्ष लगभग 23 हजार करोड़ रुपये की सब्सिडी दे रही है, जो देश में सबसे अधिक है। उन्होंने कहा कि नई टाउनशिप के लिए लगभग 6 लाख 25 हजार एकड़ भूमि पर कार्य शुरू किया जाएगा। जिन लोगों की भूमि अधिग्रहित होगी, उन्हें उचित मुआवजा दिया जाएगा। यदि किसी परिवार में शादी या अन्य आपात स्थिति होगी तो जिलाधिकारी को आवेदन देने पर मुआवजा राशि शीघ्र उपलब्ध कराने की व्यवस्था की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कानून-व्यवस्था का उल्लेख करते हुए कहा कि यदि कोई अपराधी पुलिस को चुनौती देता है तो 24 से 48 घंटे के भीतर उसे जवाब मिल जाता है। अपराध पर प्रभावी नियंत्रण के लिए पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है।

## जेपी गंगा पथ को विश्वस्तरीय पर्यटन केंद्र बनाने के निर्देश

**निज संवाददाता | पटना**



मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने शनिवार को जल संसाधन विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक में विभागीय परिसंपत्तियों के बेहतर उपयोग, सिंचाई विभाग के निरीक्षण भवनों के संचालन, गंगा तट क्षेत्र के विकास तथा राज्य के ऐतिहासिक एवं पर्यटन स्थलों के संरक्षण और विकास की योजनाओं की समीक्षा की गई। बैठक के दौरान जल संसाधन विभाग के सचिव डॉ. चन्द्रशेखर सिंह ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से विभाग की विभिन्न योजनाओं और कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने जेपी गंगा पथ पर एक लाख पौधारोपण का लक्ष्य शीघ्र पूरा करने का निर्देश देते हुए कहा कि ऐतिहासिक विरासत, सांस्कृतिक धरोहर और गंगा तट बिहार की अमूल्य धरोहर हैं, जिनका संरक्षण और समुचित विकास सरकार की प्राथमिकता है।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि राज्य के सभी प्रमुख पर्यटन स्थलों के विकास के लिए समन्वित कार्ययोजना तैयार की जाए तथा इन स्थलों की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्ता का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए, ताकि देश-विदेश के अधिकाधिक पर्यटक बिहार की समृद्ध विरासत से परिचित हो सकें। उन्होंने कहा कि पाटलिपुत्र की ऐतिहासिक पहचान को पुनर्जीवित करने के लिए विभिन्न विभागों के समन्वय से विशेष योजनाएं बनाई जाएं। सम्राट चौधरी ने कहा कि जेपी गंगा पथ को केवल एक सड़क परियोजना के रूप में नहीं, बल्कि पर्यटन, मनोरंजन और सांस्कृतिक गतिविधियों के प्रमुख केंद्र के रूप में विकसित किया जाए। उन्होंने कहा कि यह परियोजना भविष्य में पटना की नई पहचान बन सकती है और बड़ी संख्या में पर्यटकों को आकर्षित करेगी।

असम के रौरिया एयरफोर्स स्टेशन पर लैंडिंग के दौरान हुई घटना

# एएन-32 विमान क्रैश में दो अग्निवीरों समेत वायुसेना के पांच कर्मियों की मौत

**एजेंसी | नई दिल्ली**



अग्निवीर दानिश आलम

असम के जोरहाट स्थित रौरिया इंडियन एयरबेस पर शनिवार सुबह भारतीय वायुसेना का एएन-32 मालवाहक विमान लैंडिंग के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे में पायलट समेत पांच वायुसेना कर्मियों की मौत हो गई, जबकि को-पायलट घायल हो गया। उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतकों में स्क्वाड्रन लीडर प्रशांत सिंह, फ्लाइट लेफ्टिनेंट शुभम कुमार, सार्जेंट जितेंद्र शर्मा, अग्निवीरवायु खेमाराम कुमावत और अग्निवीरवायु दानिश आलम शामिल हैं। इनमें दानिश आलम बिहार, खेमाराम कुमावत राजस्थान तथा सार्जेंट जितेंद्र शर्मा उत्तर प्रदेश के निवासी थे। बताया जा रहा है कि तीनों की शादी की बात चल रही थी। जानकारी के अनुसार, हादसा सुबह करीब 10 बजे उस समय हुआ, जब विमान एयरबेस पर उतरने की कोशिश कर रहा था। दुर्घटना के बाद विमान में भीषण आग लग गई और वह दो हिस्सों में टूट गया। एएन-32 विमान का उपयोग भारतीय वायुसेना सैनिकों और सैन्य सामग्री के परिवहन के लिए करती है। भारतीय वायुसेना ने बताया कि विमान नियमित उड़ान (रूटीन सॉर्टी) पर था। हादसे के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। वायुसेना ने लोगों से अपील की है कि प्रारंभिक जांच पूरी होने तक दुर्घटना के कारणों को लेकर किसी प्रकार का अनुमान न लगाया जाए।

### रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी जताया दुख

असम के जोरहाट में एएन-32 विमान दुर्घटना पर दुख जताते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लिखा कि मैं 5 वायु योद्धाओं की मृत्यु से अत्यंत दुखी हूं। स्क्वाड्रन लीडर प्रशांत सिंह, फ्लाइट लेफ्टिनेंट शुभम कुमार, सार्जेंट जितेंद्र शर्मा, अग्निवीरवायु खेमाराम कुमावत और अग्निवीरवायु दानिश आलम ने कर्तव्य पालन के दौरान सर्वोच्च बलिदान दिया है। उनका साहस और राष्ट्र सेवा हमेशा गर्व और कृतज्ञता के साथ याद की जाएगी। शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदनाएं हैं।

### भोजपुर का लाल शहीद

विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने की घटना में भोजपुर जिले के कोईलवर प्रखंड निवासी अग्निवीर दानिश आलम के शहीद होने की खबर से पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई। वह भारतीय वायुसेना में अग्निवीर के रूप में कार्यरत थे और जून 2025 में सेवा में शामिल हुए थे। दानिश के पिता मोहम्मद फारुक आलम गीधा औद्योगिक क्षेत्र स्थित एक वर्कशॉप में काम करते हैं, जबकि माता अख्तरी बेगम गृहिणी हैं। परिवार में दो बड़ी बहनें शगुफ्ता परवीन और गजला परवीन हैं। दानिश अपने माता-पिता के इकलौते पुत्र थे।

# लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ होंगे देश के नए आर्मी चीफ

**एजेंसी | नई दिल्ली**



केंद्र सरकार ने शनिवार को लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ को देश का अगला चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ (आर्मी चीफ) नियुक्त करने की मंजूरी दे दी। वह 30 जून से भारतीय सेना के 31वें थलसेना प्रमुख का पद संभालेंगे। मौजूदा सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी का कार्यकाल 30 जून को समाप्त हो रहा है। लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ वर्तमान में उप सेना प्रमुख (वाइस चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ) के पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने 1 अप्रैल 2026 को यह जिम्मेदारी संभाली थी। उप सेना प्रमुख भारतीय सेना का दूसरा सबसे वरिष्ठ अधिकारी होता है और सेना प्रमुख के साथ मिलकर सैन्य संचालन, रणनीतिक योजनाओं, सैन्य तैयारियों तथा सेना के आधुनिकीकरण से जुड़े महत्वपूर्ण मामलों की निगरानी करता है।

अपने वर्तमान पद पर रहते हुए धीरज सेठ ने सेना की परिचालन क्षमता बढ़ाने, नई तकनीकों को सैन्य ढांचे में शामिल करने तथा संगठनात्मक व्यवस्थाओं को अधिक प्रभावी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

# सिपाही भर्ती परीक्षा के लिए आज चलेंगी चार परीक्षा स्पेशल ट्रेन

**निज संवाददाता | पटना**



केंद्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) द्वारा आयोजित मद्य निषेध सिपाही, कक्षपाल एवं चलंत दस्ता सिपाही भर्ती परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए रेलवे ने रविवार को चार परीक्षा स्पेशल ट्रेनों का परिचालन करने का निर्णय लिया है। पूर्व मध्य रेलवे के समस्तीपुर मंडल की ओर से बेतिया, मधुबनी और मुजफ्फरपुर से पाटलिपुत्र (पटना) के लिए ये विशेष ट्रेनें चलाई जाएंगी। रेलवे अधिकारियों के अनुसार परीक्षा रविवार को दो पालियों में आयोजित होगी। बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों के आवागमन को देखते हुए यह विशेष व्यवस्था की गई है, ताकि परीक्षार्थियों को यात्रा में सुविधा मिले और नियमित ट्रेनों पर अतिरिक्त दबाव न पड़े। समस्तीपुर मंडल के जनसंपर्क विभाग द्वारा जारी जानकारी के अनुसार बेतिया से पाटलिपुत्र के लिए दो परीक्षा स्पेशल ट्रेनें चलाई जाएंगी। पहली ट्रेन दोपहर एक बजे तथा दूसरी शाम छह बजे बेतिया से रवाना होगी। दोनों ट्रेनें बापूधाम मोतिहारी, चकिया, मेहसी, मुजफ्फरपुर, हाजीपुर और सोनपुर होते हुए पाटलिपुत्र पहुंचेंगी। मधुबनी से पाटलिपुत्र के लिए एक विशेष ट्रेन दोपहर एक बजे रवाना होगी। यह ट्रेन दरभंगा, समस्तीपुर, मुजफ्फरपुर और हाजीपुर होते हुए पाटलिपुत्र पहुंचेगी, जिससे मिथिलांचल के हजारों अभ्यर्थियों को सुविधा मिलेगी। इसके अलावा मुजफ्फरपुर से भी शाम छह बजे पाटलिपुत्र के लिए परीक्षा स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जाएगा। यह ट्रेन हाजीपुर के रास्ते अपने गंतव्य तक पहुंचेगी।

रेलवे ने बताया कि परीक्षा के दौरान संभावित भीड़ को देखते हुए प्रमुख स्टेशनों पर वरिष्ठ अधिकारियों एवं अतिरिक्त रेलकर्मियों की तैनाती की गई है। रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) और रेल प्रशासन की टीमें भीड़ नियंत्रण, सुरक्षा व्यवस्था और यात्रियों की सुविधा सुनिश्चित करने के लिए लगातार निगरानी रखेंगी। समस्तीपुर मंडल के अंतर्गत मधुबनी, दरभंगा, समस्तीपुर, मुजफ्फरपुर, सीतामढ़ी, पूर्वी एवं पश्चिमी चंपारण, मधेपुरा, सहरसा, पूर्णिया और सुपौल सहित कई जिलों में परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं।

# 95.82 लाख से अधिक पेंशनधारियों ने कराया जीवन प्रमाणीकरण

**निज संवाददाता | पटना**

बिहार में सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के तहत लाभान्वित लगभग 95 लाख 82 हजार से अधिक पेंशनधारियों ने अब तक अपना जीवन प्रमाणीकरण (लाइफ सर्टिफिकेशन) करा लिया है। समाज कल्याण विभाग के अनुसार यह राज्य के कुल पेंशनधारियों का करीब 80 प्रतिशत है। विभाग ने शेष लाभुकों से अपील की है कि वे पंचायत स्तर पर आयोजित विशेष शिविरों अथवा अपने नजदीकी कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) के माध्यम से निशुल्क जीवन प्रमाणीकरण अवश्य करा लें, ताकि सामाजिक सुरक्षा पेंशन की राशि बिना किसी बाधा के उनके खाते में मिलती रहे। समाज कल्याण विभाग ने बताया कि जीवन प्रमाणीकरण के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए विभिन्न माध्यमों से प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। इसके लिए विज्ञापनों के जरिए भी लाभुकों को आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराई जा रही है।

विभाग का कहना है कि सभी पात्र लाभार्थियों तक सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ पारदर्शी, समयबद्ध और प्रभावी ढंग से पहुंचाना उसकी प्राथमिकता है। इसी उद्देश्य से योजनाओं की लगातार निगरानी की जा रही है तथा जमीनी स्तर पर बेहतर समन्वय स्थापित करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

संयुक्त नाई एकता महासम्मेलन में विधानसभा अध्यक्ष ने कहा

# शिक्षित, संगठित और आत्मनिर्भर बने नाई समाज : डॉ. प्रेम कुमार

**निज संवाददाता | पटना**



बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार शनिवार को पटना स्थित रविंद्र भवन में संयुक्त नाई (सैन) एकता मंच द्वारा आयोजित संयुक्त नाई (सैन) एकता महासम्मेलन में शामिल हुए। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद डॉ. भीम सिंह चंद्रवंशी भी मौजूद रहे। अपने संबोधन में डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि यह महासम्मेलन केवल स्वागत समारोह नहीं, बल्कि समाज की एकता, सामाजिक समरसता और विकास के प्रति सामूहिक संकल्प का प्रतीक है। उन्होंने मंच के पदाधिकारियों एवं सदस्यों को सफल आयोजन के लिए बधाई देते हुए कहा कि समाज को संगठित करने, युवाओं को शिक्षा और रोजगार के प्रति प्रेरित करने तथा सामाजिक जागरूकता बढ़ाने में मंच की भूमिका सराहनीय है। उन्होंने कहा कि नाई (सैन) समाज का इतिहास गौरवशाली रहा है। यह समाज अपनी मेहनत, सेवा, समर्पण और सामाजिक सहभागिता के लिए सदैव जाना जाता रहा है तथा समाज निर्माण में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होंने युवाओं से उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा और कौशल विकास को अपनाने का आह्वान करते हुए कहा कि बदलते समय के अनुरूप स्वयं को तैयार करना ही सफलता की कुंजी है। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में बिहार विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है। शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली, जलापूर्ति, महिला सशक्तिकरण और सामाजिक न्याय के क्षेत्र में अनेक ऐतिहासिक कार्य किए गए हैं। सरकार समाज के सभी वर्गों के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है और अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाने की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है।

उन्होंने कहा कि सामाजिक सद्भाव, भाईचारे और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए सभी को समाज के विकास में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। समाज जितना अधिक संगठित होगा, विकास की गति उतनी ही तेज होगी और नई पीढ़ी के लिए बेहतर अवसर उपलब्ध होंगे।


BAYC Institute स्थापित 1972

बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज

गांधी सेतु लिंक पथ, बिस्कोमान कॉलोनी गोलम्बर के पूरब, पटना-7

नामांकन प्रारंभ | नियमित / पत्राचार कोर्स

भारत का पहला कॉलेज

डॉक्टर बनें

एक्युप्रेशर, योग, नेचुरोपैथी, इलेक्ट्रोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन



Proposed Green Campus in 60,000 Sq.Ft.

DIPLOMA COURSE

DAT Acupressure Therapy | DY Yoga | DEMS Electrohomeopathy Medicine

DAYS Acupressure Yoga | DHMS Herbal Medicine | DNYS Naturopathy Yoga

अवधि: 1 वर्ष | योग्यता : 10th | अवधि: 2 वर्ष | योग्यता : 10th

BACHELOR DEGREE COURSE

MBBA Acupressure & Magnet | BTMS Traditional Medicine | BEMS Electrohomeopathy Medicine

BAYS Acupressure Yoga | BAcu. Acupuncture | MBAS Medicine in ALT Science

अवधि: 3 वर्ष | योग्यता : 10+2 | अवधि: 4 ½ वर्ष | योग्यता : 10+2

MASTER DEGREE COURSE

MD (Acu Yoga) MD (TM) | MD (EH)

अवधि: 1 वर्ष | योग्यता : मेडिकल ग्रेजएट | अवधि: 2 वर्ष | योग्यता : BEMS

PROFESSIONAL COURSE

BLIS | MLIS | BBA | MBA

TRADITIONAL COURSE

MA (Yoga) | Yoga Teacher Course | BA | MA

100% रिजल्ट एवं रोजगार

Bihar State Govt. University & Central University UGC DEB MHRD Govt. of India Recognised

DIRECT ADMISSION | REGULAR CLASSES | ONLINE CLASSES | EXPERIENCED FACULTIES



डा. सर्वदेव प्रसाद गुप्त
अध्यक्ष

एक्युप्रेशर चिकित्सा की उत्तम व्यवस्था यथा गर्दन, कंधा, कमर, घुटना दर्द, गठिया, डायबिटिज आदि।

कॉलेज से उत्तीर्ण हजारों विद्यार्थी सरकारी संस्थानों, गैर सरकारी संस्थानों एवं निजी संस्थान खोलकर सेवा दे रहे हैं।



डा. अजय प्रकाश
सचिव

9572607696, 9304942855, 9334278279 Apply Online: www.bayc.in

Email: baycpatna@gmail.com | Website: www.indianacupressure.com


बिहार में मानसून ने पकड़ी रफ्तार : 72 घंटों में मानसून पूरे बिहार को अपनी चपेट में ले लेगा

# औरंगाबाद-बक्सर में चली तेज आंधी, सासाराम में झमाझम बारिश

**निज संवाददाता | पटना**



बिहार में दक्षिण-पश्चिम मानसून तेजी से आगे बढ़ रहा है और राज्य के कई हिस्सों में इसका असर साफ दिखाई देने लगा है। शनिवार को सासाराम में झमाझम बारिश हुई, जबकि औरंगाबाद और बक्सर में तेज आंधी के साथ मौसम का मिजाज बदल गया। कई स्थानों पर काले बादल छाए रहने से लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली। मौसम विभाग ने पूरे राज्य में बारिश और तेज हवा को लेकर अलर्ट जारी किया है। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) के अनुसार, राज्य के 20 जिलों में ऑरेंज अलर्ट और 18 जिलों में येलो अलर्ट जारी किया गया है। इन क्षेत्रों में 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने, गरज-चमक के साथ बारिश और कुछ स्थानों पर वज्रपात की आशंका है। लोगों को खराब मौसम के दौरान सतर्क रहने और अनावश्यक रूप से घर से बाहर नहीं निकलने की सलाह दी गई है।

मौसम विभाग का कहना है कि अगले 72 घंटों में मानसून पूरे बिहार को अपनी चपेट में ले लेगा। फिलहाल मानसून की उत्तरी सीमा मुजफ्फरपुर तक पहुंच चुकी है और इसके आगे बढ़ने के लिए परिस्थितियां अनुकूल बनी हुई हैं। अगले 24 घंटे के दौरान राज्य के 10 जिलों में भारी बारिश की संभावना जताई गई है। पिछले 24 घंटे के दौरान खगड़िया, सुपौल सहित कई जिलों में बादल छाए रहे। वहीं कैमूर राज्य का सबसे गर्म जिला रहा, जहां अधिकतम तापमान 39.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पटना का अधिकतम तापमान 35.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। हालांकि रात में चली ठंडी हवाओं से लोगों को गर्मी से काफी राहत मिली।

मौसम विभाग के अनुसार, 12 जून को मानसून ने राज्य के कई नए इलाकों में प्रवेश किया। वर्तमान में बिहार के 21 जिलों में मानसून पूरी तरह सक्रिय हो चुका है, जबकि पांच अन्य जिलों के कुछ हिस्सों में इसकी दस्तक हो चुकी है। विभाग का अनुमान है कि अगले दो से तीन दिनों में राज्य के शेष हिस्सों में भी मानसून पहुंच जाएगा, जिससे व्यापक स्तर पर बारिश का दौर शुरू होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### ताराकोल डैम में मिली अज्ञात युवती के शव की नहीं हो सकी पहचान

**कौआकोल।** थाना क्षेत्र स्थित ताराकोल डैम में गुरुवार को बरामद हुई एक अज्ञात युवती के शव की पहचान समाचार प्रेषण तक नहीं हो सकी है। घटना के बाद इलाके में तरह-तरह की चर्चाओं का माहौल बना हुआ है। इस संबंध में कौआकोल थानाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह ने बताया कि शव की शिनाख्त कराने के लिए उसे सुरक्षित रखा गया है,लेकिन अब तक उसकी पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस आसपास के क्षेत्रों में जानकारी जुटाने के साथ-साथ विभिन्न माध्यमों से शव की पहचान कराने का प्रयास कर रही है। उन्होंने बताया कि पुलिस मामले की हर पहलू से जांच कर रही है। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि युवती की मौत हत्या के कारण हुई है या आत्महत्या की वजह से। पोस्टमार्टम रिपोर्ट एवं जांच के बाद ही घटना के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा। पुलिस का कहना है कि मामले को गंभीरता से लिया गया है और सभी संभावित पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच आगे बढ़ाई जा रही है। शव की पहचान होने के बाद ही घटना से जुड़े कई महत्वपूर्ण तथ्यों का खुलासा हो सकेगा।

### ऑनलाइन कार्यशाला में शिक्षकों के नवाचार और सम्मान आवेदन प्रक्रिया पर गहन चर्चा

**कादिरगंज।** जिले के इंटर विद्यालय आती कादिरगंज में "सफल शिक्षक सहयोगात्मक प्रयास कार्यक्रम" के अंतर्गत एक ऑनलाइन कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला की अध्यक्षता शारीरिक शिक्षक संतोष कुमार वर्मा ने की। कार्यक्रम में बिहार के विभिन्न जिलों से दर्जनों शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने ऑनलाइन माध्यम से भाग लिया। कार्यशाला का मुख्य विषय शिक्षकों द्वारा किए जा रहे नवाचार, गतिविधि आधारित शिक्षण और उत्कृष्ट कार्यों को राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता दिलाने की प्रक्रिया पर केंद्रित रहा। इसमें यह विस्तार से बताया गया कि राजकीय शिक्षक सम्मान एवं राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान के लिए योग्य शिक्षक किस प्रकार आवेदन कर सकते हैं और चयन प्रक्रिया में किन बिंदुओं को ध्यान में रखा जाता है। कार्यशाला का उद्देश्य उन शिक्षकों को मार्गदर्शन देना था, जो विद्यालयों में बेहतर और नवाचार आधारित शिक्षण कार्य कर रहे हैं, लेकिन अब तक किसी सम्मान तक नहीं पहुँच पाए हैं। प्रतिभागियों को यह भी बताया गया कि वे किस प्रकार अपने कार्यों का दस्तावेजीकरण कर राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त कर सकते हैं। इस अवसर पर विभिन्न जिलों के सक्रिय शिक्षकों ने भाग लिया। गया जिले से गुड्डी कुमारी और मिथिलेश कुमार, जहानाबाद से रीता दयाल, नालंदा से प्रवीण कुमार, शेखपुरा से गोपाल प्रसाद, पटना से महेश कुमार एवं सोनी कुमारी, औरंगाबाद से अभय कुमार, रोहतास से विनय कुमार तथा नवादा से अंशु माला, अंकिता कुमारी, शिव कुमार और संजीत कुमार सहित कई अन्य शिक्षकों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। कार्यशाला के दौरान प्रतिभागियों ने अपने-अपने प्रश्न रखे और सम्मान प्रक्रिया, चयन मानदंड तथा आवेदन की तकनीकी प्रक्रिया पर विस्तृत चर्चा की गई। अंत में अध्यक्ष संतोष कुमार वर्मा ने सभी प्रतिभागियों को विस्तृत मार्गदर्शन प्रदान किया। कार्यक्रम को सभी प्रतिभागियों ने अत्यंत प्रभावी, उपयोगी और प्रेरणादायक बताया तथा इसे शिक्षकों के पेशेवर विकास के लिए एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में सराहा।

### भूमि विवाद निपटारे को लेकर जनता दरबार आयोजित, तीन मामलों में दो का हुआ निष्पादन



**कौआकोल।** भूमि विवाद से जुड़े मामलों के त्वरित निष्पादन के उद्देश्य से प्रत्येक शनिवार को आयोजित होने वाले साप्ताहिक जनता दरबार के तहत शनिवार को अंचल कार्यालय कौआकोल में जनता दरबार लगाया गया। इस दौरान कुल तीन मामले प्राप्त हुए, जिनमें से दो मामलों का मौके पर ही निष्पादन कर दिया गया, जबकि एक मामले में सुनवाई के लिए अगली तिथि निर्धारित की गई। जनता दरबार का आयोजन सीओ मनीष कुमार एवं थानाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह की संयुक्त अध्यक्षता में किया गया। मौके पर राजस्व अधिकारी अनीश कुमार, सभी राजस्व कर्मचारी तथा अन्य संबंधित कर्मी उपस्थित रहे।

### खोए मोबाइल पाकर खिले चेहरे, रजौली पुलिस के 'ऑपरेशन मुस्कान' ने लौटाईं खुशियां

**रजौली।** रजौली थाना क्षेत्र में पुलिस के मानवीय चेहरे और कार्यकुशलता की एक बेहद सुखद तस्वीर सामने आई है, जहां 'ऑपरेशन मुस्कान' के तहत दो स्थानीय नागरिकों को उनके गुम हो चुके कीमती मोबाइल फोन वापस सौंपकर उनके चेहरों पर खोई हुई रौनक लौटा दी गई। थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर रणजीत कुमार के कुशल नेतृत्व में चलाई जा रही इस विशेष मुहिम के तहत शनिवार को थाना परिसर में एक सादे कार्यक्रम के दौरान दोनों पीड़ितों को उनके मोबाइल वापस किए गए। मोबाइल पाने वालों में रजौली थाने के ही अंधरवारी गांव निवासी मिंटू पासवान की पत्नी रीना देवी और सिमरकोल गांव निवासी योगेंद्र मिस्त्री के पुत्र गुलशन कुमार शामिल हैं, जो अपने खोए हुए फोन को दोबारा पाकर बेहद भावुक और खुश नजर आए। आधुनिक दौर में मोबाइल सिर्फ एक उपकरण नहीं बल्कि आम जनजीवन की आवश्यक कड़ी बन चुका है, ऐसे में इसके खो जाने से नागरिकों को होने वाली मानसिक और आर्थिक परेशानी को समझते हुए रजौली पुलिस ने तकनीकी अनुसंधान और त्वरित कार्रवाई के बल पर इन फोनों को ढूंढ निकाला। इंस्पेक्टर रणजीत कुमार के इस सराहनीय और संवेदनशीलता से भरे प्रयास की पूरे इलाके में जमकर तारीफ हो रही है, क्योंकि पुलिस की इस मुस्तैदी ने न केवल खोई हुई वस्तु को उसके असली हकदार तक पहुंचाया है बल्कि आम जनता के बीच खाकी के प्रति विश्वास और सम्मान को भी एक नई मजबूती दी है।



प्राप्त मोबाइल के साथ पिड़ित के साथ पुलिस पदाधिकारी

# डीएम ने किया उद्योग वार्ता आयोजित, उद्यमियों की समस्याओं के समाधान एवं औद्योगिक विकास पर हुई विस्तृत चर्चा

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**नवादा।** जिलाधिकारी, नवादा रवि प्रकाश की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में उद्योग वार्ता का आयोजन किया गया। बैठक का मुख्य उद्देश्य जिले में औद्योगिक विकास को प्रोत्साहित करना, निवेश के अनुकूल वातावरण तैयार करना तथा उद्यमियों द्वारा उद्योग संचालन एवं स्थापना में आ रही समस्याओं की जानकारी प्राप्त कर उनके समाधान हेतु आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करना था। बैठक के दौरान जिले में औद्योगिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करने, निवेश को बढ़ावा देने तथा उद्यमियों को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। विशेष रूप से बिहार औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन नीति, 2025 (BIIPP-2025) के तहत उपलब्ध अनुदान, प्रोत्साहन एवं अन्य सुविधाओं के संबंध में उद्यमियों को अवगत कराया गया। साथ ही जिले में औद्योगिक क्षेत्र के विकास, आधारभूत संरचना के सुदृढ़ीकरण तथा निवेश आकर्षित करने के उपायों पर विस्तार से चर्चा की गई।

उद्योग वार्ता के क्रम में उद्यमियों द्वारा विद्युत आपूर्ति, भूमि उपलब्धता एवं अन्य आधारभूत सुविधाओं से संबंधित समस्याओं को जिला पदाधिकारी के समक्ष रखा गया। जिला पदाधिकारी ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि वे इन समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करें तथा उद्योगों के संचालन में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न होने दें।इसी क्रम में बियाडा औद्योगिक क्षेत्र में जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने की समस्या का उल्लेख वहां के उद्यमियों द्वारा किया गया। इस पर क्षेत्रीय प्रबंधक (एरिया मैनेजर) द्वारा जानकारी दी गई कि संबंधित योजना की निविदा प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है, किन्तु मुख्यालय द्वारा अभी तक कार्यादेश निर्गत नहीं किया गया है।जिला पदाधिकारी के द्वारा बियाडा मुख्यालय से समन्वय



स्थापित कर शीघ्र कार्यादेश निर्गत कराने का निर्देश दिया गया।

बैठक के दौरान प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (PMEGP) के अंतर्गत ऋण आवेदन अस्वीकृत होने के मामलों को भी उद्यमियों द्वारा उठाया गया। इस पर जिलाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों एवं बैंक प्रतिनिधियों को ऐसे मामलों की समीक्षा कर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि जिले के औद्योगिक विकास के लिए उद्यमियों को बेहतर वातावरण उपलब्ध कराना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देश दिया कि औद्योगिक क्षेत्रों में निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए तथा अनावश्यक रूप से विद्युत आपूर्ति बाधित नहीं हो। उन्होंने कहा कि औद्योगिक इकाइयों के सुचारु संचालन के लिए मजबूत विद्युत व्यवस्था आवश्यक है, इसलिए औद्योगिक क्षेत्रों की विद्युत अधोसंरचना को और अधिक सुदृढ़ बनाया जाए।

उन्होंने मुख्यमंत्री उद्यमी योजना सहित राज्य एवं केंद्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न औद्योगिक एवं स्वरोजगार योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुरूप अधिक से अधिक उद्योगों की स्थापना को बढ़ावा दिया जाए। उन्होंने कहा कि नए उद्योग स्थापित करने वाले अथवा पूर्व से संचालित उद्योगों से जुड़े उद्यमियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए जिला प्रशासन हरसंभव सहयोग प्रदान करेगा। इसके अतिरिक्त, जिले में उत्पादों के विपणन एवं ब्रांडिंग को बढ़ावा देने हेतु आधुनिक मार्केटिंग प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराने तथा स्थानीय उत्पादों के लिए नए बाजार विकसित करने की आवश्यकता पर भी बल दिया गया। जिला पदाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि उद्यमियों को हरसंभव सहायता प्रदान की जाए तथा सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाया जाए।

बैठक में जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को उद्यमियों की समस्याओं का त्वरित एवं समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया, ताकि जिले में उद्योगों के अनुकूल वातावरण का निर्माण हो तथा रोजगार सृजन एवं आर्थिक विकास को नई गति मिल सके। बैठक में अपर समाहर्ता, नवादा, गोपनीय शाखा प्रभारी, महाप्रबंधक जिला उद्योग केन्द्र, नवादा, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद, नवादा, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद, हिसुआ, कार्यपालक अभियंता विद्युत आपूर्ति प्रमंडल, नवादा, उप महाप्रबंधक बियाडा सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी, बैंक प्रतिनिधि एवं उद्यमी उपस्थित थे।

## टोल प्लाजा के समीप स्कूल संचालक पर हुए जानलेवा हमले का तीसरा आरोपी गिरफ्तार, न्यायिक हिरासत में भेजा गया

**पांच लोग प्राथमिक अभियुक्त,दो को पुलिस पहले कर चुकी है गिरफ्तार**

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**रजौली।** रजौली थाना क्षेत्र के एनएच-20 पर टोल प्लाजा के समीप अदलबिगहा मोड़ पर बीते 16 मई की रात्रि लगभग 8:30 बजे कुछ लोगों ने चाय पी रहे गोकुल स्कूल संचालक और उसके दोस्त पर जानलेवा हमला करने वाले तीसरे आरोपी को पुलिस बलों ने गुप्त सूचना के आलोक में शुक्रवार की रात्रि को गिरफ्तार किया है एवं शनिवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। 16 मई की रात्रि हुए हमले में स्कूल संचालक मुरहेना गांव निवासी उमेश कुमार के पुत्र उत्पल कुमार और भूपतपुर गांव निवासी सुनील प्रसाद के पुत्र प्रिंस कुमार गम्भीर रूप से घायल हो गए थे। घायल उत्पल कुमार के सिर में सात जगहों पर धारदार हथियार से हमला कर गम्भीर रूप से जख्मी कर दिया गया था, घायल के सिर में दो दर्जन से अधिक टांके पड़े थे। वहीं घायल प्रिंस कुमार के कान के पीछे एवं शरीर में चाकू



थाना परिसर से जेल जाता गिरफ्तार युवक

से हमले का जख्म था। मारपीट के दौरान उपद्रवियों ने उत्पल के गले में रहे सोने के चैन एवं एक मोबाइल की छिनतई कर ली और मौके से भाग खड़े हुए थे।

इस जानलेवा हमले में पीड़ित उत्पल के पिता उमेश कुमार ने पांच लोगों को नामजद करते हुए प्राथमिकी दर्ज करवाई थी। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत भेज चुकी है। इस संबंध में थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर रणजीत कुमार ने बताया कि बीते शुक्रवार की रात्रि गुप्त सूचना के आलोक में नमाजद आरोपी हिसुआ थाना क्षेत्र के मुड़कटवा गांव निवासी जितेंद्र यादव के पुत्र रवि शंकर कुमार पुलिस बलों के सहयोग से गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार युवक को शनिवार को मेडिकल जांच के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस अन्य आरोपियों रजौली थाना क्षेत्र के गंगा बिगहा गांव निवासी दिलीप यादव के पुत्र प्रदीप कुमार उर्फ पाकुम एवं माधो रामपुर गांव निवासी विंदा यादव के पुत्र नीतीश कुमार की गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी कर रही है।

## मकनपुर गावं से IIT खड़गपुर की उड़ान : GATE में सफलता के बाद IIT खड़गपुर में M.Tech के लिये प्रिंस का चयन

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**वारिसलीगंज।** शिक्षा और मेहनत के संगम से जब कोई विद्यार्थी अपनी पहचान बनाता है, तो वह कहानी केवल व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं रहती, बल्कि हजारों युवाओं के लिए प्रेरणा बन जाती है। वैसी ही सफलता प्रिंस कुमार ने हासिल की है, जिन्होंने अपने दृढ़ संकल्प, निरंतर परिश्रम और उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन के बल पर इंजीनियरिंग शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण मुकाम हासिल किया है।वारिसलीगंज प्रखंड अंतर्गत मकनपुर निवासी योगेंद्र सिँह के पौत्र एवं बब्लू कुमार के पुत्र

प्रिंस कुमार ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा वारिसलीगंज से पूरी की, जहाँ उन्होंने मैट्रिकुलेशन परीक्षा में 93.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। इसके बाद उन्होंने तकनीकी शिक्षा की दिशा में कदम बढ़ाते हुए गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक, गया से डिप्लोमा किया, जिसमें उन्होंने



8.84 CGPA हासिल किया। आगे चलकर उन्होंने चौधरी देवी लाल स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी से B.Tech की पढ़ाई पूरी की और 8.89 CGPA प्राप्त कर अपनी शैक्षणिक निरंतरता को बनाए रखा।शैक्षणिक यात्रा केवल अंकों तक सीमित नहीं रही, बल्कि तकनीकी समझ, अनुशासन और लक्ष्य के प्रति समर्पण का उदाहरण भी रही है। इसी मेहनत का परिणाम रहा कि उन्होंने प्रतिष्ठित GATE परीक्षा 2026 में सफलता प्राप्त की।

GATE जैसी कठिन राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा में सफलता प्राप्त करना किसी भी इंजीनियरिंग छात्र के लिए एक बड़ी उपलब्धि मानी जाती है। इस परीक्षा में सफलता के बाद प्रिंस कुमार का चयन देश के प्रतिष्ठित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (IIT) खड़गपुर में M.Tech प्रोग्राम के लिए हुआ है। उन्हें Infrastructure Design & Management जैसे महत्वपूर्ण और उन्नत विषय में प्रवेश मिला है, जो भविष्य में देश के बुनियादी ढांचे और तकनीकी विकास से जुड़ा हुआ क्षेत्र है। प्रिंस कुमार की यह उपलब्धि न केवल उनके परिवार और संस्थान के लिए गर्व का विषय है, बल्कि यह उन सभी छात्रों के लिए एक प्रेरणास्रोत है जो सीमित संसाधनों के बावजूद बड़े सपने देखते हैं। उनकी यह सफलता यह संदेश देती है कि लगन, निरंतर अभ्यास और आत्मविश्वास के साथ कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है। स्थानीय शिक्षा जगत में उनकी इस उपलब्धि की व्यापक सराहना की जा रही है और उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दी जा रही हैं।

## कौआकोल में शांति समिति की बैठक आयोजित

# मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**नवादा।** कौआकोल थाना अंतर्गत पहाड़पुर कर्बला एवं कब्रिस्तान में रास्ते को लेकर दो समुदायों के बीच उत्पन्न विवाद तथा आगामी मुहर्रम पर्व के मद्देनजर क्षेत्र में शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने के उद्देश्य से आज दिनांक 13.06.2026 को अनुमंडल पदाधिकारी, नवादा सदर,श्री अमित अनुराग द्वारा कौआकोल थाना परिसर में दोनों समुदायों के प्रतिनिधियों के साथ शांति समिति की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में दोनों पक्षों की बातों को गंभीरतापूर्वक सुना गया तथा आपसी संवाद, सहयोग एवं समन्वय के माध्यम से समस्या के समाधान पर



विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी ने उपस्थित लोगों से क्षेत्र में सौहार्द, भाईचारा एवं विधि-व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करने की अपील की। उन्होंने आश्वस्त किया कि संबंधित मामले में आवश्यक कार्रवाई करते हुए सभी उचित कदम उठाए जाएंगे, ताकि क्षेत्र में शांति एवं सद्भाव का वातावरण कायम रहे तथा आगामी पर्व-त्योहार शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सकें।

बैठक के उपरांत अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सहित अन्य पदाधिकारियों द्वारा पहाड़पुर स्थित कर्बला एवं कब्रिस्तान का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा कर्बला के समीप स्थित आई.टी. कॉलेज, कौआकोल के भवन में कर्बला की ओर सीसीटीवी कैमरा लगाने हेतु अंचल अधिकारी एवं थानाध्यक्ष, कौआकोल को निर्देशित किया गया, ताकि असामाजिक तत्वों एवं सौहार्द बिगाड़ने वाले व्यक्तियों की गतिविधियों पर सतत निगरानी रखी जा सके। इस अवसर पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, पकरीबरावां, प्रखंड विकास पदाधिकारी, कौआकोल, अंचल अधिकारी, कौआकोल, थानाध्यक्ष, कौआकोल, दोनों समुदायों के प्रतिनिधिगण, शांति समिति के सदस्य एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## 24 घण्टे के भीतर पुलिस ने नकदी समेत विधि विरुद्ध बालक़ को किया निरुद्ध

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**वारिसलीगंज:** वारिसलीगंज थाना क्षेत्र के एसएच 83 पथ किनारे अवस्थित मिल्की गांव में बुधवार की मध्य रात को अपना ज्वेलर्स में घटित चोरी की घटना का उद्भेदन पुलिस ने 24 घंटे के भीतर करते हुए दो विधि विरुद्ध बालक चोर को निरुद्ध किया,साथ ही 60 हज़ार रूपये भी बरामद कर लिया है। बता की मिल्की स्थित धीरज कुमार वर्मा के ज्वेलरी दुकान से दो बाल चोर ने 100 ग्राम पुराना चांदी का जेवरात तथा 50000/- रुपये की चोरी कर लिया था। घटना बाद पीड़ित की लिखित शिकायत पर त्वरित जांच एवं कार्रवाई करते हुए वारिसलीगंज पुलिस ने 24 घंटे के भीतर दो बाल चोर को निरुद्ध करते हुए चोरी की राशि सहित 60 हज़ार नकदी बरामद कर लिया है। इस बाबत आयोजित प्रेसवार्ता में एसआई अखिलेश्वर सिंह ने बताया कि चोरी की घटना में शामिल दोनों विधि



बरामद राशि के साथ प्रेसवार्ता में पुलिस अधिकारी।

विरुद्ध को निरुद्ध किया गया। जिसके पास से 60 हज़ार रुपये भी बरामद हुए है। बताया गया कि पुलिस दुकान में लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर दोनो चोर तक पहुंची। बता दें कि मिल्की गांव स्थित अस्पताल परिसर में खाना वदोस जीवन व्यतीत करने वाले लोग टेंट लगा कर रह रहे है। जिनके साथ रहे बच्चों ने इस घटना को अंजाम दिया था। घटना के उद्भेदन करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष पंकज कुमार सैनी के निर्देश पर अपर थानाध्यक्ष एसआई अखिलेश्वर सिंह, सुशील कुमार तथा पीएसआई मनोज कुमार राय शामिल रहे।

# मुहर्रम पर्व को लेकर कौआकोल थाना परिसर में शांति समिति की बैठक

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**शांतिपूर्ण माहौल में लोगों से त्योहार मनाने की अपील**



**कौआकोल।** आगामी मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर शनिवार को कौआकोल थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सदर एसडीओ अमित अनुराग ने की। बैठक में प्रशासनिक अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों तथा हिन्दू-मुस्लिम समुदाय के दर्जनों गणमान्य लोगों ने भाग लिया। बैठक को संबोधित करते हुए सदर एसडीओ अमित अनुराग ने कहा कि मुहर्रम आस्था और परंपरा का पर्व है,जिसे आपसी भाईचारे और शांति के साथ मनाना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि पर्व के दौरान किसी भी प्रकार की अफवाह या भ्रामक सूचना पर ध्यान नहीं दें। यदि कोई व्यक्ति माहौल बिगाड़ने या गलत सूचना फैलाने का प्रयास करता है तो इसकी सूचना तुरंत प्रशासन को दें। इस मौके पर पकरीबरावां एसडीपीओ सुजय विद्यार्थी सुजय विद्यार्थी ने कहा कि सोशल मीडिया के इस दौर में कई बार अफवाहें तेजी से फैलती हैं,इसलिए बिना सत्यापन किसी भी संदेश को आगे साझा नहीं करें। उन्होंने कहा कि शांति व्यवस्था भंग करने वालों पर प्रशासन की कड़ी नजर रहेगी और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। कौआकोल बीडीओ डॉ. अखिलेश कुमार ने कहा कि प्रशासन का उद्देश्य सभी समुदायों के सहयोग से त्योहार को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराना है। वहीं कौआकोल सीओ मनीष कुमार ने लोगों से प्रशासन के दिशा-निर्देशों का पालन करने की अपील की।कौआकोल थानाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह ने कहा कि पर्व के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक इंतजाम किए जाएंगे। संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी तथा किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए पुलिस लगातार सक्रिय रहेगी। बैठक में मौजूद जनप्रतिनिधियों एवं दोनों समुदायों के लोगों ने प्रशासन को भरोसा दिलाया कि कौआकोल क्षेत्र में हमेशा की तरह इस बार भी मुहर्रम पर्व आपसी सौहार्द,भाईचारे और शांति के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर अन्य प्रशासनिक अधिकारी,पुलिसकर्मी तथा कई स्थानीय गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## विधायक विमल राजवंशी ने नवादा के रजौली में बांटीं बकरियां, 40 अनुसूचित जाति के परिवारों को मिला स्वरोजगार का सहयोग

**राज्य योजना के तहत पशुपालन विभाग और जीविका के सहयोग से आत्मनिर्भरता की ओर बढ़े ग्रामीण कदम**

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**रजौली।** रजौली प्रखंड में शनिवार को राज्य योजनांतर्गत समेकित बकरी एवं भेड़ विकास योजना के तहत एक विशेष वितरण समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें स्थानीय विधायक विमल राजवंशी ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करते हुए क्षेत्र के 40 अनुसूचित जाति के लाभुकों के बीच कुल 120 बकरियों का वितरण किया। ग्रामीण परिवारों की आय में वृद्धि करने और स्वरोजगार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में प्रत्येक लाभुक को तीन-तीन बकरियां प्रदान की गईं, जिससे उनके चेहरों पर मुस्कान बिखर गई और उन्होंने इस कल्याणकारी पहल के लिए सरकार व पशुपालन विभाग के प्रति गहरा आभार व्यक्त किया।




गरीब परिवार को बकरियां देते बिधायक व पदाधिकारीगण

समारोह के दौरान उपस्थित जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ. दीपक कुमार कुशवाहा ने जहां ग्रामीणों को वैज्ञानिक तरीके से पशुपालन करने के गुर सिखाए, वहीं जिला नोडल पदाधिकारी डॉ. जे. के. दीपक ने विभाग द्वारा मिलने वाली अन्य सरकारी सुविधाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस मौके पर रजौली के भ्रमणशील पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. रेषु कुमार और अंधरवारी के डॉ. अभय कुमार ने भी लाभुकों को पशुओं के स्वास्थ्य प्रबंधन, नियमित टीकाकरण और उचित पोषण से जुड़ी बेहद महत्वपूर्ण एवं तकनीकी जानकारियां दीं, ताकि वे अपने मवेशियों की बेहतर देखरेख कर सकें। जीविका रजौली के बीपीएम मनीष कुमार और एरिया कोऑर्डिनेटर चंदन कुमार की देखरेख में संपन्न हुए इस गरिमामयी कार्यक्रम में पशुपालन विभाग और जीविका के तमाम पदाधिकारियों के साथ-साथ बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे, जिन्होंने इस योजना को क्षेत्र के आर्थिक सुदृढ़ीकरण और आत्मनिर्भरता की दिशा में एक बेहद सराहनीय कदम बताया।

## संक्षिप्त समाचार

### गयाजी में उर्जा विभाग के लिए सिरदर्द बना नया सॉफ्टवेयर



**गयाजी।** गयाजी में ऊर्जा विभाग की ओर से उपभोक्ताओं की सहूलियत के लिए लाया गया नया रेवेन्यू मैनेजमेंट सिस्टम सॉफ्टवेयर अब खुद विभाग और जनता के लिए बड़ा सिरदर्द बन चुका है। दावों के उलट, इस नए डिजिटल सिस्टम की तकनीकी खामियों ने पूरे सूबे की विद्युत सेवा व्यवस्था को वेंटिलेटर पर ला दिया है। स्थिति इतनी गंभीर हो चुकी है कि अब सत्ताधारी दल के नेताओं को ही अपनी सरकार के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए मुख्यमंत्री को 'त्राहिमाम संदेश' भेजना पड़ा है। भाजपा (गया जी पूर्वी) के जिला उपाध्यक्ष और भारत सरकार के पशु कल्याण बोर्ड के मानद प्रतिनिधि विकास कुमार ने मुख्यमंत्री को ई-मेल भेजकर इस मामले में तुरंत दखल देने की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि इस तकनीकी गड़बड़ी को जल्द ठीक नहीं किया गया तो केंद्र और राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं को नुकसान पहुंचेगा और सरकार की छवि भी धूमिल होगी। विभागीय सूत्रों और प्राप्त जानकारी के अनुसार, बिजली कंपनियों (SBPDCL और NBPDCL) में डेटा प्रबंधन को आधुनिक बनाने के लिए 'आरएमएस टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड' का नया सॉफ्टवेयर लागू किया गया था। इसके लिए मई के पहले हफ्ते से 24 मई 2026 तक पुराने सॉफ्टवेयर से नए में डेटा ट्रांसफर का काम चला। 25 मई से नए सिस्टम पर काम शुरू तो हुआ लेकिन शुरुआत में ही यह हांफने लगा। अधिकारियों और कर्मचारियों का कहना है कि सॉफ्टवेयर बार-बार हैंग हो जाता है और स्क्रीन पर सिर्फ 'लोडिंग' का गोल गोल पहिया घूमता रहता है। कंपनी को लगातार शिकायतें भेजने के बाद भी कोई संतोषजनक समाधान अब तक नहीं मिल रहा है।

इस तकनीकी विफलता का सबसे बड़ा झटका प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ड्रीम प्रोजेक्ट प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को लगा है। नेट मीटरिंग ठप हो गया है जिन उपभोक्ताओं ने अपने घरों में सोलर प्लांट लगवा लिए हैं, नए सॉफ्टवेयर की खराबी के कारण उनकी नेट मीटरिंग' (बिजली की खरीद-बिक्री का हिसाब रखने वाला मीटर) की प्रक्रिया पूरी तरह ठप है। यहीं नहीं जिन उपभोक्ताओं ने लोड बढ़ाने के लिए आवेदन किया है। उनके आवेदन फाइलों में ही दबे हैं। इसके अलावा नए कनेक्शन पर एक तरह से ब्रेक लगा है। नए बिजली कनेक्शन, नाम-पता सुधारने जैसी बुनियादी ऑनलाइन सेवाएं पूरी तरह पटरी से उतर चुकी हैं। विकास कुमार का कहना है कि हैरानी की बात है कि नए सॉफ्टवेयर को लेकर न तो इंजीनियरों को ठीक से ट्रेनिंग दी गई और न ही लाइन स्टाफ को। नतीजा यह है कि हर दिन बिजली विभाग व जनप्रतिनिधियों के चक्कर काट रहे हैं और संबंधित अधिकारी सिस्टम के आगे खुद को असहाय पा रहे हैं।

मामले की गंभीरता को देखते हुए विकास कुमार ने मुख्यमंत्री से इस पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच कराने और तत्काल राहत देने के लिए कदम उठाने की मांग की है। उनके मांग पत्र में मुख्य रूप से सभी प्रभावित विद्युत कार्यालयों का तुरंत तकनीकी ऑडिट कराया जाए। इंजीनियरों और तकनीकी कर्मियों के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित हो। लंबित लोड वृद्धि और नेट मीटरिंग के आवेदनों को निपटाने के लिए विशेष अभियान चले। RMS कंपनी के काम की समीक्षा हो और लापरवाही पर कार्रवाई की जाए। शिकायतों के त्वरित निपटारे के लिए राज्यस्तरीय हेल्प डेस्क और कंट्रोल रूम बने। यह मामला सिर्फ मुख्यमंत्री दफ्तर तक ही सीमित नहीं है। मामले की गंभीरता को देखते हुए इस त्राहिमाम संदेश की कॉपियां बिहार के ऊर्जा मंत्री, भारत सरकार के नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय, पीएम सूर्य घर योजना के वरिष्ठ वैज्ञानिक, दोनों बिजली कंपनियों के एमडी और गया के डीएम को भी भेजी गई हैं। अब देखना यह है कि डिजिटल इंडिया के दौर में रेंग रहे इस सिस्टम को सरकार कब तक दुरुस्त कर पाती है।

### जुर्माना नहीं भरा तो गाड़ियां होंगी ब्लैकलिस्ट

**नालंदा।** यातायात नियमों का उल्लंघन करने के बाद भी जुर्माना राशि जमा करने में लापरवाही बरतने वाले वाहन मालिकों की मुश्किलें अब बढ़ने वाली हैं। परिवहन विभाग ने ऐसे वाहन मालिकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का निर्णय लिया है, जिन्होंने अब तक ई-चालान की राशि का भुगतान नहीं किया है। विभाग की ओर से जारी निर्देश के अनुसार, यदि कोई वाहन मालिक छह महीने की निर्धारित समय-सीमा के भीतर बकाया जुर्माना राशि जमा नहीं करता है, तो संबंधित वाहन को 'ब्लैक लिस्टेड' कर दिया जाएगा। साथ ही, वाहन के रजिस्ट्रेशन नंबर और संबंधित व्यक्ति के ड्राइविंग लाइसेंस को रद्द करने की प्रक्रिया भी शुरू की जाएगी।

जिला परिवहन पदाधिकारी रंजीत कुमार ने बताया कि ई-चालान व्यवस्था लागू होने के बावजूद वाहन चालक इसे गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। अक्सर लोग केवल तभी जुर्माने की राशि का भुगतान करते हैं जब उन्हें अपने वाहनों के कागजात अपडेट करने की अनिवार्य आवश्यकता पड़ती है। इस प्रवृति को देखते हुए परिवहन विभाग ने अब एक सख्त नीति अपनाई है। विभाग ने उन सभी वाहनों की सूची तैयार कर ली है जिन पर तीन महीने पहले तक का जुर्माना बकाया है। आंकड़ों के अनुसार, जिले में फिलहाल 6,512 वाहन ऐसे हैं जिन पर कुल 13 करोड़ 55 लाख 69 हजार 955 रुपए का जुर्माना बकाया है।

वाहन के ब्लैक लिस्टेड होने के बाद संबंधित मालिकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। ऐसे वाहनों के कागजात अपडेट नहीं हो पाएंगे और न ही वे अपने वाहन को किसी दूसरे व्यक्ति को बेच सकेंगे। विभाग का स्पष्ट संदेश है कि यातायात नियमों का उल्लंघन करना अब महंगा साबित होगा। नियमों के तहत बिना लाइसेंस गाड़ी चलाने पर 5,000 रुपए, शराब पीकर गाड़ी चलाने पर 10,000 रुपए का जुर्माना या छह महीने तक की जेल का प्रावधान है। तेज गति के लिए 1,000 से 2,000 रुपए, बिना सीट बेल्ट या हेलमेट के गाड़ी चलाने पर 1,000 रुपए, रेड लाइट जंप करने पर 1,000 से 5,000 रुपए और गाड़ी चलाते समय मोबाइल फोन के इस्तेमाल पर 5,000 रुपए का जुर्माना तय है। इसके अलावा, खतरनाक तरीके से गाड़ी चलाने पर 5,000 रुपए और एंबुलेंस जैसे आपातकालीन वाहनों को रास्ता न देने पर 10,000 रुपए तक का जुर्माना वसूला जाएगा। ओवरलोडिंग के मामलों में भी नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# नौ प्रखंडों में शुरू होंगे नए डिग्री कॉलेज, डीएम ने बुनियादी ढांचा दुरुस्त करने का दिया निर्देश

## सात निश्चय-3 के तहत शुरुआत

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**नालन्दा।** राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना 'सात निश्चय-3' के अंतर्गत उच्च शिक्षा के विस्तार और ग्रामीण क्षेत्रों के छात्र-छात्राओं को उनके घर के पास ही गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध कराने की कवायद तेज हो गई है। वित्तीय वर्ष 2026-27 में "उन्नत शिक्षा-उज्ज्वल भविष्य" के चतुर्थ निश्चय के तहत नालंदा जिले के नौ अलग-अलग प्रखंडों में नए डिग्री महाविद्यालयों के संचालन की प्रक्रिया को गति देने के लिए शनिवार को एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। कलेक्ट्रेट में जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में संबंधित विभागीय पदाधिकारियों और चयनित संस्थानों के प्रधानाध्यापकों को कई कड़े दिशा-निर्देश जारी किए गए।

**आधारभूत संरचनाओं का विकास सबसे जरूरी कदम:** बैठक को संबोधित करते हुए जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार ने कहा कि ग्रामीण इलाकों के विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके लिए उन्होंने सभी चिन्हित महाविद्यालयों के संचालन को पूरी तरह समयबद्ध और व्यवस्थित रूप से सुनिश्चित करने पर बल दिया। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि इन डिग्री कॉलेजों के सफल संचालन के लिए आधारभूत संरचनाओं का विकास सबसे जरूरी कदम है, जिसे बिना किसी देरी के पूरा किया जाना चाहिए। इस महत्वाकांक्षी योजना के तहत जिले के नौ प्रखंडों में जिन शैक्षणिक संस्थानों को डिग्री कॉलेज के संचालन के लिए चिन्हित किया गया है, उनमें रहुई प्रखंड का श्री बालेश्वर प्रसाद प्लस टू उच्च विद्यालय पतासंग और नूरसराय प्रखंड का उच्च विद्यालय नूरसराय





शामिल हैं। इसके साथ ही बिंद प्रखंड के मध्य विद्यालय उत्तरथू, नगरनौसा प्रखंड के मगध विद्यापीठ उच्च विद्यालय लोदीपुर-उस्मानपुर, कतरीसराय प्रखंड के टेकनारायण प्लस टू उच्च विद्यालय बादी और थरथरी प्रखंड के मध्य विद्यालय भतहर को भी इस सूची में जगह दी गई है। वहीं, करायपरशुराय प्रखंड के मध्य विद्यालय मखदुमपुर, परवलपुर प्रखंड के मध्य विद्यालय नेहुआपर और सरमेरा प्रखंड के गोपालबाद-प्राणवा स्थित पीएम श्री उच्च विद्यालय में भी डिग्री कॉलेज की कक्षाएं संचालित की जाएंगी। जिलाधिकारी ने इन सभी चिन्हित संस्थानों में पहले से उपलब्ध भवनों, क्लासरूम और अन्य बुनियादी सुविधाओं की वर्तमान स्थिति का बारीकी से आकलन करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि कॉलेजों के स्वरूप के अनुकूल भवनों की मरम्मत, आवश्यक नए निर्माण और परिसर के सौंदर्यीकरण का काम युद्ध स्तर पर शुरू किया जाए और इसे एक तय समयसीमा के भीतर ही पूरा कर लिया जाए।

**बिजली की सुचारु आपूर्ति जैसी काम प्राथमिकता:** समीक्षा के दौरान डीएम ने विशेष रूप से निर्देश दिया कि छात्र और छात्राओं की सुविधा के लिए कॉलेजों में अलग-अलग और सुसज्जित टॉयलेट का निर्माण कराया जाए। इसके अलावा परिसर में स्वच्छ पेयजल की मुकम्मल व्यवस्था, बिजली की सुचारु आपूर्ति, भवनों का रंग-रोगन और नियमित साफ-सफाई जैसे काम को प्राथमिकता की सूची में शीर्ष पर रखने को कहा गया है। जिलाधिकारी ने यह भी जोड़ा कि पठन-पठन की गतिविधियों को सुचारु रूप से चलाने के लिए आवश्यक फर्नीचर, स्टेशनरी सामग्री और अन्य जरूरी शैक्षणिक उपकरणों की उपलब्धता समय से पहले सुनिश्चित कर ली जाए, ताकि छात्रों को एक सुरक्षित और अनुकरणीय शैक्षणिक माहौल मिल सके। इस महत्वपूर्ण बैठक में नगर आयुक्त, अपर समाहर्ता, प्रभारी उप विकास आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी, वरीय कोषागार पदाधिकारी और जिला शिक्षा पदाधिकारी समेत विभिन्न कार्यपालक विभागों के तकनीकी अधिकारी और सभी संबंधित विद्यालयों के प्रधानाध्यापक मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# गांव के दबंगों पर रंगदारी मांगने का आरोप हादसे की शिकार हुई 4 महीने की प्रेग्नेंट

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**गया।** गयाजी के बुनियादगंज में थाना क्षेत्र में विकास कार्य के दौरान बड़ी लापरवाही और दबंगई के कारण एक गर्भवती महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना भेड़िया खुर्द महादलित टोला गांव की है। बताया जा रहा है कि गांव जल जीवन हरियाली योजना के तहत लघु सिंचाई विभाग द्वारा पोखर (तालाब) के जीर्णोद्धार और मिट्टी उढ़ाई का कार्य चल रहा था। इसी दौरान जेसीबी ऑपरेटर और मुंशी की लापरवाही के कारण एक भारी भरकम ताड़ का पेड़ महादलित परिवार के मकान पर गिरा दिया गया। इस हादसे में ननौक निवासी सजीवन दास की 40 वर्षीय पुत्री मनी देवी गंभीर रूप से घायल हो गई, जिनका एक पैर बुरी तरह टूट गया है। परिजनों के अनुसार, पीड़ित महिला चार महीने की गर्भवती है।



**20-20 हजार रुपए की रंगदारी नहीं देने पर घर तोड़ने की धमकी:** घटना के पीछे का विवाद बेहद गंभीर है। ग्रामीणों और पीड़ित परिवार का आरोप है कि ठेकेदार के मुंशी और गांव के कुछ दबंगों (भोली सिंह और मंटू सिंह) द्वारा महादलित परिवारों से जबरन प्रति मकान 20,000 रुपये की रंगदारी मांगी जा रही थी। दबंगों का कहना था कि यदि पैसे नहीं दिए गए तो पोखर किनारे बने उनके मकानों को जेसीबी से तोड़ दिया जाएगा। जब महादलित परिवारों ने इतनी बड़ी रकम देने में असमर्थता जताई, तो उनके साथ दुर्व्यवहार किया गया और सबक सिखाने की नीयत से लापरवाही पूर्वक पेड़ को मकान की तरफ गिरा दिया गया। घायल प्रेग्नेंट महिला सुनैना देवी का आरोप है कि भोली सिंह और मंटू सिंह हमसे कह रहे थे कि 20 हजार दो, नहीं तो सबका घर तोड़ देंगे और जिंदगी बेकार कर देंगे। हमने कहा कि हमारे पास इतने पैसे नहीं हैं, हम 5000 दे सकते हैं, लेकिन वे नहीं माने। उन्होंने धमकी दी कि जो भी बीच में आएगा, वह मारा जाएगा। पैसा नहीं देने के कारण ही उन्होंने जानबूझकर हमारे घर पर पेड़ गिराया और मनी देवी का पैर टूट गया।

**पैसे नहीं दिए तो मकान पर जबरन गिराने लगे पेड़:** गांव की महिला शारदा देवी का कहना है कि दबंगों ने साफ कहा था कि जिसका भी घर इस तरफ है अगर उसे बचाना है तो बीस-बीस हजार रुपये देने होंगे। तभी मकान बचेगा। जब हमने पैसे नहीं दिए तो वे जबरन मिट्टी भरने और पेड़ गिराने लगे। हमने इस बात की लिखित शिकायत पुलिस में भी की है।

गांव के सतीश कुमार ने बताया कि मंटू सिंह और भोली सिंह आए और बोले कि यहां तार बिछाएंगे और मिट्टी डालेंगे, चाहे कोई मरे या बचे। उन्होंने कहा कि पैसा दोगे तभी घर-द्वार बचेगा। वे प्रति घर 20,000 मांग रहे थे। जब हमने विरोध किया, तो उन्होंने हमारे साथ बदतमीजी की और कहा कि यहां से भागो और घर खाली करो। बुनियादगंज थाना पुलिस मामले की जांच में जुटी है। प्रशिक्षु डीएसपी सौरभ कुमार ने बताया कि इस मामले में जांच चल रही है। सीओ भी जांच में जुटे हैं। शाम तक चीजें स्पष्ट हो पाएंगी। फिर आगे कार्रवाई की जाएगी।

# गाड़ी ने मारी टक्कर, डिवाइडर की ग्रिल में फंसा पैर

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**गया।** गया शहर के विष्णुपद थाना क्षेत्र में हनुमान मंदिर बाईपास रोड पर आज एक सड़क हादसा हुआ। एक तेज रफ्तार गाड़ी ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। टक्कर इतनी भीषण थी कि युवक का एक पैर शरीर से कटकर अलग हो गया और सड़क के बीच बने डिवाइडर की ग्रिल में फंस गया।

घायल युवक की पहचान विष्णुपद थाना क्षेत्र के घुघरी टांड निवासी हर्ष कुमार के तौर पर हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि हर्ष कुमार अपनी बाइक से कहीं जा रहा था, तभी पीछे से आ रहे एक गाड़ी ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद युवक सड़क पर गिर गया और उसका पैर कटकर डिवाइडर की ग्रिल में फंस गया।

**सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस:** हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने तुरंत घायल युवक की मदद की। उन्होंने कटे हुए पैर को ढंका और पुलिस व एंबुलेंस को सूचना दी। विष्णुपद थाना पुलिस मौके पर पहुंची



और घायल हर्ष कुमार को तत्काल मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया। डॉक्टरों की निगरानी में उसका इलाज चल रहा है और उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। विष्णुपद थाना अध्यक्ष परमानंद लाल कर्ण ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची और घायल को अस्पताल भेजा गया। उन्होंने कहा कि गाड़ी की पहचान के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। पुलिस जल्द ही गाड़ी और उसके चालक का पता लगाकर कानूनी कार्रवाई करेगी।

# राजगीर के जंगलों में सैलानियों के लिए बनेगा इको रिसॉर्ट

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**नालन्दा।** राजगीर के घने और खूबसूरत जंगलों में जल्द ही सैलानियों के लिए एक अलग दुनिया बसने जा रही है। कंक्रीट के जंगलों और शहर की भागदौड़ से दूर, अब पर्यटक आधुनिक सुविधाओं के बीच प्रकृति के बिल्कुल करीब रहकर सुकून के पल बिता सकेंगे। बिहार में पहली बार वन विभाग अपने क्षेत्र में एक भव्य 'इको रिसॉर्ट' विकसित करने जा रहा है। इसके लिए उपयुक्त जगह की तलाश पूरी कर ली गई है और भवन निर्माण के लिए जल्द ही टेंडर जारी होने की उम्मीद है। यहां अमेजन की तर्ज पर एक मंजिला कॉटेज बनेगी। ये महत्वाकांक्षी परियोजना राजगीर के पर्यटन को एक



नई ऊंचाई पर ले जाएगी। वन विभाग के अनुसार, इस रिसॉर्ट में एक साथ 200 पर्यटकों और उनके रख-रखाव के लिए 37 कर्मचारियों के ठहरने की पूरी व्यवस्था होगी।

इस इको रिसॉर्ट का स्वरूप पारंपरिक होटलों से पूरी तरह अलग और बेहद खास होगा। इसकी डिजाइन दुनिया के प्रसिद्ध अमेजन वन में बने इको-कॉटेज की तर्ज पर तैयार की जाएगी। यहां एक मंजिला कुटियां (कॉटेज) बनाई जाएंगी, जहां रहने वाले लोग शुद्ध वातावरण का आनंद ले सकेंगे। सुबह-सुबह पक्षियों की चहचहाहट, पेड़ों की ठंडी छांव और शुद्ध हवा इस प्रवास को यादगार बनाएगी। खास बात यह है कि निर्माण के दौरान पर्यावरणीय मानकों का विशेष ध्यान रखा जाएगा, ताकि जंगल की प्राकृतिक सुंदरता और जैव विविधता को कोई नुकसान न पहुंचे।

सैलानियों की सहूलियत और बजट को ध्यान में रखते हुए इस रिसॉर्ट में कुल 96 कमरे बनाए जाएंगे। इनमें 8 सूट कमरे, 8 फर्स्ट क्लास और 40 एक्जीक्यूटिव श्रेणी और 40 डबल बेडरूम के कमरे होंगे।

# संतोष डॉन के ठिकानों पर रेड 25 ठिकानों पर पहुंची टीम

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**नालन्दा।** पटना के टॉप-10 अपराधियों में शामिल संतोष डॉन के नालंदा समेत 25 ठिकानों पर शनिवार को EOU और STF ने छापेमारी की। अब तक की छापेमारी में संतोष डॉन के ठिकानों से जमीन के कागजात, नक्शे, बंदूक और कारतूस रखने के कवर बरामद किए गए हैं। इसके अलावा एक स्कॉर्पियो गाड़ी भी जब्त किया गया है। अधिकारियों के अनुसार, बरामद दस्तावेजों और अन्य सामग्रियों की जांच की गई है। छापेमारी करीब 7 घंटे तक चली है। संतोष डॉन के भाई नरेंद्र को टीम अपने साथ ले गई है। कई अहम सबूत और जमीन के दस्तावेज भी संतोष के गांव से बरामद की गई है।

EOU और STF की टीम को जमीन की अवैध खरीद-बिक्री और हथियारों की तस्करी के बारे में पुख्ता इनपुट मिला था। इनपुट के आधार पर जांच एजेंसियों ने स्थानीय पुलिस की मदद से सुबह 9 बजे नालंदा के दो अलग-अलग गांवों में छापेमारी की। जिले के पचासा और खिदरचक गांव स्थित संतोष डॉन के आवासों पर EOU और STF की टीम की कार्रवाई जारी है। संतोष डॉन की पत्नी मसौढ़ी के खुसरूपुर प्रखंड की उप प्रमुख है

**ठेकेदार राजेंद्र यादव और कन्हैया यादव के घरों पर भी छापेमारी:** EOU की टीम सुकरबेगचक पंचायत के पैक्स अध्यक्ष और खुसरूपुर प्रखंड उप प्रमुख पति 'संतोष डॉन' के पचरुखिया स्थित आवास समेत जगमालबीघा, मुस्तफापुर और चौड़ा में संपत्तियों व दस्तावेजों की जांच कर रही है। वहीं, नालंदा के पचासा गांव और खिदरचक गांव में ठेकेदार राजेंद्र यादव और कन्हैया यादव के घरों पर भारी पुलिस बल के साथ सघन तलाशी ले रही है। खिदरचक गांव में छापेमारी के दौरान ठेकेदार कन्हैया और उसके भाई घर पर नहीं मिले। शुरुआती जानकारी के अनुसार, पुलिस को इनपुट मिला था कि ये सभी जमीन की अवैध खरीद-बिक्री और हथियारों की तस्करी के सिंडिकेट से जुड़े हैं। जांच टीम फिलहाल जब्त किए गए कागजातों को बारीकी से खंगाल रही है। इलाके में सुरक्षा के मद्देनजर भारी पुलिस बल की तैनाती की गई है।

**संतोष डॉन के ठिकाने से एक स्कॉर्पियो,**



**जमीन के दस्तावेज जब्त:** अब तक जानकारी के मुताबिक, जांच टीम ने संतोष डॉन के ठिकाने से एक सफेद स्कॉर्पियो और भारी मात्रा में जमीन के दस्तावेज जब्त किए हैं। शुरुआती जांच में यह बात सामने आ रही है कि आरोपी बड़े पैमाने पर अवैध रूप से जमीन की खरीद-बिक्री और हथियारों की तस्करी के सिंडिकेट से जुड़े हुए हैं। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए पूरे इलाके में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती कर दी गई है ताकि कानून-व्यवस्था बनी रहे। EOU और एसटीएफ के वरिष्ठ अधिकारी फिलहाल जब्त किए गए कागजातों और प्रमाणपत्रों को बारीक से खंगाल रहे हैं। सूत्रों का कहना है कि इन दस्तावेजों की जांच के बाद कई बड़े खुलासे हो सकते हैं और इस रैकेट से जुड़े अन्य सफेदपोशों के नाम भी सामने आ सकते हैं।

संतोष डॉन पटना के टॉप-10 अपराधियों में शामिल है और उस पर 25 हजार रुपए का इनाम घोषित है। लंबे समय से आपराधिक गतिविधियों और भूमि विवादों में संलिप्त संतोष डॉन को बिहार पुलिस ने वर्ष 2026 में पटना जिले के टॉप-10 अपराधियों की सूची में डाला था। इससे पहले दिसंबर 2025 में भी खुसरूपुर थाना पुलिस ने उसके पचरुखिया आवास पर छापेमारी की थी, जहां से दो राइफलें बरामद हुई थीं और उसके दो सशस्त्र अंगरक्षकों को हिरासत में लिया गया था। हालांकि, उस समय संतोष कथित रूप से साड़ी पहनकर पुलिस को चकमा देकर भागने में सफल रहा था। करीब एक दशक पहले भी उसके ठिकानों पर बड़ी कार्रवाई हुई थी। फिलहाल, EOU की इस बड़ी कार्रवाई पर आधिकारिक रिपोर्ट आना बाकी है।

# नए यात्री शेड का उद्घाटन, आपदा पीड़ित परिवार को मिला 20 हजार का चेक, श्रवण कुमार बोले- सरकार पीड़ित परिवार के साथ

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**नालन्दा।** बिहार सरकार के ग्रामीण विकास एवं सूचना जनसंपर्क विभाग के मंत्री श्रवण कुमार और स्थानीय सांसद कौशलेंद्र कुमार ने संयुक्त रूप से बिहार शरीफ प्रखंड के ग्राम पंचायत राज वियावानी के वियावानी गांव में नवनिर्मित यात्री शेड का उद्घाटन किया। इस अवसर पर एक भावुक क्षण में, आपदा पीड़ित परिवार के मृतक कैलू रविदास की आश्रित पत्नी सबुजा देवी को पारिवारिक लाभ योजना के तहत 20,000 की सहायता राशि का चेक भी प्रदान किया गया।

**सरकार पूरी तरह परिवार के साथ खड़ी:** पीड़ित परिवार को ढाढस बंधाते हुए मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि जान की क्षति की भरपाई तो मुमकिन नहीं है, लेकिन संकट की इस घड़ी में सरकार पूरी तरह परिवार के साथ खड़ी है। उन्होंने जोर देकर कहा कि आपदा के समय राज्य सरकार के खजाने पर पहला हक पीड़ित परिवारों का ही होता है, इसीलिए यह राशि तुरंत स्वीकृत कर सौंपी गई है।

**सफर होगा आसान, क्षेत्रवासियों को मिलेगी राहत:** यात्री शेड के महत्व पर प्रकाश डालते हुए मंत्री ने कहा कि क्षेत्रवासियों की सुविधा हमारी पहली प्राथमिकता है। अब धूप, बारिश और हाड़ कंपाने वाली ठंड में लोगों को खुले में गाड़ियों का इंतजार नहीं करना पड़ेगा। शेड ग्रामीण और शहरी दोनों तरह के मुसाफिरों, विशेषकर छात्रों, बुजुर्गों और महिलाओं को बड़ी राहत देगा। राज्य सरकार परिवहन से जुड़ी हर छोटी-बड़ी जरूरत को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है ताकि आम आदमी का सफर सुरक्षित हो सके।



**अपराधमुक्त और सुशासन का नया बिहार:** नीतीश कुमार के नेतृत्व की सराहना करते हुए ग्रामीण विकास मंत्री ने कहा कि अंधेरे से उजाले तक और संकल्प से सिद्धि तक का यह सफर नए बिहार की प्रेरक कहानी है। आज सूबे में बेहतर सड़कें, हर घर बिजली, शिक्षा व स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार साफ दिखाई दे रहा है। कहा कि मुख्यमंत्री ने जब सत्ता संभाली थी, तब कानून का राज स्थापित करना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता थी। सरकार ने 'क्राइम, करप्शन और कम्युनलिज्म' (3C) से कभी कोई समझौता नहीं किया है और आज भी जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम जारी है। यदि किसी स्तर पर अनियमितता की शिकायत मिलती है, तो उस पर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

**महिला सशक्तिकरण से बदली राज्य की तस्वीर:** मंत्री श्रवण कुमार ने महिला सशक्तिकरण का जिक्र करते हुए कहा कि बिहार की बेटियां आज साइकिल से स्कूल जा रही हैं और खाकी वर्दी पहनकर देश की सेवा कर रही हैं। यह बदलाव सैद्धांतिक नहीं बल्कि व्यावहारिक है। लहलहाते खेत, मुस्कुराते किसान और सपनों से भरी नई पीढ़ी इस ऐतिहासिक परिवर्तन की साक्षी है। समारोह को संबोधित करते हुए सांसद कौशलेंद्र कुमार ने कहा कि आज बिहार में चारों ओर विकास की गंगा बह रही है और देश-दुनिया में 'बिहारी' कहलाना आज बड़े गौरव और सम्मान की बात बन चुका है।

## संक्षिप्त समाचार

### नाबालिक अपहृत लड़की पुलिस ने किया बरामद

**राजपुर।** क्षेत्र के एक गांव से लगभग एक माह पूर्व अपहृत नाबालिक लड़की को बघैला पुलिस ने शुक्रवार को बरामद कर लिया है.शादी के नीयत से अपहृत लड़की को पुलिस ने लडका पक्ष के परिवार वालों की मदद से छत्तीसगढ राज्य से बरामद किया. जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष करन कुमार ने बताया कि थाना में दर्ज कांड संख्य 84/26 का अनुसंधान टेक्निकली डिजिटल तरीके से करते हुए लड़की की बरामदगी सुनिश्चित की गई.जिसको बयान के लिए शनिवार को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जायेगा.

### खैरही नहर से 40 वर्षीय अज्ञात युवक का शव बरामद

**रोहतास।** जिले के भानस थाना क्षेत्र अंतर्गत खैरही नहर से शनिवार को लगभग 40 वर्षीय एक अज्ञात युवक का शव बरामद किया गया। शव मिलने की सूचना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई तथा बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौके पर जुट गए। सूचना मिलते ही भानस थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। पुलिस मृतक की पहचान कराने का प्रयास कर रही है, लेकिन खबर लिखे जाने तक उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी थी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। साथ ही आसपास के थाना क्षेत्रों में भी मृतक की पहचान को लेकर जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस मामले की हर बिंदु से जांच कर रही है।

### माइक्रोबायोलॉजिस्ट सोसाइटी ऑफ इंडिया के द्वारा डॉ कन्हैया सिंह विभागाध्यक्ष बॉटनी डिपार्टमेंट कॉर्डिनेटर किया गया नियुक्त



**बिक्रमगंज रोहतासः** माइक्रोबायोलॉजिस्ट सोसाइटी ऑफ इंडिया के द्वारा डॉ कन्हैया सिंह विभागाध्यक्ष बॉटनी डिपार्टमेंट अंजबित सिंह महाविद्यालय बिक्रमगंज को बिहार राज्य के लिए कॉर्डिनेटर नियुक्त किया गया है । सोसाइटी सचिव व बिहार इकाई के प्रेसीडेंट के संयुक्त हस्ताक्षर से नियुक्ति पत्र जारी किया गया है । यह नियुक्ति सत्र 2026-27 के लिए किया गया है । डॉ सिंह को बिहार के लिए यह जिम्मेदारी सौंपी गई है । इस सोसाइटी के माध्यम से छात्र,शिक्षक एवं अभिभावक के बीच सुक्ष्मजीवों के बारे में जागरूकता अभियान चलाकर जानकारी देना है । महाविद्यालय में विभिन्न क्रियाशीलता के माध्यम से छात्रों को जोड़ना है । यह सोसाइटी राष्ट्रीय स्तर पर सभी राज्यों में काम करती है । कोरोना काल में भी माइक्रोबायोलॉजी से संबंधित संस्थाओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी । भविष्य के लिए भी इस तरह की संस्थाओं की भूमिका बढ़ गई है । डॉ सिंह को इस तरह की जिम्मेदारी मिलना महाविद्यालय के लिए गौरव की बात है । इसके लिए महाविद्यालय और विश्वविद्यालय के शिक्षकों ने डॉ सिंह को बधाई दी है ।

### राष्ट्रीय हिंदू फ्रंट के राष्ट्रीय सचिव नरोत्तम जोशी के निधन से पूरे कटिहार में शोक की लहर

**कटिहार।** राष्ट्रीय हिंदू फ्रंट के राष्ट्रीय सचिव कटिहार के जाने-माने व्यवसायी चैंबर ऑफ़ कॉमर्स के अध्यक्ष समाजसेवी नरोत्तम जोशी के निधन से पूरे कटिहार में शोक की लहर व्याप्त है। राष्ट्रीय हिंदू फंड की महिला विंग की प्रदेश अध्यक्ष शोक संवेदना प्रकट करते हुए कहा कि राष्ट्रीय हिंदू फ्रंट उत्तर बिहार संगठन की अपूरणीय क्षति हुई है। जिसकी पुर्ती आने वाले समय में नहीं की जा सकती है। छाया तिवारी ने कहा कि राष्ट्रीय हिंदू फ्रंट के केंद्रीय सचिव नरोत्तम जोशी प्रखर हिंदूवादी राष्ट्रवादी योद्धा थे। सहृदय सरल व्यक्तित्व के धनी राष्ट्रहित और सनातन हिन्दू धर्म संस्कृति की सुरक्षा के लिए कटिहार में हमेशा आगे बढ़कर तन, मन, धन लगा कर कार्य करने की इनकी क्षमता ऊर्जा के सामने कोसों दूर दूर तक कोई नहीं था। शोक संवेदना प्रकट करने वालों में प्रमुख रूप से ध्रुव चंद्र झा,नवीन झा,शंभू चौबे, शिव शंकर सरकार,राष्ट्रीय हिंदू फ्रंट के जिला अध्यक्ष पवन साह, सुमित वर्मा, नीरज आजाद, विनीता वाधवानी,पुनम सिंह,नीलू साह, चांदनी देवी, विभा मिश्रा, इशिका राज, भास्कर सिंह, चंदन सिन्हा, मनोज सिन्हा, मंजू झा,रवि झा, विनय ऋषि राज आदि ने स्व.जोशी के घर पहुंच कर अंतिम दर्शन किया।

### कुपोषण एवं एनीमिया ग्रसित बच्चों की पहचानः स्वास्थ्य अधिकारियों की एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन



**कटिहार।** जिले में समुदाय स्तर पर कुपोषित एवं एनीमिया ग्रसित बच्चों की समयबद्ध पहचान, उचित रेफरल एवं अस्पताल में प्रभावी प्रबंधन को सुदृढ़ बनाते हुए बच्चों को स्वस्थ्य और सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से जिला स्वास्थ्य विभाग द्वारा सभी स्वास्थ्य अधिकारियों के साथ एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रभारी सिविल सर्जन डॉ के एम दास की अध्यक्षता में आयोजित कार्यशाला में सभी प्रखंड स्वास्थ्य अधिकारियों से क्षेत्र के कुपोषित एवं अनीमिया ग्रसित बच्चों की अधिकारियों और कर्मियों द्वारा समय पर पहचान करते हुए बेहतर उपचार के लिए राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल (जीएमसीएच) भेजना सुनिश्चित करते हुए बच्चों को स्वस्थ्य और सुरक्षित बनाने के लिए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी किया गया। इसके लिए जिला स्वास्थ्य विभाग द्वारा जीएमसीएच, पूर्णिया के आरटीपीसीआर भवन में सभी स्वास्थ्य अधिकारियों की एकदिवसीय कार्यशाला आयोजित किया गया जिसमें प्रभारी सिविल सर्जन डॉ के एम दास, एसीएमओ डॉ आर पी मंडल, डीआईओ डॉ विनय मोहन, जीएमसीएच के शिशु विभाग अध्यक्ष डॉ प्रेम प्रकाश, डीपीएम सोरेंद्र कुमार दास, डीसीएम संजय कुमार दिनकर, डीपीसी डॉ सुधांशु शेखर, डीसीक्यूए डॉ अनिल कुमार शर्मा, जिला एम&ई अधिकारी आलोक कुमार, पोषण परामर्श केंद्र (एनआरसी) के चिकित्सक डॉ रजनीश कुमार, एनआरसी स्टाफ नर्स रवि शर्मा, नीरज कुमार, आरबीएसके जिला कोऑर्डिनेटर डॉ संदीप कुमार, यूनिसेफ पोषण समन्वयक निधी भारती, पिरामल स्वास्थ्य प्रमंडल समन्वयक अमित शर्मा, पिरामल जिला प्रबंधक चंदन कुमार सहित अन्य स्वास्थ्य अधिकारी और कर्मी उपस्थित रहे।

बैठक में स्वास्थ्य अधिकारियों को कहा गया कि कमजोर और अस्वस्थ्य शिशुओं की पहचान जन्म के कुछ समय बाद ही हो जाती है। ऐसे बच्चों को स्वस्थ्य और सुरक्षित बनाने के लिए अधिकारियों द्वारा पोषण पुनर्वास केंद्र (एनआरसी) भेजना सुनिश्चित करना है। क्षेत्र में कमजोर पाए जा रहे शिशुओं को एएनएम व आशा कर्मियों द्वारा पहचान करते हुए बेहतर उपचार के लिए बच्चों को माता सहित पोषण पुनर्वास केंद्र (एनआरसी) भेजना सुनिश्चित करना चाहिए। डीपीसी डॉ सुधांशु शेखर ने कहा कि एनआरसी में प्रशिक्षित चिकित्सकों द्वारा बच्चों को आवश्यक उपचार सुविधाएं उपलब्ध कराते हुए बच्चों को स्वस्थ्य और सुरक्षित बनाकर घर भेजा जाता है जिससे बच्चे अपना जीवन स्वस्थ्य और सुरक्षित बनाने हुए इसका लाभ उठा सकते हैं।

बैठक में जीएमसीएच पूर्णिया के शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ प्रेम प्रकाश ने बताया कि जन्म के साथ कमजोर होने वाले शिशु एनीमिया से ग्रसित हो सकते हैं। ऐसे शिशुओं की शरीर में लाल रक्त कोशिकाओं (आरबीसी) या हेमोग्लोबिन की कमी हो जाती है। ऐसे बच्चों की समय पर पहचान करते हुए उन्हें बेहतर चिकित्सकीय सहायता प्रदान करना आवश्यक है। क्षेत्र में ऐसे ग्रसित बच्चों की पहचान होने पर स्वास्थ्य अधिकारियों द्वारा बच्चों को बेहतर उपचार सुविधा उपलब्ध कराना सुनिश्चित करना चाहिए। बहुत कमजोर शिशु को विशेष उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराना चाहिए ताकि बच्चा आवश्यक चिकित्सकीय सहायता का लाभ उठाते हुए स्वास्थ्य और सुरक्षित जीवन का लाभ आसानी से उठा सकें।

# जिले के विभिन्न प्रखंडों एवं गांवों में "खेत बचाओं अभियान" का सफल आयोजन संपन्न

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**बिक्रमगंज /रोहतासः** कृषि विज्ञान केंद्र बिक्रमगंज द्वारा 01 जून से 12 जून 2026 तक जिले के विभिन्न प्रखंडों एवं गांवों में "खेत बचाओ अभियान" का सफल आयोजन संपन्न हुआ । अभियान के अंतर्गत तेंदुआ, अलीगंज,बभनी,खरारी,मोकर, बसगितिया,मिर्जापुर,उसरी,मोथा, मानी,चिकसिल,चेनारी,कोचस एवं दिनारा सहित 12 गांवों में किसान गोष्ठियों का आयोजन किया गया, जिसमें 900 से अधिक किसानों ने भाग लिया । कार्यक्रम दौरान केविके बिक्रमगंज के प्रभारी वरीय वैज्ञानिक व प्रधान डॉ आर के जलज द्वारा किसानों को मृदा जांच के अनुसार उर्वरक व्यवहार करने,प्राकृतिक खेती करने,धान-गेहूं के अलावा मक्का, स्वीट कॉर्न,बेबी कॉर्न,चिया सीड, तिल,मडवा,रागी,केला,पपीता, स्ट्रॉबेरी,ड्रैगन फ्रूट,एप्पल बेर,नींबू एवं अन्य सब्जियों की खेती करने हेतु जानकारी दी गई । इन फसलों एवं नई तकनीक को अपनाने से किसान अपनी आमदनी बढ़ा सकते हैं एवं लागत में कमी भी कर सकते हैं । किसानों को मिट्टी सुधार हेतु फसल अवशेषों को खेत में ही जोतने की जरूरत है,कभी भी फसल अवशेषों को खेत में नहीं जलाना चाहिए । मृदा वैज्ञानिक डॉ. रामाकांत सिंह ने किसानों को मृदा परीक्षण के महत्व पर विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि प्रत्येक 2-3 वर्ष में मृदा परीक्षण कराने तथा मृदा स्वास्थ्य कार्ड के अनुसार संतुलित मात्रा में उर्वरकों एवं सूक्ष्म पोषक तत्वों के उपयोग करने से फसल उत्पादन में वृद्धि, लागत में कमी तथा भूमि की उर्वराशक्ति का संरक्षण संभव है । उन्होंने जिले की मृदा में अम्लीयता बढ़ने एवं पोटाश तत्व की कमी की जानकारी प्रत्येक खेत बचाओ अभियान कार्यक्रम में किसानों को दी ।

उद्यान वैज्ञानिक डॉ. रतन कुमार ने सब्जी फसलों में प्राकृतिक खेती की संभावनाओं एवं लाभों पर प्रकाश डाला । उन्होंने किसानों को जीवामृत,घनजीवामृत,बीजामृत, आच्छादन (मल्चिंग) तथा स्थानीय संसाधनों पर आधारित जैविक कीट एवं रोग प्रबंधन तकनीकों की जानकारी दी । उन्होंने बताया कि प्राकृतिक खेती अपनाने से सब्जियों की गुणवत्ता में सुधार,उत्पादन लागत में कमी तथा मृदा जैविक गतिविधियों में वृद्धि होती है । साथ ही उपभोक्ताओं को सुरक्षित एवं रसायन अवशेष मुक्त सब्जियां उपलब्ध कराई जा सकती हैं ।कार्यक्रम दौरान किसानों को प्राकृतिक खेती,मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन, संतुलित उर्वरक उपयोग,जलवायु अनुकूल कृषि,एकीकृत कीट प्रबंधन तथा उद्यानिकी आधारित आयवर्धन गतिविधियों की जानकारी प्रदान की गई । कृषि साहित्य का वितरण किया गया तथा किसानों से प्राप्त सुझावों एवं समस्याओं का संकलन किया गया । किसानों ने नीलगाय एवं जंगली पशुओं का प्रकोप,कीट एवं रोग प्रबंधन,खरपतवार नियंत्रण, फसल अवशेष प्रबंधन,मृदा उर्वरता में गिरावट तथा प्राकृतिक खेती से संबंधित समस्याओं एवं सुझावों को वैज्ञानिकों के समक्ष रखा । यह कार्यक्रम पूरे जिले में 30 जून तक कृषि विज्ञान केंद्र बिक्रमगंज आत्मा रोहतास एवं कृषि विभाग रोहतास जिला के समन्वयन द्वारा कराया जाएगा ।

## काराकाट में जनता दरबारः 12 भूमि मामलों का ऑन-द-स्पॉट निपटारा



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**काराकाट /रोहतास ।** जिले के काराकाट प्रखंड मुख्यालय पर शनिवार को होने वाले नियमित जनता दरबार में अंचलाधिकारी डॉ. रितेश कुमार के नेतृत्व में भूमि विवादों से जुड़े कई मामलों की सुनवाई की गई। कुल 17 भूमि संबंधित मामलों में से 12 मामलों की सक्रिय जांच कराकर उनके निपटारे किए गए। इनमें कई मामलों का ऑन-द-स्पॉट निपटारा कर समस्या का तात्कालिक समाधान किया गया। अंचलाधिकारी ने बताया कि बुढ़वल व अन्य क्षेत्रों के दोनों पक्षों के बीच चल रहे 12 विवाद व्यवस्थित तरीके से निपटाए गए। शेष पांच मामलों में और विस्तृत जाँच व समन्वय की आवश्यकता होने पर इन्हें अगली तिथि के लिए स्थगित कर दिया गया है। अंचलाधिकारी ने कहा कि अग्रिम सुनवाई हेतु इन पांच मामलों की अगली जनता दरबार की तिथि 20 जून 2026, शनिवार नियत की गई है और दोनों पक्षों को नोटिस तामिला किए जाएंगे। जनता दरबार के दौरान काराकाट तथा कंच्छवा थाने के पुलिसकर्मी व कर्मचारी, खासकर सतीश कुमार उपस्थित रहे और व्यवस्था सुनिश्चित की। स्थानीय प्रशासन ने जनता दरबार के माध्यम से शीघ्र विवाद समाधान की प्रक्रिया को जारी रखने पर जोर दिया। उल्लेखनीय है कि काराकाट में हर शनिवार नियमित रूप से जनता दरबार आयोजित किया जाता है, जिससे आम लोगों की समस्याओं का त्वरित निपटारा हो रहा है।

## मद्य निषेध सिपाही, कक्षपाल एवं चलंत दस्ता सिपाही भर्ती परीक्षा को लेकर 18 परीक्षा केन्द्रों के 500 गज दायरे में निषेधाज्ञा लागू

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**नवादा।** केंद्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) द्वारा आयोजित मद्य निषेध उत्पाद एवं निबंधन विभाग में मद्य निषेध सिपाही, कारा एवं सुधार सेवाएं निरीक्षणालय, गृह विभाग (कारा) में कक्षपाल एवं परिवहन विभाग में चलंत दस्ता सिपाही के पद पर चयन के लिए अभ्यर्थियों की लिखित परीक्षा दिनांक 14 जून 2026 (रविवार) एवं 17 जून 2026 (बुधवार) को नवादा जिले के 18 परीक्षा केन्द्रों पर दो पालियों में आयोजित की जाएगी। परीक्षा प्रथम पाली 10:00 बजे पूर्वाह्न से 12:00 बजे अपराह्न तक एवं द्वितीय पाली 03:00 बजे अपराह्न से 05:00 बजे अपराह्न तक सम्पन्न होगी।

परीक्षा के सफल, शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त संचालन के लिए अनुमण्डल दण्डाधिकारी, नवादा सदर श्री अमित अनुराग द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (BNSS) की धारा-163 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए नवादा सदर अनुमंडल में संचालित सभी 18 परीक्षा केन्द्रों के 500 (पाँच सौ) गज की परिधि में दिनांक 14.06.2026 (रविवार) एवं 17.06.2026 (बुधवार) को प्रातः 07:30 बजे से अपराह्न 05:30 बजे तक निषेधाज्ञा लागू की गई है।

जारी आदेश के अनुसार निम्नलिखित गतिविधियों पर प्रतिबंध रहेगा :- सभी परीक्षा केन्द्रों के 500 (पाँच सौ) गज की परिधि में कोई भी व्यक्ति किसी प्रकार के अस्त्र-शस्त्र, हथियार, लाठी, गड़ासा, बरछा, फलसा, चाकू, छूरा, विस्फोटक पदार्थ एवं अग्नेयास्त्र लेकर नहीं घूमेंगे।

सभी परीक्षा केन्द्रों के चारों ओर 500 (पाँच सौ) गज की परिधि के अंतर्गत किसी सार्वजनिक अथवा निजी स्थान पर :-

अनावश्यक आवागमन।

परीक्षा से संबंधित किसी भी कागजात अथवा अन्य सामग्री का वितरण या उसका प्रचार-प्रसार।

ऐसे किसी भी कार्य-कलाप में संलग्न होना जिससे परीक्षा संचालन अथवा उसकी गोपनीयता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना हो।

हालांकि यह प्रावधान परीक्षा में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों के सद्भावी कार्य-कलापों पर लागू नहीं होगा।

सभी परीक्षा केन्द्रों के चारों ओर 500 (पाँच सौ) गज की परिधि के अंतर्गत किसी भी स्थान पर 05 या उससे अधिक व्यक्तियों का झगड़ा अथवा लोक परिशांति भंग करने के उद्देश्य से एकत्र होना वर्जित रहेगा।

सभी परीक्षा केन्द्रों के निषेधाज्ञा क्षेत्र अथवा परीक्षार्थियों को सुनाई पड़ने वाली दूरी के भीतर ध्वनिविस्तारक यंत्रों का प्रयोग वर्जित रहेगा। सभी परीक्षा केन्द्रों पर कोई भी परीक्षार्थी अपने प्रवेश पत्र के अतिरिक्त अन्य कोई कागजात, किताब, नोटबुक, मोबाइल फोन अथवा चिट आदि परीक्षा केन्द्र पर नहीं ले जा सकेंगे। स्वच्छ एवं शांतिपूर्ण परीक्षा संचालन में किसी प्रकार का अवरोध अथवा अशांति उत्पन्न करना वर्जित रहेगा। यह आदेश दिनांक 14.06.2026 (रविवार) एवं 17.06.2026 (बुधवार) को प्रातः 07:30 बजे से अपराह्न 05:30 बजे तक प्रभावी रहेगा।

शासकीय कार्य में लगे पदाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों द्वारा धारित अग्नेयास्त्र इस निषेधाज्ञा की परिधि से बाहर रहेंगे।

## नगर पंचायत की लापरवाही से बढ़ा मच्छरों का प्रकोप, फॉगिंग मशीन सालभर से खराब

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**काराकाट / रोहतास।** काराकाट नगर क्षेत्र में फॉगिंग और नालों की सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई है। नगर पंचायत के जिम्मे मलेरिया व डेंगू रोकथाम के लिए उपयोग की जाने वाली दो बड़े और तीन छोटे फॉगिंग मशीनें करीब ढाई वर्ष से खराब पड़ी हैं, जबकि ब्लीचिंग पाउडर का नियमित छिड़काव भी नहीं हो रहा है। नगरवासियों और स्थानीय प्रतिनिधियों ने नगर परिषद की अनदेखी पर कड़ी आपत्ति जताई है।

नालों में गंदगी और जमे पानी से मच्छरों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। कई जगह खुले नाले और कूड़े के कारण पानी का बहाव बंद है, जिससे मच्छरों के पनपने के अनुकूल परिस्थितियां बन रही हैं। स्थानीय लोग बताते हैं कि शुरुआती कुछ महीनों में मशीनें चलाई गई थीं, लेकिन वह भी सिर्फ दिखावे के लिए था और बाद में मशीनें बंद हो गईं।

स्थानीय पूर्व मुखिया गोपेश प्रसाद ने कहा कि इस वितीय वर्ष में फॉगिंग मशीन से फुक्किंग नहीं कराई गई । ब्लीचिंग पाउडर का नियमित छिड़काव मैं अब तक नहीं देखा। 2 जून को जब जिला अधिकारी काराकाट आईं तो सिर्फ दिखावे के लिए रोड किनारे ब्लीचिंग पाउडर भी नहीं सिर्फ खराब चुने का छिड़काव कराया गया था। उपमुख्य पार्षद रविश रंजन ने बताया कि खरीदी गई फॉगिंग मशीनें थोड़े ही समय में खराब हो गईं, कुछ दिनों के लिए बनीं और फिर बंद हो गयीं। "अब तक न तो किसी वार्ड को और न ही अध्यक्ष को इसका ख्याल है," वे बोले। नगर स्वच्छता पदाधिकारी मो. मोईन ने बताया कि बड़े फॉगिंग मशीन में तकनीकी समस्या है और उसे जल्द ठीक कराया जा रहा है। उन्होंने आश्वासन दिया कि मशीन बनने के बाद पूरे नगर में फॉगिंग कराई जाएगी। हालांकि नगरवासी कहते हैं कि सिर्फ मरम्मत का आश्वासन पर्याप्त नहीं है और यदि नियमित फॉगिंग व सफाई अभियान नहीं चलाया गया तो डेंगू व मलेरिया जैसी बीमारियाँ नियंत्रण से बाहर हो सकती हैं। नागरिकों ने नगर पंचायत से तत्काल फॉगिंग मशीनों की मरम्मत, नियमित ब्लीचिंग पाउडर छिड़काव और खुले नालों की सफाई के साथ-साथ सतत निगरानी व जनजागरूकता अभियान चालू करने की मांग की है।

## श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ कथा संपन्नः हजारों श्रद्धालुओं ने विशाल भंडारे में ग्रहण किया प्रसाद

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**डेहरी (रोहतास)।** डेहरी-डालमियानगर नगरपरिषद दुर्गा मंदिर के प्रांगण में आयोजक रामनाथ यादव के नेतृत्व 10 दिवसीय श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ कथा शनिवार को संपन्न हो गया। पूर्णाहुति हवन, भव्य आरती और विशाल भंडारे के साथ कथा का समापन हुआ। इस अवसर पर हजारों श्रद्धालुओं ने यज्ञ प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। कथास्थल पूरे दिन वैदिक मंत्रोच्चार और संकीर्तन से गुंजायमान रहा।

अयोध्या से आए हुए आचार्य आशीष कुमार बापू ने दस दिवसीय कथा के विश्राम दिवस पर भगवान श्रीकृष्ण, श्रीराधा और सुदामा चरित्र का भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने श्रद्धालुओं को भक्ति, विश्वास, मित्रता, सामाजिक समरसता और सनातन संस्कृति का संदेश दिया। बापू ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि आत्मा को परमात्मा से जोड़ने का दिव्य माध्यम है। कहा कि भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा की मित्रता को संसार की सबसे पवित्र मित्रता बताया। और सच्ची मित्रता में धन, पद और प्रतिष्ठा का कोई महत्व नहीं होता, इसका आधार केवल प्रेम, विश्वास और समर्पण होता है। बापू ने उदाहरण दिया कि भगवान द्वारकाधीश श्रीकृष्ण ने अपने निर्धन मित्र सुदामा के प्रेम और निष्कपट भाव से प्रसन्न होकर उनकी झोपड़ी को महल में परिवर्तित कर दिया था। यह प्रसंग सिखाता है कि ईश्वर भाव के भूखे होते हैं, वैभव के नहीं। सामाजिक एकता पर बल देते हुए कहा कि केवल भीड़ जुटने से शक्ति का निर्माण नहीं होता, बल्कि जब समाज एक सूत्र में बंधता है तभी वास्तविक शक्ति उत्पन्न होती है। उन्होंने मधुमक्खियों का उदाहरण देते हुए समझाया कि संगठित समाज किसी भी चुनौती का सामना कर सकता है। श्रीराधा की महिमा का वर्णन करते हुए बाबू ने कहा, "कृष्णेन आराध्यते इति राधा" अर्थात जिनकी आराधना स्वयं भगवान श्रीकृष्ण करते हैं, वही श्रीराधा हैं। उन्होंने बताया कि श्रीराधा प्रेम, करुणा, समर्पण और सृष्टि की सर्वोच्च शक्ति का स्वरूप हैं। राधा-कृष्ण का प्रेम सांसारिक नहीं, बल्कि जीव और परमात्मा के दिव्य मिलन का प्रतीक है।

बापू ने आगे कहा कि यदि श्रीराम कथा मनुष्य को जीवन जीने की कला सिखाती है, तो श्रीमद् भागवत कथा मृत्यु को भी मंगलमय बनाने की कला सिखाती है। उन्होंने बताया कि सतयुग में ध्यान, त्रेता में तप और द्वापर में पूजा से जो फल प्राप्त होता था, वही कलियुग में श्रद्धा और विश्वास के साथ भगवान के नाम-संकीर्तन से प्राप्त हो सकता है। समापन अवसर पर आशीष कुमार बापू ने श्रद्धालुओं से दक्षिणा के रूप में धन नहीं, बल्कि अपने एक-एक अवगुण का त्याग करने का संकल्प लेने का आह्वान किया। उनके इस संदेश ने उपस्थित श्रद्धालुओं को आत्मचिंतन के लिए प्रेरित किया। मौके पर पूर्व विधायक इंजीनियर सत्यनारायण यादव, अधिवक्ता नंदकेश्वर सिंह, रामबदन सिंह, महेन्द्र सिंह, राधापति देवी सहीत अन्य श्रद्धालु शामिल थे।

## शादी करके ठगी करनेवाले गिरोह के 07 सदस्यों को किया गया गिरफ्तार

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**रोहतास।** दिनांक-12.06.2026 को धौधाड़ थाना अन्तर्गत राजस्थान से एक लड़का वाले को एक षडयंत्र के तहत् शादी करने के लिए बुलाया गया है, जिनसे लड़की से शादी करानेवाले गिरोह द्वारा डेढ़ लाख रूपए ऑनलाईन भुगतान पाकर शादी का रस्म पूरा करने के बाद धौधाड़ बाजार के आगे सुनसान वाली जगह पर ले जाकर एक मोटरसाईकिल से लड़की को जबरन अपने साथ ले जाना चाह रहे थे। जिसका लड़को वालों के द्वारा विरोध करने पर लड़की एवं उनके साथ के सभी लोग गाली गलौज व मारपीट किए जाने की सूचना के आधार पर घटना में शामिल अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक, रोहतास के निर्देशन में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सासाराम-1 के नेतृत्व में एक छापामारी टीम गठित किया गया। यह छापामारी टीम में शामिल सदस्यों द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए घटनास्थल पर पहुँचकर लड़की से शादी करानेवाले गिरोह के 06 महिला एवं 01 पुरूष सदस्यो को गिरफ्तार किया गया। इन सभी के पास से प्रयोग किए जाने वाले मोबाईल को जप्त किया गया है।

घटना में शामिल लड़की वाले गिरोह का मुख्य उदेश्य कम लिंगानुपात वाले राज्यों के शादी करनेवाले लड़को से सम्पर्क कर शादी करने हेतु बुलाकर उससे झूठा विवाह रचाकर लड़की एवं गिरोह में शामिल सभी सदस्यों द्वारा पैसे, गहना, कपड़ा आदि लेकर फरार हो जाते हैं। जिस संदर्भ में वादी छगनलाल पिता स्व० मोहनलाल पता कीवरली, तहसील, देलदर, थाना तलेटी सदर, जिला सिरोही (राजस्थान) के आवेदन के आधार पर धौधाड़ थाना कांड सं० 53/2026 दिनांक 12.06.2026 धारा 126 (2)/127(2)/115(2)/303(2)/318(4)/352/351 (1)/3 (5) भा०न्या०सं० के अन्तर्गत 10 नामजद अभियुक्तों एवं चार/पाँच अज्ञात के विरूद्ध दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है। घटना में शामिल अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु छापामारी कराया जा रहा है।

**गिरफ्तार अभियुक्तों की विवरणीः-**

लक्ष्मीना कुमारी उम्र 24 वर्ष पिता भीम चौधरी, ग्राम सीताबिगहा, थाना सासाराम (मु०) जिला रोहतास।

उषा देवी पति लालबाबू चौधरी ग्राम थाना करबन्दिया, जिला रोहतास

विमला देवी उम्र 35 वर्ष पति महराज सिंह ग्राम वजीरगंज थाना धौधाड़ जिला रोहतास

रीना देवी उम्र 28 वर्ष पति प्रकाश चौधरी ग्राम करबन्दिया थाना कर्वंदिया जिला रोहतास

संध्या देवी उम्र 19 वर्ष पति प्रीतम चौधरी ग्राम सीता बीघा थाना सासाराम मु० जिला रोहतास

पाना कुँअर उम्र 55 वर्ष पति स्व० हरेन्द्र सिंह, ग्राम वजीरगंज, थाना धौधाड़ जिला रोहतास

हनुमान कुमार उम्र 21 वर्ष पिता जगनारायण चौधरी उर्फ जग्गू चौधरी ग्राम सम्होता टोला थाना धनसोई जिला बक्सर

**बरामद समानो की विवरणीः-**

छः मोबाईल

एक पैशन प्रो मोटर साइकिल

छापामारी दल मे शामिल सदस्यों का नामः-

पु०अ०नि० अमित कुमार राय, थानाध्यक्ष, धौघाँढ़

पु०अ०नि० मितेश कुमार, थानाध्यक्ष दरिगाँव थाना

स०अ०नि० निराला प्रसाद सिंह, धौधाड़ थाना।

चालक सिपाही रौशन कुमार, धौधाड़ थाना।

सशस्त्र बल के सिपाही।

"रोहतास पुलिस आपकी सेवा में राचैव तत्पर"

# नगर परिषद, वारिसलीगंज में विधिक जागरूकता कार्यक्रम

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**वारिसलीगंजः** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, पटना के निर्देश के आलोक में विद्वान प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, नवादा आशुतोष कुमार झा के मार्गदर्शन में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, नवादा अरविन्द कुमार के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा वारिसलीगंज नगर परिषद कार्यालय परिसर, जिला नवादा में वीर परिवार सहायता योजना 2025 के ऊपर विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम का उद्घाटन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, नवादा के डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल उमेश्वर प्रसाद सिंह तथा पी.एल.वी. अश्वनी कुमार एवं नगर परिषद वारिसलीगंज के आमजन एवं अन्य प्रतिष्ठित व्यक्तियों की उपस्थिति में किया गया। अपने सम्बोधन में डिफेंस काउंसिल के सदस्य उमेश्वर प्रसाद सिंह ने कहा कि वर्तमान समय में आम लोगों के बीच कानून की जानकारी उपलब्ध कराए जाने को लेकर शिविर का लगातार आयोजन किया जाता है। कानून की जानकारी नहीं होने पर लोग परेशान होते हैं तथा उनका जमकर भयादोहन किया जाता है। अतः आप तमाम जनप्रतिनिधियों से आग्रह है कि आप लोग अपने-अपने क्षेत्र के गरीब और जरूरतमंद लोगों को इसमें मदद कर उनके शोषण होने से बचाएं।

श्री उमेश्वर प्रसाद सिंह एवं अश्वनी कुमार, पारा विधिक स्वयंसेवक, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, नवादा ने वर्तमान समय में लोगों को कानून की जानकारी उपलब्ध कराए जाने पर बल दिया। आगे उन्होंने कहा कि भारत सरकार ने देश की रक्षा में लगे सैन्य, पुलिस बल एवं उसके आश्रितों के लिए वीर परिवार सहायता योजना 2025 लागू की है, जिसके तहत रक्षा में लगे तीनों सैन्य, पुलिस बल या अर्द्धसैनिक बल एवं उसके आश्रितों को विधिक सहायता उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को सौंपी गई है। यदि देश की रक्षा में लगे किसी व्यक्ति या उसके आश्रित का किसी भी प्रकार का अथवा जमीन का विवाद न्यायालय में लंबित है, तो उसके वाद में त्वरित गति से विधिक सहायता प्रदान कर निःशुल्क सक्षम अधिवक्ता उपलब्ध कराया जाएगा।आगे उन्होंने बताया कि यह स्कीम रक्षा में लगे व्यक्ति की समस्या को दूर करने तथा तनाव से मुक्त होकर देश की रक्षा में सेवा देने हेतु उन्हें कानूनी सुरक्षा प्रदान करने के लिए बनाई गई है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### बाल श्रम रोकने में सरकार विफल : ऐक्टू

**भागलपुर**| विश्व बाल श्रम निषेध दिवस पर ऐक्टू ने स्थानीय यूनियन कार्यालय में संगोष्ठी आयोजित की। बैठक में बाल श्रम उन्मूलन के लिए संघर्ष जारी रखने का संकल्प दोहराया गया। बाल श्रम मुक्त समाज का निर्माण और हमारी सरकार विषय पर चर्चा हुई। ऐक्टू के राज्य सह जिला सचिव मुकेश मुक्त ने कहा कि बाल श्रम रोकने में सरकार और प्रशासन विफल रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि श्रम विभाग की योजनाएं कागजों तक सीमित हैं और टास्क फोर्स की कार्रवाई भी कभी-कभार होती है। उन्होंने गरीबी, बेरोजगारी और अशिक्षा को प्रमुख कारण बताया। संगोष्ठी में विष्णु कुमार मंडल और सुभाष कुमार मौजूद रहे।

### अनिल खेतान शिक्षा समिति में प्रमंडलीय उपाध्यक्ष बने

**भागलपुर**| में बिहार प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन की शाखा के अध्यक्ष अनिल कुमार खेतान को सत्र 2026-28 के लिए बिहार मारवाड़ी सम्मेलन शिक्षा समिति की कार्यकारिणी में प्रमंडलीय उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। इसकी सूचना समिति अध्यक्ष विष्णु कुमार सुरेका के पत्र से मिली। खेतान ने कहा कि वे समाज के शिक्षण संस्थानों के जीर्णोद्धार और आधुनिक पाठ्यक्रम जोड़ने पर काम करेंगे।

### बढ़ती बाल मजदूरी पर चिंता जताई

**भागलपुर**| बाल श्रम निषेध दिवस पर सामाजिक कार्यकर्ता अवध किशोर कुमार ने श्रम विभाग को पत्र भेजा। पत्र में बिहार और झारखंड में बढ़ती बाल मजदूरी पर चिंता जताई गई। उन्होंने कहा कि बच्चे स्कूल और खेलकूद की उम्र में रेलगाड़ियों में पानी की बोतल और चना बेचते दिख रहे हैं। उन्होंने जमालपुर से हावड़ा जाने वाली कविगुरु एक्सप्रेस का हवाला दिया। उनके अनुसार मंदारहिल रेलवे स्टेशन से दुमका के बीच यह स्थिति लगातार दिखी।

### विश्व बाल श्रम निषेध दिवस पर भागलपुर में जागरूकता की गूंज

**भागलपुर** । विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर शुक्रवार को जिला प्रशासन और श्रम संसाधन एवं प्रवासी श्रमिक कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य समाज से बाल श्रम जैसी कुप्रथा को जड़ से मिटाना है। इसका उद्देश्य बच्चों के अधिकारों के प्रति आम लोगों को सचेत करना भी है। जागरूकता अभियान की शुरुआत शुक्रवार सुबह प्रभात फेरी से हुई। इसे भागलपुर के श्रम अधीक्षक और जिला कल्याण पदाधिकारी ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रभात फेरी में शामिल प्रतिभागियों ने हाथों में तख्तियां लीं। उन्होंने बाल श्रम के खिलाफ नारे लगाए। उन्होंने समाज को बच्चों की शिक्षा और उनके अधिकारों के प्रति जागरूक होने का संदेश दिया। इसके बाद जिले के विभिन्न सरकारी कार्यालयों में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए। वहां उपस्थित सभी पदाधिकारियों और कर्मियों को बाल श्रम उन्मूलन की सामूहिक शपथ दिलाई गई। सभी ने संकल्प लिया कि वे न तो बाल श्रम को बढ़ावा देंगे, न ही बच्चों के सुरक्षित बचपन और शिक्षा के अधिकार से कोई समझौता होने देंगे।श्रम अधीक्षक ने कहा, बाल श्रम बच्चों के सर्वांगीण विकास में सबसे बड़ी बाधा है। हर बच्चे को शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा और सम्मान के साथ जीने का पूरा अधिकार है। उन्होंने जानकारी दी कि विभाग जिले में समय-समय पर धावादल के माध्यम से छापेमारी अभियान चलाता है। अभियान के दौरान बाल श्रमिकों को विमुक्त कराया जाता है। दोषी नियोजकों (मालिकों) के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाती है। श्रम अधीक्षक ने जिले के सभी प्रतिष्ठान संचालकों, दुकानदारों, व्यवसायियों और आम नागरिकों से पुरजोर अपील की है कि वे किसी भी बच्चे को काम पर न रखें।

### किसानों के लिए भी महत्वपूर्ण होता है मृगशिरा नक्षत्र

**भागलपुर** । 15 जून को पड़ने वाली सोमवती अमावस्या धार्मिक और आध्यात्मिक दृष्टि से विशेष महत्व रखती है। इस वर्ष यह पर्व सर्वार्थ सिद्धि योग और मृगशिरा नक्षत्र के शुभ संयोग में मनाया जाएगा। ज्योतिषाचार्य पंडित मनोज कुमार मिश्र के अनुसार सोमवार के दिन अमावस्या पड़ना हिंदू पंचांग में अत्यंत शुभ और दुर्लभ संयोग माना जाता है। इस दिन भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा-अर्चना करने से मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है। अमावस्या तिथि का आरंभ 15 जून को सुबह 11:24 बजे होगा और इसका समापन 16 जून को सुबह 8:52 बजे होगा। इस दौरान स्नान, दान, जप, तप, पितृ तर्पण और श्राद्ध कर्म का विशेष महत्व रहेगा। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार सोमवती अमावस्या पर गंगा, नदी, सरोवर अथवा पवित्र जलाशयों में स्नान करने से अक्षय पुण्य की प्राप्ति होती है तथा पितरों की आत्मा को शांति मिलती है। सुहागिन महिलाएं पति की दीर्घायु और सुखी वैवाहिक जीवन की कामना के लिए व्रत रखेंगी। वहीं पीपल वृक्ष की परिक्रमा कर जल अर्पित करने की भी परंपरा है। मान्यता है कि इससे सुख, समृद्धि और सौभाग्य में वृद्धि होती है। श्रद्धालु भगवान शिव का जलाभिषेक कर विशेष पूजा-अर्चना करेंगे। सोमवती अमावस्या के अवसर पर बरारी पुल घाट, बरारी सीढ़ी घाट, छोटी खंजरपुर घाट समेत विभिन्न गंगा घाटों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ने की संभावना है। शहर के प्रमुख मंदिरों में भी दिनभर पूजा-पाठ व धार्मिक अनुष्ठान आयोजित होंगे। ज्योतिषाचार्य पंडित मनोज कुमार मिश्र ने बताया कि सोमवती अमावस्या के अवसर पर शनि मंदिरों में भगवान शनिदेव की विशेष पूजा, शनि पाठ और श्रृंगार का आयोजन किया जाएगा। श्रद्धालु शनि दोष निवारण और सुख-समृद्धि की कामना से विशेष अनुष्ठान में भाग लेंगे। मृगशिरा नक्षत्र को कृषि कार्यों के लिए भी शुभ माना जाता है। कृषि जानकारों के अनुसार इस अवधि में किसान धान की खेती के लिए बिचड़ा (नर्सरी) तैयार करना शुरू करते हैं। मान्यता है कि इस नक्षत्र में की गई धान की बुआई से फसल समय पर तैयार होती है और उत्पादन बेहतर मिलता है।

### जातिसूचक टिप्पणी कर दूल्हे को बग्घी से उतारने मामले में काउंटर केस दर्ज

**भागलपुर**| बाईपास थाना क्षेत्र के दोगच्छी गांव में शादी समारोह के दौरान हुए विवाद के मामले में दोनों पक्षों की ओर से काउंटर केस दर्ज कराया गया है। पुलिस ने प्राप्त आवेदनों के आधार पर अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दोनों मामलों में मारपीट, तोड़फोड़, लूटपाट समेत अन्य आरोप लगाए गए हैं। एक पक्ष की ओर से पीड़ित सन्नो के आवेदन पर दर्ज प्राथमिकी में आरोप लगाया गया है कि हबीबपुर से आई बारात को दोगच्छी गांव में रोक दिया गया। शिकायत के अनुसार दूल्हे राशिद को बग्घी से उतारने का दबाव बनाया गया और विरोध करने पर बारातियों के साथ मारपीट की गई। आवेदन में यह भी कहा गया है कि कुछ लोगों ने जातिसूचक टिप्पणी करते हुए बारात के आगे बढ़ने का विरोध किया। आरोप है कि बाद में कुछ लोग लड़की पक्ष के घर में घुस गए और तोड़फोड़ की। खाने-पीने के सामान को नुकसान पहुंचाने के साथ नकदी और जेवरात लूट लेने का भी आरोप लगाया गया है। पीड़ित पक्ष के अनुसार सूचना मिलने पर डायल-112 की टीम मौके पर पहुंची, जिसके बाद पुलिस सुरक्षा में विवाह संपन्न कराया गया। इस मामले में मो. रेहान, मो. अब्बास समेत पांच नामजद और 10 अज्ञात लोगों को आरोपी बनाया गया है। वहीं दूसरे पक्ष की ओर से मो. शहवान के आवेदन पर भी प्राथमिकी दर्ज की गई है।

### न्यू बैंक कॉलोनी में विद्युत केबल में लगी आग

**भागलपुर**| आदमपुर की न्यू बैंक कॉलोनी मेन रोड में शुक्रवार रात 440 वोल्ट के बिजली के केबल में अचानक आग लगने से अफरातफरी मच गई। घटना रात करीब 10:15 बजे हुई। जिस स्थान पर केबल में आग लगी, उसके ठीक बगल में एक पेट्रोल कार खड़ी थी। स्थानीय लोगों की सतर्कता से कार को समय रहते हटा लिया गया, जिससे बड़ा हादसा टल गया। स्थानीय निवासी रंजीत सिंह सोलंकी ने बताया कि केबल से अचानक चिंगारी निकलने लगी और देखते ही देखते आग की लपटें उठने लगीं। उन्होंने तुरंत बिजली विभाग को सूचना देकर लाइन बंद करने का अनुरोध किया।

# शादी के 36 दिनों बाद शख्स ने की फांसी लगाकर खुदकुशी

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**भागलपुर** । भागलपुर में शादी के 36 दिनों के बाद एक शख्स ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। पति के फांसी लगाने की आशंका पर पत्नी बागीचे में पहुंची थी। उसने पति को फंदे से लटका देखा तो खुद पेड़ पर चढ़ी। पति के पास पहुंचने से पहले ही वो पेड़ से गिर गई, जिससे उसका पैर टूट गया। घायल को इलाज के लिए अस्पताल में एडमिट कराया गया है। मृतक की पत्नी ने अपनी सास पर प्रताड़ना का आरोप लगाया है। घटना कहलगांव के रसलपुर थाना क्षेत्र के धनोरा गांव स्थित गौहर बगीचा की है। मामले की जानकारी के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शख्स की लाश को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पुलिस का कहना है कि मृतका की पत्नी ने प्रताड़ना का आरोप लगाया है। आवेदन मिलने के बाद कार्रवाई की जाएगी। मृतक की पहचान 22 साल के सूरज कुमार यादव के रूप में हुई है। सूरज ने 7 मई को 19 साल की रक्षा कुमारी से धूमधाम से शादी की थी। सूरज दिल्ली में प्राइवेट जॉब करता था।

**अब सिलसिलेवार तरीके से जानिए पूरा**



**मामला** : धनोरा गांव का रहने वाला सूरज यादव शादी के कुछ दिन बाद ही दिल्ली चला गया था। सूरज की पत्नी रक्षा अपनी सास, ससुर और ननद के साथ ससुराल में रह रही थी। साधु यादव ने बताया कि मैंने बेटी से कहा था कि तुम पति को जल्दी बुला लो और जो झगड़ा है, उसे सुलझा लो। उन्होंने बताया कि गुरुवार को ही दामाद सूरज दिल्ली से घर आया था। एक दिन बाद ही उसकी मौत की जानकारी हुई। वहीं, सूरज के पिता लोरीक यादव ने बताया कि मुझे बहू के आरोपों के संबंध में कोई जानकारी नहीं है। उन्होंने कहा कि हर घर में सास-बहू में झगड़ा होता है, ये आम बात है। मैंने कभी वजह जानने की कोशिश नहीं की।

**मृतक सूरज की पत्नी रक्षा ने सास पर क्या आरोप लगाए** : सूरज की पत्नी रक्षा का आरोप है कि पति के दिल्ली जाने के बाद सास घरेलू काम को लेकर प्रताड़ित करती थी। मैंने इस बारे में सूरज को फोन पर जानकारी दी थी। मैंने कहा था कि अगर आप घर नहीं आएंगे तो मैं पापा के साथ मायके चली जाऊंगी। रक्षा के मुताबिक, मेरी शिकायत पर पति सूरज 11 जून को घर आए थे। उन्होंने पहले मुझसे बात की, फिर अपनी मां से भी बातचीत की। फिर पति ने मुझसे कहा कि तुम मेरे साथ दिल्ली चलो, मैं टिकट करा दूंगा, जब जाऊंगा तो मेरे साथ चलना। मृतका की पत्नी की आरोप है कि जब मेरी सास को इस बात की जानकारी हुई कि मैं भी सूरज के साथ दिल्ली जाऊंगी तो उन्होंने सूरज के साथ झगड़ा किया। इसके बाद सूरज घर से एक किलोमीटर दूर बागीचा जाने की बात कहकर निकल गए।

**'पत्नी देर तक नहीं लौटे तो मैं बागीचे की ओर गई, देखा पति फंदे से लटके हैं'** : रक्षा ने बताया कि पति जब घर से निकले तो मुझे चिंता हुई। करीब एक घंटे तक घर नहीं लौटे तो मैं भी बागीचे की ओर गई।

## पथ निर्माण मंत्री ने बिहपुर रेलवे स्टेशन का किया निरीक्षण



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**भागलपुर**। राज्य के पथ निर्माण मंत्री सह बिहपुर विधायक ई. शैलेंद्र शनिवार को इंधन बचत, पर्यावरण संरक्षण और बेहतर स्वास्थ्य के संदेश के साथ थाना बिहपुर रेलवे स्टेशन का निरीक्षण करने पहुंचे। यहां उन्होंने निर्माणाधीन फुट ओवरब्रिज के कार्य प्रगति की जानकारी ली। जिसके बाद गत 25 मई को आए आंधी में प्लेटफार्म के उड़े एसबेस्टस को पुनः लगाने और प्लेटफार्म यात्री जैसे पानी, बिजली आदि की व्यवस्था को ठीक करने के निर्देश मंत्री इं. शैलेंद्र ने संबधित विभाग के अधिकारियों को दिया। यहां के बाद मंत्री ने रेलवे के अधिकारियों और आमजनों के साथ रेलवे गोलंबर परिसर में नुक्कड़ सभा किया। जहां मंत्री ने लोगों से कहा कि स्वच्छता को दिखावा नहीं, बल्कि अपने दैनिक जीवनशैली का अभिन्न और अटूट हिस्सा बना लें। स्वच्छता से सिर्फ आपकी नहीं बल्कि आपके क्षेत्र, घर और समाज की शान भी बढ़ जाती है। इसी कड़ी में रविवार की सुबह मंत्री इं. शैलेंद्र की मौजूदगी में बिहपुर रेलवे स्टेशन और गोलंबर परिसर में स्वच्छता कार्यक्रम चलेगा। जिसमें रेलवे के अधिकारी, कर्मी और आमजन भी शामिल रहेगें। इ मौके पर आरपीएफ इंस्पेक्टर दीपक कुमार, बिहपुर सर्किल इंस्पेक्टर महेश कुमार सिंह, रूपेश रूप, ज्ञानदेव कुमार, लालमोहन, रिंकू, सिंटू, सौरव और अजय उर्फ माटो आदि समेत आमजनों की उपस्थिति थी।

## तस्करों पर लगातार छापेमारी के निर्देश

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**बांका** । बांका समाहरणालय सभागार में जिला स्तरीय एनसीओआरडी (नार्को कोऑर्डिनेशन सेंटर) समिति की बैठक आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता जिलाधिकारी नवदीप शुक्ला और पुलिस अधीक्षक उपेंद्रनाथ वर्मा ने की। बैठक में जिले में मादक पदार्थों की तस्करी, अवैध कारोबार और नशे के बढ़ते दुष्प्रभावों पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने संबंधित अधिकारियों को मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ लगातार छापेमारी अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने तस्करों की गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखने और अवैध कारोबार में शामिल लोगों की पहचान कर उनके विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा।

**जनजागरूकता अभियान चलाने पर जोर दिया गया** : इसके अतिरिक्त, आम लोगों, विशेषकर युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराने के लिए व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाने पर जोर दिया गया। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि विद्यालयों, महाविद्यालयों और सार्वजनिक स्थलों पर प्रचार-प्रसार के माध्यम से नशामुक्त समाज के प्रति लोगों को जागरूक किया जाए। बैठक में उन क्षेत्रों की पहचान करने पर भी बल दिया गया जहां मादक पदार्थों की अवैध खेती की संभावना है। ऐसे क्षेत्रों में वैकल्पिक विकास कार्यक्रम तैयार कर उन्हें प्रभावी ढंग से लागू करने के निर्देश दिए गए। साथ ही, जिले में संचालित नशामुक्ति एवं पुनर्वास केंद्रों का नियमित निरीक्षण करने और वहां उपलब्ध सुविधाओं की समीक्षा करने को भी कहा गया।

**पदाधिकारियों को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया** : शहरी क्षेत्रों में तस्करी प्रभावित इलाकों को चिह्नित कर सभी थानाध्यक्षों को उनका सूचीबद्ध विवरण संबंधित अनुमंडल पुलिस पदाधिकारियों को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। बैठक में सिविल सर्जन, अनुमंडल पदाधिकारी, विशेष कार्य पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी, उत्पाद अधीक्षक सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## 15 जून को मेगा जॉब कैंप,10वीं पास युवाओं के लिए 100 पदों पर सीधी भर्ती

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**बेगूसराय** । बेगूसराय जिले के बेरोजगार युवाओं के लिए एक शानदार और सुनहरा अवसर सामने आया है। बिहार सरकार के युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग के तहत जिला नियोजनालय द्वारा 15 जून को एक दिवसीय जॉब कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इस जॉब कैंप में निजी क्षेत्र की जानी-मानी ई-कॉमर्स और क्विक कॉमर्स कंपनी ब्लिंक कॉमर्स प्राइवेट लिमिटेड (Blinkit) नियोजक के रूप में शामिल हो रही है। कंपनी द्वारा कुल 100 रिक्त पदों पर सीधी भर्ती की जाएगी। जिला नियोजन पदाधिकारी राणा ने यह। जानकारी दी।

**वेयरहाउस एसोसिएट पदों के लिए होगी भर्ती** : उन्होंने बताया कि यह भर्ती वेयरहाउस एसोसिएट (Warehouse Associate) के पदों के लिए की जा रही है। इसमें 10वीं पास युवा भी आवेदन कर सकते हैं। चयनित होने वाले अभ्यर्थियों को अहमदाबाद (गुजरात) और बैंगलोर (कर्नाटक) जैसे बड़े शहरों में काम करने का मौका मिलेगा। जॉब कैंप में शामिल होने के लिए आयु सीमा 18 वर्ष से 35 वर्ष है। वेतन 16584 से 23558 रुपया प्रति माह तक मिलेगा।




इसके अलावा कंपनी की ओर से चयनित युवाओं को मुफ्त हॉस्टल (रहना) और लंच (दोपहर का भोजन) की सुविधा दी जाएगी।

**सुबह 10 बजे से किया जाएगा जॉब कैंप का आयोजन** : जॉब कैंप का आयोजन 15 जून (सोमवार) को सुबह 10:00 बजे से किया जाएगा। जॉब कैंप पनहांस चौक के समीप आईटीआई कैंपस में स्थित संयुक्त श्रम भवन होगा। इच्छुक उम्मीदवारों को बायोडाटा, आधार कार्ड, पैन कार्ड, संबंधित शैक्षणिक प्रमाण-पत्र एवं अंक पत्र तथा दो रंगीन फोटो के साथ आना है। आवेदकों का नेशनल करियर सर्विस पोर्टल (www.ncs.gov.in) पर निबंधित होना आवश्यक है।

## फरार आरोपी की गिरफ्तारी के लिए गए पुलिस टीम पर हमला



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**अररिया**। फारबिसगंज के रामपुर उत्तर पंचायत के वार्ड संख्या 11 में बीती रात्रि 2019 के कांड संख्या 407 के आरोपी मो. मोइद को गिरफ्तार करने गई पुलिस टीम पर भीड़ ने हमला कर दिया और गिरफ्तार मो. मोइद को पुलिस के चंगुल से मुक्त कराकर भगा दिया। पुलिस पर किए गए हमले में तीन दरोगा सहित कुल पांच पुलिसकर्मी घायल हो गए।जिनका इलाज फारबिसगंज अनुमंडलीय अस्पताल और सदर अस्पताल में कराया गया।पुलिस पर हमले की जानकारी मिलने के फौरन बाद फारबिसगंज एसडीपीओ राजकुमार मौके पर पहुंचकर पुलिस पर हमला करने वाले हमलावरों का शिनाख्त करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। मामले में फारबिसगंज थाना में डेढ़ दर्जन नामजद और एक सौ अज्ञात लोगों के खिलाफ कांड दर्ज किया गया है।मामले की जानकारी फारबिसगंज थाना के प्रभारी थानाध्यक्ष सह अपर थानाध्यक्ष सत्येंद्र कुमार गुप्ता ने दी। मामले को लेकर बताया गया कि 2019 के कांड संख्या 407/2019 के हत्या के प्रयास धारा 307 के फरार आरोपी रामपुर उत्तर वार्ड संख्या 11 निवासी मो. मोइद पिता मो.मुस्तकीम को गिरफ्तार करने के लिए देर रात पुलिस टीम गई थी।पुलिस टीम ने घर के आगे बने दुकान से इस दौरान आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।लेकिन अचानक दर्जनों की संख्या में उनके सहयोगियों ने पुलिस टीम पर हमला कर दिया।जिसमें फारबिसगंज थाना के दरोगा आशुतोष मिश्रा,अमित राज,विजय कुमार सहित दो पुलिस बल के जवान घायल हो गए। हमले में बिहार होमगार्ड के जवान रामदेव सिंह और हरि मोहन साह बुरी तरह जख्मी हो गया।भीड़ पुलिस टीम पर हमला कर गिरफ्तार आरोपी मो. मोइद को पुलिस की चंगुल से छुड़ाकर भगा दिया।

पुलिस टीम पर हमला की सूचना के बाद फारबिसगंज एसडीपीओ राजकुमार फारबिसगंज थाना के प्रभारी अपर थानाध्यक्ष सत्येंद्र कुमार गुप्ता सहित अन्य पुलिस बलों के साथ मौके पर पहुंचे और हमलावरों का शिनाख्त करते हुए दो को गिरफ्तार किया।पुलिस पर हमले के आरोपी गिरफ्तार दो आरोपितों में रामपुर उत्तर वार्ड संख्या 11 के मो.शाहिद पिता हाजी लतीफ और दूसरा शाहनवाज पिता मो. सत्तार है। मामले को लेकर फारबिसगंज एसडीपीओ राजकुमार ने बताया कि अन्य नामजद हमलावरों की गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है।जल्द ही अज्ञात लोगों का शिनाख्त कर उन्हें भी गिरफ्तार किया जाएगा।

## 70 की स्पीड से बाइक सवार ने मजदूर को रौंदा

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**भागलपुर** । भागलपुर में आज तेज रफ्तार मोटरसाइकिल की चपेट में आने से एक मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की पहचान लोदीपुर थाना क्षेत्र के बसंतपुर गांव निवासी राजेंद्र मंडल के रूप में हुई है। घटना लोदीपुर थाना क्षेत्र के सरमसपुर चौक के पास की है। राजेंद्र मंडल सरमसपुर मुख्य सड़क होकर मिस्त्री के कहने पर खैनी लाने जा रहा था। इसी क्रम में जैसे ही वह सड़क पार करने लगे, उसी समय तेज गति से आ रही एक मोटरसाइकिल ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि राजेंद्र मंडल सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। पैर की दो जगह हड्डी टूट गई। हादसे के बाद घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जुट गई। स्थानीय लोगों और राहगीरों की मदद से घायल को इलाज के लिए जवाहरलाल नेहरू चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल पहुंचाया गया। डॉक्टरों की ओर से की गई जांच में उनके पैर की हड्डी दो जगह से टूटने की पुष्टि हुई है। इसके अलावा कमर और शरीर के अन्य हिस्सों में भी गंभीर चोटें आई हैं। दुर्घटना में बाइक सवार युवक भी घायल हो गया, जिसका इलाज चल रहा है। घटना की सूचना मिलने के बाद स्थानीय पुलिस भी मौके पर पहुंची, बाइक को जब्त कर लिया है। मजदूर राजेंद्र मंडल ही परिवार के मुख्य कमाने वाले सदस्य हैं।



**रोड पार करने के दौरान हादसा** : घायल राजेंद्र मंडल ने अस्पताल में इलाज के दौरान बताया कि वह रोजाना मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते हैं। घटना के दिन वह सरमसपुर स्थित मुख्य सड़क पर निर्माण काम में लगे हुए थे और ईंट ढोने का काम कर रहे थे। इसी दौरान मिस्त्री ने उन्हें खैनी लाने के लिए भेजा था। सड़क पार करने के दौरान अचानक तेज रफ्तार मोटरसाइकिल ने उन्हें जोरदार धक्का मार दिया। दुर्घटना के बाद वह सड़क पर गिर गए और करीब 10 से 15 मिनट तक वहीं पड़े रहे। चोट काफी गंभीर थी, जिसके कारण वह दर्द से कराहते रहे और बाद में बेहोश हो गए। राजेंद्र मंडल ने कहा कि उन्हें यह भी नहीं पता कि उन्हें अस्पताल कौन लेकर आया, क्योंकि दुर्घटना के बाद उनकी हालत बेहद खराब हो गई थी। उनके तीन छोटे बच्चे हैं, जिनमें दो बेटा और एक बेटी शामिल हैं। परिवार की पूरी जिम्मेदारी उन्हीं के कंधों पर है। दुर्घटना के कारण फिलहाल वह काम करने की स्थिति में नहीं हैं। उन्होंने कहा कि पहले स्वास्थ्य लाभ लेना जरूरी है, उसके बाद वह पूरे मामले की लिखित शिकायत पुलिस को देंगे। लोदीपुर थानेदार ने बताया कि बाइक को जब्त कर लिया गया है।

♦ भागलपुर में रोड पार करते समय एक्सीडेंट, मिस्त्री के कहने पर खैनी लाने जा रहा था

## जमीन की मापी के दौरान भिड़े दो गुट

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

भागलपुर । भागलपुर के जगदीशपुर में शनिवार को जमीन की नापी को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया। घटना में एक ही परिवार के पिता और पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों की पहचान महमदपुर निवासी मनोज पासवान और उनके पुत्र विकास पासवान के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक, महमदपुर गांव में 2 कट्ठा जमीन की प्लॉट की नापी कराई जा रही थी। इसी दौरान जमीन की सीमा और मालिकाना हक को लेकर दोनों पक्षों के बीच कहासुनी शुरू हो गई। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। आरोप है कि इस दौरान लाठी-डंडों से जमकर मारपीट की गई, जिसमें मनोज पासवान और उनका पुत्र विकास पासवान गंभीर रूप से जख्मी हो गए। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। स्थानीय लोगों और परिजनों ने तत्काल दोनों घायलों को जगदीशपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार किया। लेकिन दोनों की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए जवाहरलाल नेहरू चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल भागलपुर रेफर कर दिया गया। घटना के बाद गांव में तनाव की स्थिति बनी हुई है।

घायल ने जमीन मापी के दौरान दूसरे पक्ष पर जानबूझकर झगड़े का आरोप लगाया : सूचना मिलने पर जगदीशपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। घायल मनोज पासवान ने आरोप लगाया कि जमीन की नापी के दौरान दूसरे पक्ष के लोगों ने जानबूझकर विवाद उत्पन्न किया और विरोध करने पर उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। उन्होंने कहा कि बीच-बचाव करने पहुंचे उनके पुत्र विकास पासवान को भी नहीं बख्शा गया और दोनों को लाठी-डंडों से पीटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। वहीं, आगे बताया कि लंबे समय से जमीन को लेकर दोनों पक्षों के बीच विवाद चल रहा था, जिसकी वजह से यह घटना हुई। इधर, मामले को लेकर जगदीशपुर थानाध्यक्ष रामचन्द्र सिंह ने बताया कि महमदपुर गांव में जमीन विवाद को लेकर मारपीट की सूचना प्राप्त हुई है। पुलिस टीम मौके पर पहुंचकर पूरे मामले की जांच कर रही है। उन्होंने कहा कि अभी तक किसी भी पक्ष की ओर से लिखित आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है।

♦ जमकर चले लाठी-डंडे, एक पक्ष ने दूसरे पक्ष के बुजुर्ग की जमकर पिटाई की, मायागंज रेफर

पूर्व मध्य रेल
खुली ई-निविदा सूचना
सं. RS-DRY-Tender-DDU-25, दिनांक : 11.06.2026
व.मं.याँ.अभि./समाडि/पू.म.रे. डीडीयू, भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु अनुभवी, सक्षम तथा इच्छुक एजेंसी ठेकेदार से खुली ई–निविदा एकल पैकेट प्रणाली सं. RS-DRY-Tender-DDU-25 दिनांक : 11.06.2026 के लिए आमंत्रित की जाती है जिसका विवरण निम्न है: क्र.सं. : 1, कार्य का विवरण : डीडीयू डिविजन में वैगन की जांच के दौरान डीआरवाई में विभिन्न गतिविधियों का आउटसोर्सिंग ।, क्र.सं. : 2, कार्य का अनुमानित मूल्य : ₹ 2,49,13,892.60 – दो करोड़ उनचास लाख तेरह हजार आठ सौ बानवे रूपये एवं साठ पैसे मात्र ।, क्र.सं. : 3, धरोहर राशि : ₹ 4,98,300/– मात्र ।, क्र.सं. : 4, निविदा फार्म जमा करने तथा निविदा खुलने का समय एवं तिथि : ई निविदा दिनांक 18.06.2026 से 02.07.2026 तक समय 15:00 बजे तक ।, क्र.सं. : 5, वेबसाईट एवं सूचना बोर्ड जिस पर यह सूचना उपलब्ध रहेगी तथा निविदा फार्म खरीदने का पता : IREPS website : www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होगी इसके अतिरिक्त Manual Offer स्वीकार नहीं किया जायेगा । नोट : विस्तृत जानकारी हेतु कृपया निविदा फार्म देखें ।
व.मं.यांत्रिक अभियंता/समाडि
पूर्व मध्य रेल, डीडीयू
पीआर/0394/डीडीयू/यां./टी/26–27/40

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### अस्पताल में अग्नि सुरक्षा को ले लगे 11 अग्निशामक यंत्र

**आरा**| अनुमंडलीय अस्पताल, जगदीशपुर (दुलौर) में अग्नि सुरक्षा व्यवस्था को चुस्त- दुरूस्त किया गया है। अस्पताल में अग्नि सुरक्षा व्यवस्था को लेकर 11 अग्निशामक यंत्र लगाए गए है। अस्पताल के ओपीडी, इमरजेंसी, दवा वितरण केंद्र समेत विभिन्न विभागों के कक्षों के पास इन्हें स्थापित किया गया है। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार सभी अग्निशामक यंत्र चालू अवस्था में हैं। अस्पताल प्रबंधक कृष्ण कुमार ने बताया कि अस्पताल के भूतल पर 8 और प्रथम तल पर 3 अग्निशामक यंत्र लगाए गए हैं। उन्होंने बताया कि अस्पताल में इलाज के लिए प्रतिदिन बड़ी संख्या में मरीज और उनके परिजन पहुंचते हैं। ऐसे में किसी भी आपात स्थिति से निपटने और मरीजों और उनके परिजनों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह व्यवस्था की गयी है।

### मिसाल : एक परिवार ने किया 223 बार रक्तदान

**आरा** । जरूरतमंद मरीज के लिए एक यूनिट रक्त जीवन और मृत्यु के बीच की उम्मीद बन जाती है। वर्षों से इसी मानवता के संदेश को अपने कर्मों से जीवंत कर रहे भोजपुर के दर्जनों स्वैच्छिक रक्तदाता अब सम्मानित होने जा रहे हैं। विश्व रक्तदाता दिवस 14 जून को भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी, भोजपुर उन रक्तवीरों को सम्मान देगी, जिन्होंने निस्वार्थ भाव से बार-बार रक्तदान कर अनगिनत जिंदगियों को नई सांस दी है। यह समारोह केवल सम्मान का मंच नहीं, बल्कि समाज में रक्तदान की संस्कृति को मजबूत करने का प्रेरक अभियान भी बनेगा। आरा के 57 वर्षीय राज बाबू केसरी अब तक 86 बार रक्तदान कर चुके हैं। उनकी पत्नी अनुराधा केसरी ने 48 बार, बड़े पुत्र हंसराज केसरी ने 32 बार, छोटे पुत्र पद्मराज केसरी ने 32 बार तथा पुत्री राजश्री केसरी ने 25 बार रक्तदान किया है। एक ही परिवार के पांच सदस्यों द्वारा कुल मिलाकर 223 से अधिक बार रक्तदान करना जिले में एक प्रेरणादायक उदाहरण माना जाता है। यह परिवार वर्षों से रक्तदान को सामाजिक सेवा का सबसे बड़ा माध्यम मानता रहा है। भोजपुर के दिनेश प्रसाद सिन्हा ने 52 बार, डॉ जितेंद्र शुक्ला ने 45 बार, 46 वर्षीय सुनील कुमार पांडेय ने 55 बार तथा अशोक शर्मा ने 20 बार रक्तदान किया है। विशेष बात यह है कि सुनील कुमार पांडेय की पत्नी रीमा पांडेय भी रक्तदान के प्रति जागरूक हैं। उन्होंने अपनी शादी की सालगिरह के अवसर पर चार बार रक्तदान कर समाज के सामने एक सकारात्मक संदेश प्रस्तुत किया।

### जिले में 97.78 हजार हेक्टेयर में होगी धान की खेती

**बक्सर** । जिले का मुख्य फसल चक्र धान और गेहूं है। किसान खरीफ फसलों की खेती में जुट गए हैं। इस वर्ष कृषि विभाग की ओर से धान की खेती और बिचड़ा डालने का लक्ष्य निर्धारित कर दिया गया है। जिला कृषि विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस साल 9778.25 हेक्टेयर में बिचड़ा तैयार करने और 97782.5 हेक्टेयर में रोपनी का टारगेट जिले को मिला है। शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने के लिए जिला कृषि विभाग तैयारी कर रहा है। ब्रह्मपुर प्रखंड में 972.92 हेक्टेयर में धान की नर्सरी डालने का टारगेट दिया गया है। इसी तरह से बक्सर प्रखंड में 810.4 हेक्टेयर, चौगाई प्रखंड में 309.6 हेक्टेयर, चक्की प्रखंड में 56 हेक्टेयर, चौसा प्रखंड में 706.1 हेक्टेयर, डुमरांव प्रखंड में 1220 हेक्टेयर, इटाढ़ी प्रखंड में 1679 हेक्टेयर, टेस्ट प्रखंड में 195.5 हेक्टेयर, नावानगर प्रखंड में 1538.5 हेक्टेयर, राजपुर प्रखंड में 2040.21 हेक्टेयर और सिमरी प्रखंड में 250 हेक्टेयर में धान की नर्सरी डालने का लक्ष्य रखा गया है। महज 27.17 % डाला जा सका है बिचड़ा जिला कृषि विभाग के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार लक्ष्य के विरुद्ध 11 जून तक महज 27.17 % ही धान का बिचड़ा डाला जा सका है। जिले के किसान संजय कुमार राय, गुप्तेश्वर प्रसाद, मानवेन्द्र सिंह आदि ने बताया कि सरकारी बीज नहीं मिलने के कारण भी नर्सरी डालने का काम पिछड़ रहा है। जिला कृषि विभाग की मानें तो 11 जून तक धान का बीज उपलब्ध नहीं हो सका है। कृषि विज्ञान केन्द्र के विशेषज्ञ डॉ. राम केवल ने किसानों को सलाह दी कि नर्सरी के लिए खेत तैयार करने के पहले 12 से 14 घंटे पूर्व धान के बीज को पानी में डाल दें। भीगोने के बाद उसमें दो ग्राम कारबेन्डाजिम प्रति किलो ग्राम बीज की दर से दवा डालें । पानी से बीज निकालकर थोड़ी देर छाया में सूखा लें। इसके बाद उसकी बोआई करें। इससे पौधे स्वस्थ एवं फफूंद रोग से मुक्त रहेंगे। धान की नर्सरी डालने के बाद जब बिचड़ा 21 से 25 दिन का हो जाए तभी रोपाई करें। खेतों की करें मजबूत मेड़बंदी धान खेत की मजबूत मेड़बंदी कर लें, ताकि बारिश का पानी खेत में ही रहे। मेड़बंदी करने से मृदा क्षरण रुकेगा। खेत की जुताई कर लें, इससे खेतों में रह रहे हानिकारक कीटाणुओं व उनके शीशु नष्ट हो जाएंगे। -डॉ. राम केवल, कृषि विज्ञान केन्द्र कृषि विशेषज्ञ

### योजनाओं के लिए 24 घंटे में देनी होगी एनओसी

**बक्सर**| जिला परिषद के माध्यम से संचालित योजनाओं के लिए संबंधित स्थलों की एनओसी जरूरी है। ध्यान रहे कि योजनाओं से संबंधित भूमि अनापत्ति प्रमाण पत्र 24 घंटे के भीतर जिला परिषद कार्यालय को उपलब्ध करा दिया जाए। डीडीसी ने कहा कि विकास योजनाओं के समयबद्ध क्रियान्वयन में किसी प्रकार की प्रशासनिक बाधा नहीं आनी चाहिए। एनओसी की प्रक्रिया में विलंब होने से योजनाओं की प्रगति प्रभावित होती है। इसलिए सभी संबंधित पदाधिकारी इस कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। बैठक में जिला परिषद की योजनाओं के प्रभावी और त्वरित क्रियान्वयन के लिए विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि योजनाओं के कार्यान्वयन में समन्वय और तत्परता बनाए रखें।

### अभियुक्तों के घर चस्पा किये जा रहे इश्तेहार

**बक्सर**| नगर थाना पुलिस ने फरार एवं वांछित अभियुक्तों के विरुद्ध कार्रवाई तेज कर दी है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। न्यायालय के आदेशों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है। बक्सर पुलिस ने स्पष्ट किया कि कानून से बचने का प्रयास करने वाले अभियुक्तों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी तथा न्यायालय के निर्देशों का हर हाल में पालन कराया जाएगा।

### सड़क हादसे में एक की गई जान,दो लोग घायल

**ब्रह्मपुर**| आरा-बक्सर रोड पर गुरुवार को ट्रक और बाइक की टक्कर में एक की मौत हो गई। दो लोग घायल हैं। जानकारी के अनुसार हादसे में घायल तीनों युवकों को प्राथमिक उपचार के लिए रघुनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। चिकित्सकों ने एक को मृत घोषित कर दिया। वह शाहपुर के वीरपुर निवासी बीरेंद्र राम का पुत्र 18 वर्षीय सागर कुमार था। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, बक्सर भेज दिया। सड़क हादसे में घायल शाहपुर के हुलासटोला निवासी चुन्नी लाल यादव का पुत्र अमर कुमार और बनाही निवासी मोहित कुमार है। अमर को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए उच्चतर चिकित्सा केंद्र रेफर कर दिया गया। मोहित को मामूली चोटें आई हैं। उपचार के बाद परिजन उन्हें अपने साथ ले गए। पुलिस छानबीन में जुट गई है। दुर्घटना के बाद मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया। पूरे क्षेत्र में शोक का माहौल है। पुलिस दुर्घटना के कारणों की जांच में जुटी हुई है।

### भगवान वामन के मंदिर को जेल परिसर से बाहर लाने के लिए भेजा गया प्रस्ताव

**बक्सर** । केंद्रीय कारा परिसर स्थित भगवान वामन मंदिर को जेल परिसर से बाहर लाने की दिशा में प्रशासनिक पहल हुई। जिला प्रशासन ने मंदिर के स्थानांतरण और उसके समग्र विकास को लेकर विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन (डीपीआर) तैयार कर कारा विभाग को भेज दिया है। इस पहल के बाद वर्षों से इस मांग को लेकर आंदोलन कर रहे भगवान वामन चेतना मंच के पदाधिकारियों और श्रद्धालुओं में नई उम्मीद जगी है। डीएम साहिला ने मीडिया से बातचीत में बताया कि जिला प्रशासन ने मंदिर से संबंधित रिपोर्ट तैयार कर नक्शे के साथ कारा विभाग के उच्च अधिकारियों को भेजा है। रिपोर्ट में इस बात का विस्तृत उल्लेख किया गया है कि यदि मंदिर को जेल परिसर से बाहर स्थानांतरित किया जाता है, तो इसकी प्रक्रिया क्या होगी। किन विकल्पों पर काम किया जा सकता है।

# आकाश कुमार की हत्या के मामले में 2 आरोपी गिरफ्तार

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**आरा** । भोजपुर के कोईलवर थाना क्षेत्र में पटना के रहने वाले आकाश कुमार की हत्या के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो नामजद आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपितों ने पूछताछ के दौरान हत्या में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली है। पुलिस का दावा है कि दोस्तों के बीच हुए विवाद के बाद गुस्से में आकर आरोपितों ने आकाश का गला दबा दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। घटना के बाद सभी आरोपी शव को छोड़कर मौके से फरार हो गए थे। पुलिस अन्य फरार आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है।

**गिरफ्तार आरोपियों में ये दो शामिल** : गिरफ्तार आरोपितों की पहचान पटना जिले के विक्रम थाना क्षेत्र के बड़की बलियारी गांव निवासी सन्नी कुमार और रोहित कुमार उर्फ गोलू के रूप में हुई है। दोनों को पुलिस ने उनके गांव स्थित घर से गिरफ्तार किया। घटना में प्रयुक्त बाइक भी जब्त कर ली गई है। मृतक के चाचा विनय कुमार के बयान पर विक्रम थाना क्षेत्र के बड़की बलियारी गांव के आठ लोगों को नामजद आरोपित बनाया गया है। कोईलवर थानाध्यक्ष नरोत्तम चंद्र ने बताया कि गिरफ्तार दोनों आरोपितों ने पूछताछ में घटना में अपनी भूमिका स्वीकार की है। पुलिस के अनुसार, पूछताछ के दौरान आरोपितों ने बताया कि चार दोस्त अलग-अलग बाइक से घूमने के लिए चांदी थाना क्षेत्र के बहियारा इलाके में गए थे। इसी दौरान किसी बात को लेकर उनके बीच कहासुनी शुरू हो गई। विवाद धीरे-धीरे बढ़कर मारपीट तक पहुंच गया। आरोपितों का कहना है कि हाथापाई के दौरान आकाश ने भी उन पर हाथ उठाया, जिसके बाद गुस्से में आकर उन्होंने उसका गला पकड़ लिया। गला दबाने से उसकी मौत हो गई।

**बुधवार की शाम 5 बजे दोस्तों के साथ घूमने निकला था** : जानकारी के अनुसार, पटना जिले के विक्रम थाना क्षेत्र के बड़की बलियारी गांव निवासी सुनील कुमार का पुत्र आकाश कुमार बुधवार की शाम करीब साढ़े पांच बजे अपने गांव के ही दोस्तों गोलू, सन्नी और अन्य युवकों के साथ बाइक से घर से निकला था। देर रात तक घर नहीं लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। अगली सुबह गुरुवार को कोईलवर थाना क्षेत्र के बबुरबानी स्थित एक दुकान के पीछे खड़े वाहन से उसका शव बरामद किया गया। शव मिलने के बाद इलाके में सनसनी फैल गई थी। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है और फरार अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी अभियान चला रही है।

## रमडीहरा में चौपाल, बीज वितरण नहीं होने पर किसानों ने जताई अपनी चिंता



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**गड़हनी** । स्थानीय गड़हनी प्रखंड अंतर्गत बड़ौरा पंचायत के रमडीहरा गांव में कृषि विभाग द्वारा किसान चौपाल किया गया। इस अवसर पर किसानों को आधुनिक एवं वैज्ञानिक खेती की नई तकनीकों की जानकारी दी गई। कृषि उत्पादन बढ़ाने के लिए विभिन्न महत्वपूर्ण उपायों से अवगत कराया गया। कृषि विभाग के कृषि समन्वयक सतेन्द्र सिंह एवं कृषि विशेषज्ञों ने किसानों को उन्नत बीजों के चयन, संतुलित उर्वरक उपयोग, कीट एवं रोग प्रबंधन, जल संरक्षण, मृदा स्वास्थ्य परीक्षण तथा फसलों की बेहतर देखभाल के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कृषि योजनाओं और अनुदान संबंधी सुविधाओं की भी जानकारी दी गई। चौपाल में उपस्थित किसानों ने खेती से जुड़ी अपनी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं, जिनका समाधान विशेषज्ञों द्वारा मौके पर ही किया गया। अधिकारियों ने किसानों से आधुनिक तकनीकों को अपनाकर कम लागत में अधिक उत्पादन किया जा सकता है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय किसान उपस्थित रहे। किसानों ने कृषि विभाग की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजनों से उन्हें नई जानकारी मिलती है।

## सड़क हादसे में बच्ची की मौत

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**आरा** । भोजपुर के बबुरा थाना क्षेत्र के कोल्हरामपुर गांव के समीप शुक्रवार को बेलगाम ट्रक ने मासूम बच्ची को रौंद दिया। हादसे में उसकी मौत हो गई। हादसे के बाद ड्राइवर, ट्रक छोड़ मौके से फरार हो गया। सूचना मिलते ही स्थानीय थाना घटनास्थल पर पहुंची उक्त ट्रक को जब्त कर लिया। मृतका की पहचान चरपोखरी थाना क्षेत्र के पड़रिया गांव की रहने वाली गुड्डू नट की 4 साल की बेटी मनीषा कुमारी के रूप में हुई है।

**मृत बच्ची की मां बोली- बेटी को लेकर मायके आई थी** : मृत बच्ची की मां हजबुन खातून ने बताया कि वो बुधवार को अपने बच्चों के साथ थाना क्षेत्र के पचरुखिया कला गांव अपने मायके घूमने आई थी। शुक्रवार की देर शाम वह बच्चों के साथ कोल्हरामपुर बाजार की गई थी। वापस घर लौटने के क्रम में जब वह सड़क पार कर रही थी। तब वह आगे और उसकी बेटी पीछे थी। इसी दौरान बेलगाम ट्रक में उसकी पुत्री को रौंद दिया। जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। पुलिस की ओर से शव का पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में कराया गया। बताया जाता है कि मृत बच्ची अपने तीन बहन व भाई एक भाई में तीसरे स्थान पर थी। उसके परिवार में मां हजबुन खातून व दो बहन चांदनी, गुलफ्सा एवं एक भाई जुम्मन है। घटना के बाद मृत बच्ची के घर में कोहराम मच गया, उसकी मां हजबुन खातून एवं परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## बचपन की सुरक्षा पर फोकस, बाल श्रम व तस्करी के खिलाफ प्रशासन की बढ़ी सख्ती

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता




**आरा** । विश्व बाल श्रम निषेध दिवस पर 12 जून को दिशा एक प्रयास ने जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन के सहयोग से भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी के सभागार में जिलास्तरीय बैठक की। इसमें जिला प्रशासन, जिला श्रम विभाग, जिला बाल संरक्षण इकाई, मानव तस्करी-रोधी इकाई, चाइल्ड हेल्पलाइन, अन्य संबंधित विभागों व संस्थाओं के प्रतिनिधि शामिल हुए। बैठक का उद्देश्य जिले में बाल श्रम और बाल तस्करी रोकने के लिए समन्वित कार्ययोजना बनाना रहा। विभागों और हितधारकों के बीच सहयोग मजबूत करने पर जोर रहा। दिशा एक प्रयास की सचिव कुमारी सुनीता सिंह ने बाल श्रम, बाल तस्करी, बाल संरक्षण, एक्शन मंथ के तहत प्रस्तावित गतिविधियों पर चर्चा की। उन्होंने समन्वित प्रयास, जागरूकता कार्यक्रम, संयुक्त बचाव अभियान, बच्चों के प्रभावी पुनर्वास की जरूरत बताई। वक्ताओं ने कहा कि बाल श्रम बच्चों के शिक्षा, सुरक्षा, सम्मानजनक जीवन के अधिकार का गंभीर उल्लंघन है। बाल तस्करी और बाल श्रम जुड़े हैं। समाधान के लिए प्रशासन, पुलिस, श्रम विभाग, नागरिक समाज संगठनों का समन्वय जरूरी है। मुक्त कराए गए बच्चों का समुचित पुनर्वास जरूरी है। उन्हें शिक्षा और सरकारी योजनाओं का लाभ मिलना चाहिए। बैठक के अंत में सभी प्रतिभागियों ने बाल श्रम और बाल तस्करी मुक्त भोजपुर बनाने के लिए मिलकर काम करने का संकल्प लिया।

## श्रावणी मेला को लेकर जिला प्रशासन अलर्ट

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**बक्सर** । बक्सर जिला प्रशासन आगामी श्रावणी मेला के सफल आयोजन को लेकर सक्रिय हो गया है। इसी क्रम में, जिला पदाधिकारी और पुलिस अधीक्षक की संयुक्त अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। इसमें मेले की तैयारियों, श्रद्धालुओं की सुरक्षा और विभिन्न व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि श्रावणी मेला के दौरान बड़ी संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं को कोई असुविधा न हो। प्रशासन ने श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की।

**व्यवस्थाएं समय पर पूरी करने का निर्देश** : जिला प्रशासन ने मेला क्षेत्र में यातायात प्रबंधन, स्वास्थ्य सेवाएं, पेयजल आपूर्ति, साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, अस्थायी शौचालय, चिकित्सा शिविर और नियंत्रण कक्ष की स्थापना जैसी तैयारियों की समीक्षा की। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि सभी व्यवस्थाएं समय पर पूरी कर ली जाएं ताकि मेले के दौरान कोई समस्या न हो। पुलिस प्रशासन को भी विशेष जिम्मेदारियां सौंपी गईं। पुलिस अधिकारियों को भीड़ प्रबंधन, सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने और संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए गए। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा। आपदा प्रबंधन विभाग को किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार रहने का निर्देश दिया गया। अधिकारियों से कहा गया कि आपातकालीन स्थिति में त्वरित कार्रवाई के लिए सभी संसाधन सक्रिय रखे जाएं।

♦ तैयारियों की हुई व्यापक समीक्षा, हर विभाग की जिम्मेदारी तय

**श्रावणी मेला को लेकर हर विभाग की जिम्मेदारी तय** : जिला पदाधिकारी ने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने और निर्धारित समयसीमा के भीतर तैयारियां पूरी करने का निर्देश दिया। प्रशासन ने कहा कि श्रावणी मेला के सफल आयोजन के लिए हर विभाग की जिम्मेदारी तय की गई है। जिला प्रशासन ने आश्वस्त किया कि श्रावणी मेला के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुविधा और व्यवस्थित आयोजन सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे, ताकि यह आयोजन शांतिपूर्ण और सफल तरीके से संपन्न हो सके।

## इटाढ़ी रेलवे फाटक दोबारा खुलवाने के लिए 15 से आंदोलन करेंगे कांग्रेसी

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता




**बक्सर** । नगर में बंद पड़े इटाढ़ी रेलवे फाटक को दोबारा चालू कराने की मांग को लेकर शुक्रवार को कांग्रेस के नेता और कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि 15 जून तक रेलवे फाटक को दोबारा चालू नहीं किया गया तो आंदोलन किया जाएगा। जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि जिला प्रशासन की ओर से रेलवे फाटक खुलवाने का प्रयास किया गया था। रेलवे ने अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। उन्होंने आरोप लगाया कि रेलवे और संबंधित अधिकारियों की उदासीनता के कारण आम जनता परेशान है। बता दें कि आरओबी का एक स्लैब गिर गया है। इसके चलते ओवरब्रिज बंद कर दिया गया। उनका कहना था कि ओवरब्रिज और फाटक दोनों बंद कर देने से आमलोगों को कठिनाई हो रही है। लोगों को गंतव्य तक पहुंचने के लिए लंबा चक्कर लगाना पड़ रहा है। इससे समय और ईंधन दोनों की बर्बादी हो रही है। दैनिक यात्रियों, छात्रों, व्यवसायियों तथा आपातकालीन सेवाओं से जुड़े लोगों को विशेष परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई मोहल्लों के लोगों के लिए यह समस्या रोजमर्रा की जिंदगी को प्रभावित करने वाली बन गई है। ज्योति प्रकाश चौक से किया पैदल मार्च कांग्रेसियों ने ज्योति प्रकाश चौक से कलेक्ट्रेट तक पैदल मार्च किया। उन्होंने रेलवे और जिला प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। डीएम को ज्ञापन सौंपा। आमलोगों की सुविधा को देखते हुए फाटक को तत्काल खोले जाने की मांग की। मार्च में बड़ी संख्या में महिला और पुरुष कार्यकर्ता पार्टी के झंडे व बैनर के साथ शामिल हुए। आंदोलन का नेतृत्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष पंकज उपाध्याय ने किया। उन्होंने कहा कि बक्सर-इटाढ़ी मार्ग पर रेलवे फाटक को रेलवे ओवरब्रिज शुरू होने के बाद बंद कर दिया गया था। अब ओवरब्रिज बंद हो जाने से आमलोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। श्री उपाध्याय ने कहा कि हाल ही में शुरू हुए बक्सर रेलवे ओवरब्रिज का एक स्लैब गिर गया था।

### वाटर एटीएम और लाइटों की होगी मरम्मत

**बक्सर** । नगर परिषद कार्यालय सभाकक्ष में सशक्त स्थायी समिति की बैठक सभापति कमरून निशा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में विकास कार्यों को लेकर अहम निर्णय लिए गए। कुल 14 एजेंडे पर चर्चा हुई। सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किए गए। इस दौरान शहर में आमजन की सुविधा के लिए लगाई गई वाटर एटीएम और सफाई व्यवस्था पर समिति के सदस्यों ने असंतोष व्यक्त किया। नप की सभापति ने कहा कि सफाई एजेंसी ने समय पर सफाई मित्रों का मानदेय भुगतान नहीं किया। इस कारण एक बार नहीं, बल्कि चार-चार बार कर्मचारी हड़ताल पर गए। सफाई की स्थिति भी दयनीय है। विस्तारित क्षेत्र में हाल और भी खराब है। उन्होंने जून माह के अंत तक सफाई व्यवस्था में सुधार नहीं होने पर एजेंसी को काली सूची में डालने की चेतावनी दी। न्यायसंगत कार्रवाई की बात भी कही। शहर में लगाई गई वाटर एटीएम को लेकर प्रतिदिन शिकायतें आ रही हैं। कहीं वाटर एटीएम से पानी नहीं आता। कहीं कूलिंग की समस्या है। मरम्मत के बाद भी मशीन तुरंत खराब हो जाती है। इसके बारे में संबंधित कंपनी को सूचना दी गई है। कोई पहल नहीं हुई। सभापति ने स्पष्ट कहा कि वाटर एटीएम की तकनीकी जांच कराई जाएगी। तकनीकी रूप से जानकार व्यक्ति से जांच के बाद कंपनी पर उचित कार्रवाई होगी। एलईडी लाइटों की मरम्मत का निर्णय लिया गया। विस्तारित क्षेत्र में जहां सड़क व रास्ते का निर्माण नहीं हो सका है, वहां मिट्टी आदि डालकर रास्ते को चलने लायक बनाने का निर्णय लिया गया। शहर के विभिन्न दस वार्डों में सड़क और नाला निर्माण के लिए निविदा निकालने का निर्णय लिया गया। मौके पर समिति के सदस्य इंद्र प्रताप सिंह, अंजू सिंह, राजू कुमार राय उर्फ झब्बू राय, दिलीप कुमार, मनोज गुप्ता, ईओ कुमार ऋत्विक, अन्य अधिकारी मौजूद थे।

### अधर्म के मार्ग पर चलने वालों का नाश करती है भागवत कथा : कृष्णानंद

**बक्सर** । सर्वजन कल्याण सेवा समिति सिद्धाश्रम धाम में आयोजित 18वें धार्मिक आयोजन के पांचवें दिन आचार्य श्री कृष्णानंद शास्त्री पौराणिक जी ने श्रीमद्भागवत कथा कही। कथा के मुख्य प्रसंगों पर कथाव्यास ने धर्म और कर्म के गूढ़ रहस्य को अत्यंत सरल और तार्किक रूप से सामने रखा। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म की सबसे बड़ी विशेषता यही है कि यहां धर्म ही कर्म है। कर्म ही धर्म है। वास्तव में हमारे धर्मशास्त्र का दूसरा नाम ही कर्मशास्त्र है। श्रीमद्भागवत महापुराण की महिमा का वर्णन करते हुए आचार्य श्री ने बताया कि यह पवित्र ग्रंथ मुख्य रूप से श्रीहरि के कृष्ण अवतार की दिव्य गाथा है। भागवत के अनुसार, आज से ठीक 5260 वर्ष पूर्व यदुवंश में मथुरा के राजा कंस के कारागार में माता देवकी के गर्भ से भगवान श्री कृष्ण ने साक्षात अवतार लिया था। ईश्वर का यह अवतार संसार को अधर्म के अंधकार से निकालकर धर्म के प्रकाश की ओर ले जाने का जीवंत माध्यम बना। कथा में धर्म की ग्लानी (हानि) को परिभाषित करते हुए कहा गया कि जब समाज में धर्म की आड़ लेकर अधर्म फलने-फूलने लगे, लोग अपने कुतर्कों से अधर्म को ही सही सिद्ध करने का प्रयास करने लगें, तो वह कथित धर्म ही सबसे बड़ा पापकर्म बन जाता है। इसी स्थिति को शास्त्रों में "धर्म की ग्लानी"कहा गया है। कथाव्यास ने सचेत किया कि आज भी समाज में कंस और कालनेमि जैसी प्रवृत्तियां सक्रिय हैं। कई लोग साधु, संत, सन्यासी, कथावाचक, त्रिदंडी और महंत का चोला ओढ़कर पहले समाज का विश्वास जीतते हैं। वे स्वयं को स्थापित करते हैं। इसके बाद वे समाज को गलत मार्ग पर ले जाते हैं। वे धर्म के नाम पर षड्यंत्र रचते हैं। वे विनाशकारी पापों में लिप्त हो जाते हैं। ऐसे पाखंडी लोग समाज की संपत्ति, समय और संस्कारों का सत्यानाश कर सनातन धर्म को नुकसान पहुंचा रहे हैं। आचार्य श्री पौराणिक जी ने कहा कि इस भीषण और विषम परिस्थिति में केवल श्रीमद्भागवत कथा ही समाज की रक्षा कर सकती है। कलयुग में यह भागवत साक्षात श्री कृष्ण के रूप में धरती पर विद्यमान है। द्वापर युग में भगवान श्री कृष्ण ने कंस जैसे राक्षसों का वध कर सनातन धर्म को बचाया था।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### ईटकी प्रखंड के लोगों को डालसा ने दी शिशु और डॉन योजना की जानकारी

**रांची।** न्यायमूर्ति सह कार्यपालक अध्यक्ष, झालसा सुजीत नारायण प्रसाद के दिशा-निर्देश पर और सदस्य सचिव झालसा, कुमारी रंजना अस्थाना एवं न्यायायुक्त अनिल कुमार मिश्रा-1 के मार्गदर्शन में 90 दिवसीय विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसी क्रम में शनिवार को ईटकी प्रखंड क्षेत्र के मोरो ग्राम में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एलएडीसी मेम्बर, वीरेंद्र प्रताप, पीएलवी पीएलवी शंकर साहू, अजय कुमार गोप, सोनू कुमार साहू, मासूम राजा, राकेश कुमार मिश्रा सहित अन्य लोग उपस्थित थे। मौके पर वीरेंद्र प्रताप ने झालसा की ओर से संचालित योजना शिशु एवं डॉन के बारे में लोगों को जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अनाथ बच्चों की मदद करना ही शिशु योजना का उद्देश्य है। कोरोना महामारी के दौरान जिन बच्चों ने अपने माता-पिता दोनों को या घर के कमाऊ सदस्य को खो दिया था, उन्हें सहारा देना है। ऐसे संकटग्रस्त बच्चों को वित्तीय, सामाजिक और कानूनी सहायता देकर उनके मौलिक अधिकारों की रक्षा की जाती है। साथ ही अनाथ बच्चों को माता-पिता के न रहने पर बाल श्रम, बाल तस्करी या किसी भी तरह के शोषण की दलदल में फंसने से बचाया जाता है। इसके अलावा डालसा के कार्यरत पीएलवी ने बाल विवाह, बाल श्रम, विधवा पेंशन, वृद्धा पेंशन और राज्य सरकार की ओर से चलाये जा रहे लाभकारी योजनाओं के बारे में भी जानकारी दी। इसके अलावा नालसा के टॉल फ्री नम्बर - 1510 के बारे में भी बताया गया। डालसा के पीएलवी ने 12 सितंबर को आयोजित होनेवाली राष्ट्रीय लोक अदालत की भी जानकारी दी।

### रांची में कार का शीशा तोड़कर गहने और नकदी चोरी, जांच में जुटी पुलिस

**रांची।** राजधानी रांची में अपराधियों ने एक कार का शीशा तोड़कर उसमें रखे गहने और नकदी चोरी कर ली। यह घटना शहर के व्यस्त मेन रोड क्षेत्र में स्थित महावीर बेकरी के समीप हुई। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, जमशेदपुर निवासी रोहित गुप्ता अपनी शादी की सालगिरह के अवसर पर परिवार के साथ रांची आए थे। शुक्रवार देर रात वह मेन रोड स्थित महावीर बेकरी से केक खरीदने के लिए पहुंचे। उन्होंने अपनी कार को लॉक कर बेकरी के बाहर खड़ा किया और केक लेने के लिए दुकान के अंदर चले गए। पीड़ित के अनुसार, चोरी हुए हैंडबैग में उनकी पत्नी के सोने के कुछ गहने और करीब पांच हजार रुपये नकद रखे हुए थे। गहनों में सोने के झुमके सहित अन्य कीमती सामान शामिल था। उन्होंने बताया कि घटना के बाद सबसे पहले उन्होंने बेकरी संचालक से सहायता मांगी, लेकिन देर रात होने का हवाला देकर दुकान बंद कर दी गई। इसके बाद उन्होंने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। हालांकि तत्काल अपराधियों का कोई सुराग नहीं मिल सका। इसके बाद रोहित गुप्ता ने लोअर बाजार थाना में अज्ञात अपराधियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई। मामले की जांच कर रहे नगर पुलिस उपाधीक्षक (सिटी डीएसपी) के. वी. रमण ने बताया कि अपराधियों की पहचान के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। पुलिस विभिन्न तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर अपराधियों तक पहुंचने का प्रयास कर रही है। उन्होंने विश्वास जताया कि जल्द ही आरोपितों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### सांप के डंसने से दो महिलाओं की मौत

**पूर्वी सिंहभूम।** पूर्वी सिंहभूम जिले के डुमरिया थाना क्षेत्र में करैत सांप के डंसने से दो महिलाओं की मौत हो जाने के बाद ग्रामीण इलाकों में भय और चिंता का माहौल है। शनिवार रात अलग-अलग गांवों में हुई इन घटनाओं में मृतकों की पहचान सुमी सरदार और निनी महाकुड़ के रूप में हुई है। दोनों को सांप के डंसने के बाद परिजनों ने तत्काल डुमरिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए एमजीएम अस्पताल जमशेदपुर रेफर किया गया था। परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार, पहली घटना में सुमी सरदार को करैत सांप ने डंस लिया था। उनकी हालत बिगड़ने पर उन्हें एमजीएम अस्पताल भेजा गया, लेकिन इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से इनकार करते हुए अंतिम संस्कार की तैयारी शुरू कर दी। वहीं, बेसरापहाड़ी गांव निवासी 28 वर्षीय निनी महाकुड़ को देर रात करैत सांप ने बाएं हाथ में डंस लिया। परिजनों ने तत्परता दिखाते हुए उन्हें अस्पताल पहुंचाया और सांप को पकड़कर बोतल में बंद कर चिकित्सकों को भी दिखाया। हालांकि जहरीले करैत सांप के जहर का असर तेजी से फैलने के कारण उनकी भी इलाज के दौरान मौत हो गई।

### आयता सड़क हादसे के बाद नो एंट्री की मांग तेज, आंदोलन की चेतावनी

**पश्चिमी सिंहभूम।** आयता गांव में शुक्रवार को हुई सड़क दुर्घटना के बाद नो एंट्री आंदोलन समिति ने प्रशासन पर दबाव बढ़ाते हुए क्षेत्र में नो एंट्री व्यवस्था लागू करने की मांग दोहराई है। समिति के संयोजक रमेश बालमुचू के नेतृत्व में सदस्यों ने शनिवार को उपायुक्त कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा और सड़क सुरक्षा को लेकर तत्काल कार्रवाई की मांग की। रमेश बालमुचू ने कहा कि क्षेत्र में लगातार सड़क हादसे हो रहे हैं, जिनमें लोगों की जान जा रही है और कई लोग गंभीर रूप से घायल होकर स्थायी रूप से प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि दुर्घटनाओं के कारण अनेक परिवारों को भारी आर्थिक और सामाजिक संकट का सामना करना पड़ रहा है, लेकिन इसके बावजूद प्रशासन और सरकार की ओर से अपेक्षित कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि नो एंट्री व्यवस्था लागू करने की मांग को लेकर समिति ने पूर्व में उपायुक्त, परिवहन मंत्री और राज्यपाल को भी आवेदन सौंपा गया है। इसके अलावा ग्रामीणों ने अपनी मांगों को लेकर पदयात्रा कर मुख्यमंत्री से मिलने का प्रयास भी किया था। उन्होंने आरोप लगाया कि आंदोलन के दौरान कई ग्रामीणों को प्रशासनिक कार्रवाई का सामना करना पड़ा और कुछ लोगों को जेल भी जाना पड़ा, लेकिन समस्या का समाधान अब तक नहीं हो सका है। बालमुचू ने कहा कि यदि प्रशासन जल्द ही क्षेत्र में नो एंट्री व्यवस्था लागू नहीं करता है, तो समिति व्यापक जन आंदोलन शुरू करने पर विवश होगी। उन्होंने लोगों से सड़क सुरक्षा और अपने अधिकारों की रक्षा के लिए एकजुट होने की अपील भी की। ज्ञापन सौंपने के दौरान रेयांस सामड, महेंद्र जामुदा, सन्नी संदीप देवगम, वीर सिंह बालमुचू, संदीप सरिल देवगम, उषा रानी सवैया सहित समिति के कई सदस्य उपस्थित थे।

### झंडा गड़ी सह प्रार्थना सभा का आयोजन

**खूंटी।** कर्रा प्रखंड के जरियागढ़ पंचायत अंतर्गत चुरले गांव में शनिवार को चुरले सरना समिति के तत्वाधान में झंडा गड़ी सह प्रार्थना सभा का आयोजन पारंपरिक रीति-रिवाजों और श्रद्धा के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सरना धर्मावलंबियों और ग्रामीणों ने भाग लेकर प्रकृति पूजा और अपनी सांस्कृतिक परंपराओं के प्रति गहरी आस्था प्रकट की। गांव के पाहन बंधन होरो ने सरना स्थल पर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और क्षेत्र की सुख-समृद्धि, अच्छी फसल और खुशहाली की कामना की। पूजा-अर्चना के बाद महिलाओं ने सरना स्थल पर जल अर्पित कर सामूहिक प्रार्थना की। कार्यक्रम के दौरान आदिवासी पारंपरिक वेशभूषा में सुसज्जित खोड़हा मंडली ने ढोल-मांदर की थाप पर मनमोहक सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुत किया, जिससे पूरे परिसर में उत्साह और उल्लास का माहौल बना रहा। प्रार्थना सभा देर शाम तक चली, जिसके बाद श्रद्धालुओं एवं अतिथियों के लिए सामूहिक भोज का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान बंधन होरो, जयमसीह आईन्द, जीतरू होरो, गुगन होरो, सोहराई होरो, अभिषेक होरो, जीता होरो, हरि होरो, एतवा बघवार, शांति सारिका होरो, झीरगी, चम्मा, कैलाश होरो सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

# कोकर में युवक की हत्या के दो आरोपित गिरफ्तार, वारदात में प्रयुक्त चाकू बरामद

**एजेंसी। रांची**



रांची पुलिस ने सदर थाना क्षेत्र के कोकर स्थित गितिल कोचा में एक युवक की हत्या मामले का खुलासा करते हुए दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान रिंकु बड़ाईक और कार्तिक कुमार के रूप में हुई है। पुलिस ने उनकी निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त धारदार चाकू भी बरामद कर लिया है। नगर पुलिस उपाधीक्षक (सिटी डीएसपी) केवी रमण ने शनिवार को आयोजित प्रेस वार्ता में बताया कि नौ जून को सदर थाना क्षेत्र के गितिल कोचा में 29 वर्षीय आशिष लकड़ा पर अज्ञात व्यक्तियों ने धारदार हथियार से हमला कर दिया। हमले में गंभीर रूप से घायल आशिष लकड़ा को तत्काल पुलिस की सहायता से इलाज के लिए रिम्स भेजा गया, जहां चिकित्सकों के प्रयासों के बावजूद दस जून को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना के बाद मृतक के भाई बिराज लकड़ा के फर्दबयान के आधार पर सदर थाना में कांड संख्या 268/2026 दर्ज किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए वरीय पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन के निर्देश पर विशेष छापेमारी टीम का गठन किया गया। टीम को घटना के सभी पहलुओं की जांच कर आरोपितों की शीघ्र गिरफ्तारी का जिम्मा सौंपा गया था। जांच के दौरान पुलिस ने घटनास्थल के आसपास के लोगों से पूछताछ की, तकनीकी साक्ष्य जुटाए और विभिन्न बिंदुओं पर छानबीन की। इसके बाद पुलिस को मामले में महत्वपूर्ण सुराग मिले, जिसके आधार पर रिंकु बड़ाईक और कार्तिक कुमार को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के दौरान दोनों आरोपितों ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। पुलिस के अनुसार, घटना के दिन दोनों पक्ष एक साथ बैठकर खाना-पीना कर रहे थे। इसी दौरान किसी बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच कहासुनी शुरू हो गई, जो देखते ही देखते धक्का-मुक्की में बदल गई। विवाद बढ़ने पर आरोपितों ने आक्रोश में आकर आशिष लकड़ा पर धारदार चाकू से हमला कर दिया। गंभीर चोट लगने के कारण उसकी बाद में मौत हो गई। डीएसपी केवी रमण ने बताया कि गिरफ्तार आरोपितों के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है और उन्हें न्यायिक हिरासत में भेजने की प्रक्रिया पूरी की जा रही है। साथ ही पुलिस मामले के अन्य पहलुओं की भी जांच कर रही है। इस मामले के खुलासे में गठित विशेष छापेमारी टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। टीम में डीएसपी संजीव बेसरा, सदर थाना प्रभारी कुलदीप कुमार, चंदन कुमार, दीपक नारायण सिंह, दीपक राणा, विकास प्रसाद, जमील अंसारी तथा सदर थाना के रिजर्व गार्ड शामिल थे।

## आंगनवाड़ी कर्मियों के मानदेय में जल्द होगी बढ़ोतरी : जय प्रकाश पांडेय



**एजेंसी। रांची**

झारखंड राज्य समाज कल्याण आंगनवाड़ी कर्मचारी संघ के संयोजक जय प्रकाश पांडेय ने दावा किया है कि केंद्र सरकार जल्द ही देशभर के आंगनवाड़ी सेविका और सहायिकाओं के मानदेय में बढ़ोतरी करेगी। उन्होंने शनिवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि राष्ट्रीय आंगनवाड़ी संघ के केंद्रीय महामंत्री अशोक कुमार सिंह नयन के नेतृत्व में विभिन्न राज्यों के प्रतिनिधिमंडल ने केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी से मुलाकात कर आंगनवाड़ी कर्मियों की समस्याओं और मांगों को उनके समक्ष रखा। इसके बाद कर्मियों के मानदेय में बढ़ोत्तरी का आश्वासन मिला है। मंत्री ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि सभी राज्यों में आंगनवाड़ी कर्मियों के मानदेय में वृद्धि को लेकर सकारात्मक पहल की जाएगी। साथ ही प्रत्येक तीन वर्ष पर नया मोबाइल उपलब्ध कराने तथा मोबाइल रिचार्ज के लिए प्रतिवर्ष 4000 रुपये की राशि स्वीकृत करने पर भी सहमति जताई गई है। उन्होंने कहा कि प्रतिनिधिमंडल ने आंगनवाड़ी सेविका और सहायिकाओं की विभिन्न समस्याओं को मंत्री के समक्ष रखा, जिस पर गंभीरता से विचार करने का आश्वासन मिला है। पांडेय ने कहा कि सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में मातृ एवं शिशु पोषण, प्रारंभिक शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं में आंगनवाड़ी कर्मियों की महत्वपूर्ण भूमिका से अवगत है तथा उनकी समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है।

## झारखंड में मानसून की दस्तक, लेकिन असर कमजोर, 19 जून तक बारिश, वज्रपात और तेज हवाओं का येलो अलर्ट

**एजेंसी। रांची**



दक्षिण-पश्चिम मानसून ने झारखंड में प्रवेश कर लिया है, लेकिन राज्य में इसका व्यापक प्रभाव अभी देखने को नहीं मिल रहा है। मानसून की दस्तक के बावजूद अधिकांश जिलों में बारिश की गतिविधियां सीमित बनी हुई हैं। हालांकि संथाल परगना क्षेत्र के कुछ इलाकों में हल्की बारिश दर्ज की गई है, जिससे लोगों को गर्मी से आंशिक राहत मिली है। मौसम विभाग ने राज्य के विभिन्न जिलों के लिए 13 जून से 19 जून तक बारिश, आकाशीय बिजली गिरने और तेज हवाएं चलने की संभावना जताई है। इस अवधि के दौरान कई स्थानों पर 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चल सकती है। संभावित मौसमीय गतिविधियों को देखते हुए येलो अलर्ट जारी किया गया है और लोगों से सतर्क रहने की अपील की गई है। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार, पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में सबसे अधिक तापमान डाल्टनगंज में 39.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि सबसे कम तापमान लातेहार में 22.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। तापमान में इस अंतर ने राज्य के विभिन्न हिस्सों में मौसम की अलग-अलग स्थिति को दर्शाया है। बारिश की बात करें, तो बीते 24 घंटे के दौरान सबसे अधिक वर्षा रामगढ़ के डीवीसी क्षेत्र में 15.7 मिलीमीटर दर्ज की गई। अन्य जिलों में बारिश की गतिविधियां अपेक्षाकृत कम रहीं। मौसम वैज्ञानिकों का मानना है कि अगले कुछ दिनों में मानसून की सक्रियता बढ़ने के साथ वर्षा की मात्रा में भी वृद्धि हो सकती है। राजधानी रांची में शनिवार सुबह से मौसम साफ रहा और तेज धूप खिली रही। हालांकि दोपहर बाद मौसम ने करवट ली और आसमान में काले बादल छा गए। इस दौरान मध्यम गति से ठंडी हवाएं चलीं, जिससे मौसम काफी सुहावना हो गया और लोगों को गर्मी से राहत महसूस हुई। राज्य के प्रमुख शहरों के तापमान पर नजर डालें, तो रांची में अधिकतम तापमान 31.4 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 23.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जमशेदपुर में अधिकतम तापमान 34.7 डिग्री और न्यूनतम 27.3 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ। वहीं डाल्टनगंज में अधिकतम तापमान 39.8 डिग्री और न्यूनतम 28.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो राज्य में सबसे अधिक रहा। इसके अलावा बोकारो में अधिकतम तापमान 34.2 डिग्री और न्यूनतम 25.1 डिग्री सेल्सियस, जबकि चाईबासा में अधिकतम तापमान 35.4 डिग्री और न्यूनतम 24.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग का कहना है कि आगामी दिनों में बादलों की आवाजाही और वर्षा की गतिविधियों के कारण तापमान में कुछ गिरावट दर्ज की जा सकती है। मौसम विभाग ने लोगों को खराब मौसम के दौरान विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी है। विभाग ने आकाशीय बिजली गिरने की आशंका को देखते हुए खुले मैदानों, पेड़ों और बिजली के खंभों के नीचे खड़े होने से बचने तथा मौसम संबंधी चेतावनियों पर नजर बनाए रखने का आग्रह किया है।

# बाल श्रम मुक्त समाज के लिए पंचायतों ने छेड़ी जागरूकता मुहिम

**एजेंसी। पश्चिमी सिंहभूम**



पश्चिमी सिंहभूम जिले के नोवामुंडी प्रखंड अंतर्गत किरीबुरू पश्चिम, मेघाहातुबुरु दक्षिण और बड़ाजामदा पंचायतों में विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर शनिवार को जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को बाल श्रम उन्मूलन और नशामुक्त समाज के निर्माण का संदेश दिया गया। कार्यक्रमों का नेतृत्व किरीबुरू पश्चिम की मुखिया पार्वती कीड़ों, मेघाहातुबुरु दक्षिण की मुखिया प्रफ्फुलित ग्लोरिया टोपनो तथा बड़ाजामदा पंचायत की मुखिया पार्वती देवगम ने किया। बाल श्रम के खिलाफ जनजागरण के दौरान वक्ताओं ने कहा कि बच्चों को मजदूरी में लगाना उनके अधिकारों का हनन है। प्रत्येक बच्चे को शिक्षा, सुरक्षा और बेहतर भविष्य का अधिकार प्राप्त है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि यदि कोई बच्चा मजदूरी करता दिखाई दे तो उसे स्कूल से जोड़ने में सहयोग करें। कार्यक्रम के दौरान नशा मुक्ति को लेकर भी जागरूकता अभियान चलाया गया। महिलाओं और ग्रामीणों ने रैली निकालकर नशे और बाल श्रम के खिलाफ लोगों को जागरूक किया। वक्ताओं ने कहा कि बाल श्रम और नशाखोरी जैसी सामाजिक बुराइयों को समाप्त करने के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी हैं। अंत में उपस्थित लोगों ने बाल श्रम मुक्त और नशामुक्त समाज के निर्माण का संकल्प लिया। कार्यक्रम में उप मुखिया सुमन मुंडू, वार्ड सदस्य शानी हेस्सा, रीना दास, मीनाक्षी देवी, अस्थि सुरेन, कमला कुई, सरस्वती देवी, सुषमा लोहार, रायमणी देवी, संजू देवी, मुंगरी देवी, सुखमति बोबोंगा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण और महिलाएं शामिल हुईं।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, गढ़वा

**विधायक निधि (MLA FUND)**

**अल्पकालिन ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा संख्या – 1/2026-27/NREP/GARHWA दिनांक – 13.06.2026

1. कार्य का विवरण :–

| क्र0 | प्रखण्ड | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि – अंक में (लाख में) | प्राक्कलित राशि – अक्षर में | परिमाण विपत्र की राशि | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गढ़वा | गढ़वा जिला अधिवक्ता संघ गढ़वा के पंचायत भवन में लिफ्ट अधिष्ठापन कार्य। | 17,82,200 | सतरह लाख बयासी हजार दो सौ रू0। | 5000 | 36000 | 02 (दो) महीना |

2. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– 20.06.2026
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 27.06.2026 अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 29.06.2026 पूर्वाह्न 11:30 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, गढ़वा।
6. ई–निविदा प्रकोश्ठ का दूरभाष सं0:– 9955921643

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, गढ़वा

PR 382324 NREP (26-27)_D



## कार्यालय नगर परिषद्, बिश्रामपुर (पलामू)।
Near Block Office, Block Road Bishrampur, Palamu (Jharkhand), Pin code- 822132
Email Id – nagarpanchayatbishrampur2010@gmail.com

**GOVERNMENT OF JHARKHAND**
**URBAN DEVELOPMENT OF DEPARTMENT**
**NAGAR PARISHAD, BISHRAMPUR**
**PROCURMENT NOTICE (VERY SHORT-TERM NOTICE)**

| Sl. | Ward No. | Reference No. | Scheme Name | Estimate Cost | Earnest Money (2% of Estimate Cost) | Tender Fee | Completion Of Work |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| नागरिक सुविधा मद | | | | | | | |
| 1 | 2 | UDD/NPB/11 /2026-27 (2nd Call) | Construction of P.C.C. Ro ad from house of Chandrika Chaudhary to house of Mahendra Chaudhary in ward- 2 under BNP. | 999964.00 | 19999.00 | 5000.00 | 90 Days |
| 2 | 8 | UDD/NPB/12 /2026-27 (2nd Call) | Construction of R.C.C DRAIN from house of Murtza Ansari to house of Manzoor Ansari in ward-8 under BNP | 999547.00 | 19991.00 | 5000.00 | 90 Days |
| 3 | 16 | UDD/NPB/13 /2026-27 (2nd Call) | Construction of P.C.C.Road and Culvert from nagar parishad road to house of lalan prajapati in ward- 16 under BNP. | 998761.00 | 19975.00 | 5000.00 | 90 Days |
| 4 | 20 | UDD/NPB/14 /2026-27 (2nd Call) | Construction of P.C.C.Road and Culvert from Primary School to House of Pradeep Bhuiyan via Main Road Bishrampur in ward- 20 under BNP. | 998761.00 | 19975.00 | 5000.00 | 90 Days |
| 5 | 10 | UDD/NPB/15 /2026-27 (2nd Call) | Construction of PCC ROAD on kachcha road WITH DRAIN in middle from Devi Mandap Pandeypur to house of Maya Kunwar in Pandeypur ward-10 under BNP | 998292.00 | 19966.00 | 5000.00 | 90 Days |
| 6 | 17 | UDD/NPB/16 /2026-27 (2nd Call) | Construction of RCC Drain from Santosh Tea Stall to Boundary of Prem Shankar Dubey in ward 17 under BNP. | 997901.00 | 19958.00 | 5000.00 | 90 Days |
| 7 | 7 | UDD/NPB/17 /2026-27 (2nd Call) | Construction of R.C.C DRAIN from Koyal River ghat to house of Pyari Chaudhry in ward-7 under BNP | 932184.00 | 18644.00 | 5000.00 | 90 Days |
| 8 | 11 | UDD/NPB/18 /2026-27 (2nd Call) | Construction of RCC Drain Hand pump near house of dinesh prasad to house of Jatu mistry in ward 11 under BNP. | 922393.00 | 18448.00 | 5000.00 | 90 Days |
| 9 | 1 | UDD/NPB/19 /2026-27 (2nd Call) | Construction of P.C.C.Road, a Culvert and Guardwall from Sigsigi main road to house of Rajdev Chaudhary in ward- 1 under BNP. | 891647.00 | 17833.00 | 5000.00 | 90 Days |
| 10 | 3 | UDD/NPB/20 /2026-27 (2nd Call) | Construction of Gaurdwall near house of Manu Pandey to Utari road Culvert in ward-3 under BNP. | 880740.00 | 17615.00 | 5000.00 | 90 Days |
| 11 | 17 | UDD/NPB/21 /2026-27 (2nd Call) | Construction of PCC Road with drain from House of Ramu Choudhary to House of Sarju Ram via House of Govind Singh in Ward 17 under BNP. | 838443.00 | 16769.00 | 5000.00 | 90 Days |
| 12 | 17 | UDD/NPB/22 /2026-27 (2nd Call) | Construction of RCC Drain from House of Shankar Miskar to Hospital Boudary via Chutur Saw and Ramchandra Saw in Ward 17 under BNP. | 693846.00 | 13877.00 | 5000.00 | 90 Days |
| 13 | 19 | UDD/NPB/23 /2026-27 (2nd Call) | Constuction of PCC Road with drain from dihwar baba dev asthal to main road via house of rafique ansari in ward 19 under BNP. | 691980.00 | 13840.00 | 5000.00 | 90 Days |
| 14 | 12 | UDD/NPB/24 /2026-27 (2nd Call) | Construction of P.C.C. Road with drain from durga mandap to house of mahendra Ram in ward 12 under BNP | 684525.00 | 13691.00 | 5000.00 | 90 Days |
| 15 | 10 | UDD/NPB/25 /2026-27 (2nd Call) | Construction of PCC ROAD on kachcha road with BOX CULVERT from house of Saluddin Ansari to house of Muslim Ansari in Pandeypur ward-10 under BNP | 681527.00 | 13631.00 | 5000.00 | 90 Days |
| 16 | 13 | UDD/NPB/26 /2026-27 (2nd Call) | Construction of P.C.C. Road with drain from Ursula main road to Primary School Ursula in ward 13 under BNP | 415260.00 | 8305.00 | 1000.00 | 90 Days |
| 17 | 10 | UDD/NPB/27 /2026-27 (2nd Call) | Construction of PCC ROAD on kachcha road with DRAIN in middle from Khurshid Ansari to house of Baksuddin Ansari in Pandeypur ward-10 under BNP. | 361088.00 | 7222.00 | 1000.00 | 90 Days |
| 18 | 1 | UDD/NPB/28 /2026-27 (2nd Call) | Construction of R.C.C Culvert near Prajapati tola in ward- 1 under BNP. | 348107.00 | 6962.00 | 1000.00 | 90 Days |
| 19 | 2 | UDD/NPB/29 /2026-27(2nd Call) | Construction of Gaurdwall near house of Kallu Chaudhary in ward-2 under BNP. | 347368.00 | 6947.00 | 1000.00 | 90 Days |
| 20 | 15 | UDD/NPB/30 /2026-27 (2nd Call) | Construction of P.C.C. Road with drain from house of painter Anand to house of Doman mehta in ward 15 under BNP | 347176.00 | 6944.00 | 1000.00 | 90 Days |
| 21 | 20 | UDD/NPB/31 /2026-27 (2nd Call) | Construction of P.C.C.Road and Culvert from house of Vinod ram to field of Basant ram in ward- 20 under BNP. | 340793.00 | 6816.00 | 1000.00 | 90 Days |
| 22 | 15 | UDD/NPB/32 /2026-27 (2nd Call) | Construction of P.C.C. Road with drain from house of Vijay Paswan to yusuf khalifa in ward 15 under BNP | 267987.00 | 5360.00 | 1000.00 | 90 Days |
| 23 | 15 | UDD/NPB/33 /2026-27 (2nd Call) | Construction of P.C.C. Road with drain from house of Safi Ansari to house of Imtiyaz Ansari in ward 15 under BNP | 220812.00 | 4416.00 | 1000.00 | 90 Days |
| 24 | 4 | UDD/NPB/47 /2026-27 | Construction of RCC Drain from house of Rampravesh Pal to Boundry of Santosh Mishra in ward 4 under BNP. | 998738.00 | 19975.00 | 5000.00 | 90 Days |
| 25 | 6 | UDD/NPB/48 /2026-27 | Construction of PCC ROAD on kachcha road WITH DRAIN in middle from house of Mohan Dixit to house of Munna Chawkidar in ward-6 under BNP. | 602738.00 | 12055.00 | 5000.00 | 90 Days |
| 26 | 4 | UDD/NPB/49 /2026-27 | Construction of RCC Drain from house of Imran Ansari to Railway line PCC Road in ward 4 under BNP. | 830205.00 | 16605.00 | 5000.00 | 90 Days |
| 27 | Date of Tender Publication | | | 14.06.2026, 11:00 AM | | | |
| 28 | Date of BOQ sale offline | | | 20.06.2026, 11:00 AM to 02:00 PM at Office of Nagar Parishad Bishrampur | | | |
| 29 | Last Date and Time of Offline Submission Of Bids | | | 23.06.2026, 11:00 AM to 02:00 PM at Police Station Bishrampur | | | |
| 30 | Date of Bid Opening | | | 24.06.2026, 11:00 AM at Office Nagar Parishad Bishrampur | | | |
| 31 | Name & Address of Office Inviting Tend er | | | EXECUTIVE OFFICER NAGR PARISHAD BISHRAMPUR | | | |
| 32 | Contact No. of Procurement Officer | | | 6370767832, 9123121713 | | | |
| 33 | Helpline Number of E-Procurement Cell | | | 06584 299971 | | | |

NOTE: -
1. Contractors should be registered in appropriate class as per NIT.
2. For More Details on the Office Notice Board or https://udhd.jharkhand.gov.in/ULB/Bishrampur/Bishrampur.aspx

PR 382311 (District) 26-27 (D)

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर परिषद बिश्रामपुर

## संक्षिप्त समाचार

### चंद्रपुर की सावली तहसील में 30 हाथियों का डेरा

**चंद्रपुर , एजेंसी।** चंद्रपुर में पिछले कुछ दिनों से सावली तहसील में हाथियों के विचरण ने वन प्रशासन की चिंता बढ़ा दी है। पता चला है कि हाथियों का झुंड सावली के हरम्बा उमरी तालाब



इलाके के घने जंगल में पहुंच गया है। चूंकि झुंड अभी जंगल में ही है, इसलिए आसपास के गांवों, खेतों और मानव बस्तियों के मद्देनजर मानव-हाथी संघर्ष की संभावना बढ़ गई है। इस बीच बताया जा रहा है कि शुक्रवार को वनविभाग ने एक उच्चस्तरीय बैठक ली, जिसमें इन हाथियों के प्रबंधन व नियंत्रण के बारे में अगली रणनीति बनाने का निर्णय हुआ। वनविभाग ड्रोन, पेट्रोल टीम और स्थानीय कर्मचारियों के जरिए हाथियों की हलचलों पर लगातार नजर रख रहा है। सावली के वनपरिक्षेत्र अधिकारी विनोद धुर्वे के मुताबिक, इतने बड़े झुंड को नियंत्रित करना और तुरंत वापस भेजना मुमकिन नहीं है। वनविभाग का मुख्य उद्देश उनकी हलचलों पर नजर रखना और लोगों को सतर्क करना है। हाथियों की बढ़ती हलचल को देखते हुए, शुक्रवार को जिलाधिकारी, मुख्य वनसंरक्षक ने ब्रह्मपुरी में ड्रोन कैमरे से हाथियों के झुंड का अवलोकन किया, ऐसी जानकारी है। वनसंरक्षक, सीईओ, एसडीओ, तहसीलदार और वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक उच्चस्तरीय बैठक में हाथियों की हलचल, लोगों की सुरक्षा के उपाय, फसल हानि, लोगों में जागरूकता और अगली कार्रवाई की योजना पर चर्चा की गई है। पिछले दो हफ्तों से सावली में हाथी लगातार घूम रहे हैं और वन प्रशासन उनकी हर हरकत पर नजर रखे हुए है। बताया जाता है कि 30 हाथियों के झुंड का सुरक्षित प्रबंधन, मानव-हाथी संघर्ष से बचना, फसल नुकसान कम करना, 3 संवेदनशील चंद्रपुर गांवों में निगरानी बढ़ाना, संबंधित इलाके में वनविभाग की पेट्रोलिंग बढ़ाना, झुंड को कुदरती तरीकों से वापस जंगल भेजने के लिए सही हालात बनाना आदि अहम मुद्दों पर चर्चा हुई परंतु वास्तव में इस दिशा में कौनसे कदम उठाए गए है? इस बारे में आधिकारिक ब्यौरा नहीं मिल सका।

### पाकिस्तान को सिंधु का एक बूंद भी पानी नहीं

**हैदराबाद, एजेंसी।** केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आतंकवाद को लेकर पाकिस्तान और उसे बढ़ावा देने वाले तत्वों पर तीखा हमला बोला है। हैदराबाद में तेलंगाना भाजपा द्वारा आयोजित एक बुद्धिजीवी सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने साफ किया कि एनडीए सरकार आतंकवाद को प्रायोजित करने वालों तक सिंधु नदी का पानी किसी भी कीमत पर नहीं पहुंचने देगी। रक्षा मंत्री ने हालिया सैन्य कार्रवाई का जिक्र करते हुए कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के जरिए भारत ने दुनिया को दिखा दिया है कि जो लोग शांति और सद्भाव की भाषा नहीं समझते उन्हें उनकी ही भाषा में कैसे जवाब दिया जाता है। राजनाथ सिंह ने ऑपरेशन सिंदूर और सैनिकों की बहादुरी पर सवाल उठाने के लिए कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी नेताओं की कड़ी आलोचना की। उन्होंने कहा कि सरकार ने पहले ही स्पष्ट कर दिया था कि यदि भारत के खिलाफ आतंकवादी हमले किए गए तो पाकिस्तान को अनाज और पानी की आपूर्ति रोक दी जाएगी। पहलगाम आतंकी हमले का हवाला देते हुए रक्षा मंत्री ने कहा, 'पहलगाम हमले के बाद सिंधु जल समझौते को निलंबित करके हमने साफ कह दिया था कि जिनके आंसू सूख चुके हैं, वे हमसे पानी की उम्मीद न करें। हम सिंधु के पानी को आतंकवादियों के आकाओं और मानवता के दुश्मनों तक नहीं पहुंचने देंगे।' भारत के पास वैक्सीन भी है और ब्रह्मोस भी रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत आज दुनिया में एक विश्वसनीय भागीदार के रूप में उभरा है और आपदाओं के समय हमेशा दूसरे देशों की मदद के लिए आगे आया है। कोरोना महामारी के दौरान कई देशों को भारत द्वारा दी गई सहायता का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि देश को वैश्विक स्तर पर विश्व बंधु'(दुनिया का दोस्त) के रूप में देखा जाता है। हालांकि, उन्होंने दुश्मनों को सचेत करते हुए कहा, 'भारत के दुश्मनों को यह नहीं भूलना चाहिए कि देश के पास न केवल वैक्सीन है बल्कि ब्रह्मोस मिसाइल भी है।'

# 1971 करोड़ का मेगा प्लान, प्रदूषण और ट्रैफिक जाम से मिलेगी मुक्ति; 2722 नए कैमरे भी लगेंगे

**गुरुग्राम, एजेंसी।** वायु प्रदूषण और सड़क धूल पर नियंत्रण के लिए गुरुग्राम में सड़क सुधार कार्य किए जाएंगे। इसके तहत 726.54 किलोमीटर सड़क नेटवर्क के पुनर्विकास पर लगभग 1971 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे।




वर्ष 2026 के दौरान 495 किलोमीटर सड़कों के सुधार का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें से 195 किलोमीटर से अधिक कार्य पूरा किया जा चुका है। यह जानकारी वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) की समीक्षा बैठक में नगर निगम आयुक्त प्रदीप दहिया ने दी। सड़कों पर जमा धूल को नियंत्रित करने के लिए नगर निगम द्वारा 20 मैकेनिकल रोड स्वीपिंग मशीनें संचालित की जा रही हैं। ये मशीनें प्रतिदिन 600 किलोमीटर से अधिक क्षेत्र की सफाई कर रही हैं।

वर्तमान में 404.61 किलोमीटर सड़क नेटवर्क को मैकेनिकल स्वीपिंग के दायरे में लाया जा चुका है। अतिरिक्त मशीनों की खरीद प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। शहर में ट्रैफिक जाम कम करने के लिए वर्ष 2026 के दौरान 32 ट्रैफिक कंजेशन हाटस्पाट्स को सुधारने का लक्ष्य रखा गया है। प्रथम तिमाही में चार प्रमुख स्थानों पर डी-कंजेशन कार्य पूरा किया जा चुका है। अधिकारियों का मानना है कि इससे यातायात सुगम होगा और वाहनों से होने वाले प्रदूषण में भी कमी आएगी।गुरुग्राम में प्रतिदिन करीब 1500 टन निर्माण एवं विध्वंस (सीएंडडी) कचरा उत्पन्न हो रहा है। इसके निस्तारण के लिए 1200 टन प्रतिदिन की प्रोसेसिंग क्षमता उपलब्ध है।

जनवरी से मई 2026 तक 2.26 लाख टन सीएंडडी कचरा एकत्रित किया गया, जिसमें से 1.81 लाख टन का प्रसंस्करण किया जा चुका है। शहर में चार जियो-टैग्ड कलेक्शन प्वाइंट संचालित हैं जबकि 16 नए केंद्र विकसित किए जा रहे हैं। बंधवाड़ी लैंडफिल साइट पर वर्षों से जमा लिगेसी कचरे के निस्तारण का कार्य भी तेजी से चल रहा है। अब तक 37.74 लाख मीट्रिक टन कचरे का प्रसंस्करण किया जा चुका है। शेष 18.29 लाख मीट्रिक टन कचरे के निस्तारण का लक्ष्य मार्च 2027 तक पूरा करने का रखा गया है। इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम (आइटीएमएस) के पहले चरण में 218 स्थानों पर 1200 कैमरे लगाए जा चुके हैं। दूसरे चरण में 258 स्थानों पर 2722 अतिरिक्त कैमरे लगाए जाएंगे। इससे ट्रैफिक प्रबंधन और निगरानी व्यवस्था को और मजबूत किया जाएगा।

**93 टीमें कर रहीं निगरानी**-खुले में कचरा जलाने और अन्य प्रदूषण फैलाने वाली गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए नगर निगम ने 93 विशेष निगरानी एवं चालान टीमों को तैनात किया है। ये टीमें नियमित निरीक्षण कर नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई कर रही हैं। नगर निगम आयुक्त प्रदीप दहिया ने कहा कि सड़क सुधार, कचरा प्रबंधन, ट्रैफिक डी-कंजेशन और आधुनिक तकनीकों के उपयोग से शहर की वायु गुणवत्ता में लगातार सुधार लाने का प्रयास किया जा रहा है।

### घर और ऑफिस के दोहरे बोझ तले दब रहीं महिलाएं, परिवार के असहयोग से बढ़ रहा तनाव और अवसाद

**नोएडा, एजेंसी।** आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने की दिशा में महिलाएं घर और कार्यालय दोनों मोर्चों पर लगातार संघर्ष कर रही हैं। हालांकि, परिवार का अपेक्षित



सहयोग न मिलने के कारण उन पर मानसिक दबाव बढ़ता जा रहा है। शहर के मनोचिकित्सकों और काउंसलरों का कहना है कि घर और नौकरी की दोहरी जिम्मेदारी महिलाओं को तनाव और अवसाद की ओर धकेल रही है। कई मामलों में महिलाओं के मन में आत्महत्या जैसे खतरनाक विचार भी आने लगे हैं। हर महीने करीब 15 महिलाएं काउंसलिंग के लिए पहुंच रही हैं, जिनकी प्रमुख समस्या एक जैसी होती है। उनका कहना है कि घर और कार्यालय की जिम्मेदारियों के बीच संतुलन बनाना बेहद कठिन हो गया है। परिवार के सदस्य घरेलू कार्यों में सहयोग नहीं करते, जिससे उनका शारीरिक और मानसिक बोझ लगातार बढ़ता जा रहा है। हर साल कई महिलाएं घर से परेशान होकर आत्महत्या कर लेती हैं, इसे रोकने की आवश्यकता है। नोएडा निवासी एक महिला ने अपनी मानसिक स्थिति बिगड़ने के कारण काउंसलिंग के पास समस्या का समाधान लेने पहुंची। उन्होंने काउंसलर को बताया कि वह पेशे से शिक्षिका हैं।

## बेरोजगार होने पर भी पुरुष को देना होगा बच्चों का भरण-पोषण, बॉम्बे हाई कोर्ट का बड़ा आदेश

**मुंबई, एजेंसी।** बॉम्बे हाई कोर्ट ने एक पिता को अपने बेटे और बेटी को हर महीने गुजारा-भत्ता देने का आदेश देते हुए कहा है कि कोई व्यक्ति सिर्फ बेरोजगार होने का हवाला देकर अपने बच्चों के प्रति अपनी कानूनी जिम्मेदारी से बच नहीं सकता। बॉम्बे हाई कोर्ट की नागपुर बेंच एक ऐसे व्यक्ति की याचिका पर सुनवाई कर रही थी जिसने निचली अदालत के उस आदेश को चुनौती दी थी जिसमें उसे अपने बच्चों को गुजारा-भत्ता देने के लिए कहा गया था। अमरावती के बुलढाणा के



रहने वाले इस व्यक्ति को हर महीने कुल 8,000 रुपये का गुजारा-भत्ता देने के लिए कहा गया, जिसमें से 4,000 रुपये उसके बेटे को और 4,000 रुपये उसकी बेटी को देने थे। उन्होंने इस आदेश को चुनौती देते हुए हाई कोर्ट का रुख किया और तर्क दिया कि वे अभी बेरोजगार हैं और अपने बच्चों को आर्थिक सहायता देने में असमर्थ हैं। उसने दावा किया कि उसने अपना ऑटो-रिक्शा भी बेच दिया था, जो उसकी कमाई का एकमात्र जरिया था। हालांकि, हाई कोर्ट ने कहा कि वह अपनी जिम्मेदारी से बच नहीं सकते। पीठ ने कहा कि बच्चों का पालन-पोषण और भरण-पोषण करना पिता की कानूनी और व्यक्तिगत जिम्मेदारी है। अदालत ने कहा कि उसके 10 और 7 साल के बच्चों की परवरिश और भविष्य को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। अदालत ने कहा कि बेरोजगारी या कम आय बच्चों के प्रति जिम्मेदारी से बचने का कोई जायज आधार नहीं हो सकता।

# प्रणीत मोरे के शो में दिए बयान को लेकर घिरी एमबीबीएस छात्रा, केईएम अस्पताल ने जांच के लिए बनाई कमेटी

**मुंबई, एजेंसी।** कॉमेडियन प्रणीत मोरे के शो में मुंबई के किंग एडवर्ड मेमोरियल (केईएम) अस्पताल की एमबीबीएस तृतीय वर्ष की छात्रा सेजल पवार द्वारा दिए गए एक बयान ने इंटरनेट मीडिया पर हलचल मचा दी है।

मामला इतना बढ़ गया कि अस्पताल प्रशासन को तत्काल जांच के आदेश देने पड़े और पूरे प्रकरण की जांच के लिए एक विशेष समिति गठित की गई है।

यह विवाद प्रणीत मोरे के एक लाइव शो से शुरू हुआ। शो में दर्शकों के बीच बैठीं सेजल पवार से प्रणीत ने मेडिकल कालेज की पढ़ाई और एनोटामी से जुड़ी बातों पर चर्चा की।

इसी दौरान सेजल पवार ने ऐसी टिप्पणी कर दी, जिसे लेकर विवाद खड़ा हो गया। आरोप है कि उन्होंने मेडिकल शिक्षा के दौरान उपयोग किए जाने वाले दान किए गए शवों के अंगों को लेकर मजाक किया।



प्रसारित वीडियो में सेजल पवार को यह कहते हुए सुना जा सकता है कि वे और उनके कुछ साथी मेडिकल रिसर्च और डिसेक्शन के लिए दान किए गए पुरुषों के शवों के प्राइवेट पार्ट्स को देखते और उनका मजाक उड़ाते थे।

वीडियो प्रसारित होने के बाद मामला तेजी से फैल गया और केईएम अस्पताल प्रशासन ने तुरंत संज्ञान लिया। अस्पताल के डीन हरीश पाठक ने कहा कि सेजल पवार के स्टैंड अप शो के दौरान दिए गए बयान के विवाद पर उचित कार्रवाई की जा रही है।

हमने दो सदस्य वाली स्पेशल कमेटी बनाई है, जिसमें अंडरग्रेजुएट हॉस्टल की वार्डन और बायोकेमिस्ट्री विभाग की प्रमुख डॉ. अनीता चालक और मेडिसिन विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर और इंटरनेट मीडिया मैनेजमेंट से जुड़ी डॉ. श्रद्धा मोरे को शामिल किया गया है। यह कमेटी वीडियो की समीक्षा करेगी।

## राजस्थान में सुरक्षा एजेंसियों का बड़ा एक्शन: जैसलमेर बॉर्डर इलाके से संदिग्ध जासूस दबोचा, जांच तेज

**जयपुर, एजेंसी।** भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा से सटे राजस्थान के जैसलमेर जिले में सुरक्षा एजेंसियों ने एक संदिग्ध जासूस को पकड़ा है। सूत्रों के अनुसार, आरोपित के मोबाइल की जांच से यह साफ हुआ है कि पाकिस्तान के लोगों से नियमित संपर्क में था व सुरक्षा से जुड़ी जानकारी सीमा पार साझा कर रहा था। हालांकि, सुरक्षा एजेंसियों ने आरोपित की गिरफ्तारी को लेकर अधिकारिक जानकारी सार्वजनिक नहीं की है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, गुप्त सूचना के आधार पर सुरक्षा एजेंसियां पिछले कई दिनों से उस पर निगरानी रख रही थी।



## जो विषय पसंद नहीं उसे पढ़ने के लिए किया गया मजबूर, लड़के ने पिता और बहन को उतारा मौत के घाट

**कोप्पल, एजेंसी।** कर्नाटक के कोप्पल में एक लड़के ने खौफनाक वारदार को अंजाम देते हुए अपने पिता और बहन को मौत की नींद सुला दिया। पुलिस जांच में पता चला कि वह इसलिए परेशान था क्योंकि उसे अपनी पसंद के विषय बायोलॉजी के बजाय कंप्यूटर साइंस पढ़ने के लिए मजबूर किया गया था। पहले यह खबर आई थी कि ऑनलाइन गेमिंग की लत कम करने की सलाह मिलने पर गुस्से में आकर उसने इस वारदात को अंजाम दिया। पुलिस सूत्रों ने कानून के दायरे में आए नाबालिग के बयान का हवाला देते हुए बताया कि उसने एसएसएलसी परीक्षा में 90% से ज्यादा अंक हासिल किए थे और प्री-यूनिवर्सिटी कोर्स में बायोलॉजी को एक विषय के तौर पर चुनने का इच्छुक था। कम्प्यूटर साइंस पढ़ने के लिए डाला गया दबाव हालांकि, खबरों के मुताबिक, उसके माता-पिता ने उस पर कंप्यूटर साइंस की पढ़ाई करने का दबाव डाला था। सूत्रों ने आगे बताया कि लड़के को फर्स्ट-ईयर पीयू में कंप्यूटर साइंस में सिर्फ 40% मार्क्स मिले थे। उसे इस बात की चिंता थी कि अगर परिवार वालों को उसके परफॉर्मेंस के बारे में पता चला तो उस पर वही सब्जेक्ट पढ़ने का दबाव डाला जाएगा।



### जो विषय पसंद नहीं उसे पढ़ने के लिए किया गया मजबूर

पुलिस के सामने दिए अपने बयान में, नाबालिग ने कथित तौर पर बताया कि उसके माता-पिता उसे लगातार पढ़ाई पर ध्यान देने के लिए कह रहे थे, जबकि उसे वह विषय पढ़ने के लिए मजबूर किया जा रहा था जो उसे पसंद नहीं था। उसने पुलिस को बताया कि उसने पढ़ा था कि गर्दन शरीर का बहुत संवेदनशील हिस्सा होता है और वहां चोट लगने से मौत हो सकती है, इसलिए उसने अपनी बहन, मां और पिता तीनों की गर्दन पर चाकू से वार किया। बल्लारी के एक अस्पताल में इलाज चल रहा है, जबकि 6 जून की रात को उसके चाकू मारने से उसके पिता और बहन की मौत हो गई थी।

## बंगाल के बाद महाराष्ट्र में होगा 'खेला'? लोकसभा में ताकत बढ़ाने पर एनडीए की नजर, शिवसेना यूबीटी में पड़ सकती है फूट

**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की पार्टी में फूट पड़ गई है। बंगाल में विधायकों के बाद दिल्ली में सांसदों ने भी टीएमसी चीफ से बगावत की। टीएमसी के बागी गुट का दावा है कि 19 सांसदों ने बीजेपी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार का समर्थन किया है और उनके हस्ताक्षर भी हासिल कर लिए हैं।

इस तरह से सत्ताधारी गठबंधन अपने विधायी एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए विपक्षी खेमे की अन्य पार्टियों का समर्थन जुटाकर लोकसभा में दो-तिहाई बहुमत के आंकड़े के करीब पहुंचने की कोशिश में है। पिछले संसदीय सत्र में संविधान संसोधन को मंजूरी देने के लिए जरूरी विशेष बहुमत न होने की वजह से सरकार के विधायी एजेंडे को झटका लगा था।

शिवसेना में पड़ सकती है फूट

टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट में एनडीए के सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि अब जिन पार्टियों में टूट-फूट हो सकती है उनमें से एक उद्धव ठाकरे की शिवसेना है। महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में गठबंधन की जबरदस्त जीत के समय से ही इसकी चर्चा हो रही थी, लेकिन अब इसे और बल मिला है।

### 6 सांसदों का करना होगा विलय

उद्धव ठाकरे की पार्टी के लोकसभा में नौ सांसद हैं। दलबदल विरोधी कानून के तहत अपनी सदस्यता बचाने के लिए इनमें से छह सांसदों को किसी दूसरी पार्टी में विलय करना होगा और इसके लिए डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे की अगुवाई वाली शिवसेना सबसे संभावित विकल्प मानी जा रही है। अपने जमीनी नेटवर्क और लोगों तक पहुंच की वजह



से शिंदे राज्य के ज्यादातर हिस्सों में विरोधी गुट को हटाने और उसके ज्यादातर बड़े नेताओं को अपने पाले में करने में सफल रहे हैं, जबकि उद्धव का प्रभाव काफी हद तक मुंबई तक ही सीमित रह गया है। सूत्रों ने बताया कि संसद में अपने गठबंधन की संख्या बढ़ाने की बीजेपी की कोशिशों से जुड़ी ज्यादातर राजनीतिक हलचल मौजूदा लोकसभा (जिसमें 540 सांसद हैं और तीन सीटें खाली हैं) में 360 यानी दो-तिहाई बहुमत के आंकड़े तक पहुंचने की उसकी कुल योजना के सफल होने पर भी निर्भर करेगी।

# दो कमांडो, पिस्तौल और वर्दी; ब्रिगेडियर बनकर घूम रहा था 21 साल का आर्यन

### हिरासत में ले लिया गया

**औरंगाबाद , एजेंसी।** बीते दिनों बिहार के औरंगाबाद में एक नकली आईपीएस पकड़ में आया था। हैरान करने वाली बात है कि वह नकली आईपीएस बनकर लोगों से वसूली भी कर रहा था। अब ऐसा ही एक मामला उत्तर प्रदेश में भी सामने आया है। शाहजहांपुर में एक 21 साल का युवक नकली ब्रिगेडियर बन गया। उसकी सचाई सामने लाने के लिए शाहजहांपुर कैंड के शहीद म्यूजियम में स्टिंग ऑपरेशन किया गया। इसके बाद सेना ने उसे गिरफ्तार कर लिया।

बेधड़क वर्दी पहनकर घूमता था आर्यन

नकली ब्रिगेडियर बने आरोपी का नाम आर्यन वर्मा बताया गया है। आर्यन की हिम्मत की दाद देनी पड़ेगी कि वह ब्रिगेडियर की वर्दी पहनकर बेधड़क होकर शाहजहांपुर और आसपास के जिलों में घूमता था और खुद को सेना के अधिकारी की तरह ही पेश करता था। अप्रैल से ही सेना के अधिकारियों की नजर पर वह चढ़ गया था और उसे खोजा जा रहा था। दो महीने बाद



आर्यन को पकड़ा जा सका।

सेना ने यूं बिछाया था जाल

सेना के अधिकारियों ने नकली ब्रिगेडियर को पकड़ने का पूरा प्लान तैयार कर लिया था। वे किसी तरह का हंगामा नहीं चाहते थे बल्कि कोई लालच देकर आर्यन को जाल में फंसाना चाहते थे। इसी प्लान के तहत सेना के एक अधिकारी ने सिविलनय बनकर आर्यन को फोन किया और उसे एक मोटिवेशनल स्पीच देने के लिए आमंत्रित किया। यह पूरा कार्यक्रम शहीद म्यूजियम में रखा गया था। आर्यन से कहा गया कि सेना में भर्ती होने की इच्छा रखने वाले छात्रों को संबोधित करना है। यह ऑफर सुनते ही नकली ब्रिगेडियर साहब तुरंत मान गए और आने के लिए हामी भर दी।

आर्यन वर्मा शुक्रवार को एकदम ब्रिगेडियर की ड्रेस में सज-धजकर स्पीच देने पहुंच गए। कंधे पर स्टार लगे हुए, गाड़ी पर झंडा और अधिकारियों वाली नंबर प्लेट। जलवा किसी भी तरह कम नहीं था। नकली ब्रिगेडियर साहब सोच रहे थे कि गाड़ी से उतरते ही उन्हें सैल्यूट मारा जाएगा लेकिन यहां तो कुछ और ही होना था। आर्यन गाड़ी से उतरा नहीं था कि उसे हिरासत में ले लिया गया। उसके ड्राइवर के पास से आर्यन का नकली आईकार्ड भी बरामद किया गया।

जांच में पाया गया कि आर्यन वर्मा अपने साथ दो बाउंसर भी रखा था। वह कहता था कि ये नेशनल सिक्योरिटी गार्ड के कमांडो हैं। उसका कहना था कि हाई प्रोफाइल अधिकारी होने की वजह से उसे अतिरिक्त सुरक्षा दी गई है।

## नोएडा को 'नो डिस्पोजल जोन' बनाने की मुहिम तेज, भंडारे और विवाह समारोहों के लिए बर्तन बैंक बना वरदान

**नोएडा, एजेंसी।** शहर को नो डिस्पोजल जोन बनाने पर्यावरण संरक्षण के लिए कार्य कर रहे समाज सेवी अब आगे आने लगे हैं। गर्मी के मौसम में राहगीरों को ठंडा पानी, शरबत का वितरण डिस्पोजल ग्लास में नहीं कर स्टील के बर्तन में कर रहे हैं। लोगों में प्लास्टिक का उपयोग न करने का संदेश देने के लिए सेक्टर 44 में वाइएसएस फाउंडेशन ने निशुल्क बर्तन बैंक की शुरूआत की है। इस पहल के तहत आयोजनों के लिए निशुल्क स्टील की प्लेट, कटोरी, गिलास, चम्मच, जग एवं अन्य आवश्यक बर्तन उपलब्ध कराए जाते हैं। इससे न केवल प्लास्टिक कचरे में कमी आती है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और संसाधनों के पुन: उपयोग की संस्कृति को भी बढ़ावा मिल रहा है। वर्तमान में अधिकांश आयोजनों में बड़ी मात्रा में डिस्पोजेबल कचरा उत्पन्न हो रहा है, तब बर्तन बैंक एक व्यावहारिक और टिकाऊ समाधान बनकर उभरा है। भंडारे, विवाह समारोह, धार्मिक आयोजन, स्वास्थ्य शिविर, प्रसाद वितरण एवं जनजागरूकता कार्यक्रमों में इस सुविधा का लाभ लिया जा रहा है। उपयोग के बाद बर्तनों को साफ-सुथरी अवस्था में वापस जमा कराया जाता है, जिससे उनका बार-बार उपयोग संभव हो पाता है। डिस्पोजल के उपयोग न करने के उद्देश्य से वाइएसएस फाउंडेशन ने शहर में 'जीरो वेस्ट मीठा शरबत वितरण अभियान' चला रहे हैं। सड़क पर, आटो स्टैंड, बस स्टाप, बाजार में पानी और शरबत का वितरण स्टील के बर्तन में किया जा रहा है। इस अभियान के माध्यम से नागरिकों को 'नो डिस्पोजेबल, ओनली री-यूजेबल' तथा 'प्लास्टिक हटाओ, देश बचाओ' का संदेश रहे हैं। शहर में होने वाले कार्यक्रम में स्टील के बर्तनों में मीठा रूह अफजा शरबत वितरित कर लोगों को पर्यावरण अनुकूल जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित कर रहे हैं।



# विचार-मंथन

## संपादकीय

### महंगाई की आंच-जमीन पर क्यों नजर नहीं आ रहा वैकल्पिक उपायों का असर?

ऐसा लगता है कि आवश्यक वस्तुओं के दाम अब सरकार के नियंत्रण से पूरी तरह बाहर हो गए हैं। घरेलू गैस सिलेंडर की कीमतों में तीन महीनों में दूसरी बार बढ़ोतरी की गई है।पश्चिम एशिया में हालात सामान्य नहीं हो पाने का असर अब प्रत्यक्ष रूप से महंगाई में तेज बढ़ोतरी के रूप में सामने आ रहा है। देश में पेट्रोल–डीजल की कीमतों में लगातार इजाफे के बाद सरकार ने घरेलू रसोई गैस के दामों में भी 29 रुपये प्रति सिलेंडर की बढ़ोतरी कर दी है। यानी महंगाई की आंच आम लोगों की रसोई तक पहुंच गई है, जो आने वाले दिनों में और तेज हो सकती है।इस स्थिति को लेकर पहले से ही अनुमान लगाए जा रहे थे, लेकिन सवाल सरकार के उन दावों पर उठ रहे हैं, जिनमें कहा गया था कि संभावित संकट का सामना करने के लिए समय रहते वैकल्पिक उपाय तलाश लिए जाएंगे। दरअसल, होर्मुज जलमार्ग के बाधित होने से वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला प्रभावित हुई है, जिससे भारत समेत दुनिया के कई देशों में ऊर्जा का संकट खड़ा हो गया है।भारत पर इसका ज्यादा असर इसलिए पड़ रहा है, क्योंकि यहां आयात पर निर्भरता अधिक है। यह सब ज्ञात होने के बावजूद अगर महंगाई को नियंत्रण में रखने के लिए कारगर कदम उठाने के बजाय इसका बोझ जनता पर डाल दिया जाए, तो क्या इसे उचित ठहराया जा सकता है।सरकार ने पिछले माह चार चरणों में पेट्रोल–डीजल के दाम बढ़ाए थे, जिसके परिणामस्वरूप कुल मिलाकर पेट्रोल 7.35 रुपये और डीजल 7.53 रुपये प्रति लीटर महंगा हो गया था। इसी तरह व्यावसायिक गैस सिलेंडर के दामों में भी बढ़ोतरी की गई।उम्मीद की जा रही थी कि घरेलू रसोई गैस सिलेंडर के दाम फिलहाल स्थिर रहेंगे, लेकिन ऐसा लगता है कि आवश्यक वस्तुओं के दाम अब सरकार के नियंत्रण से पूरी तरह बाहर हो गए हैं। घरेलू गैस सिलेंडर की कीमतों में तीन महीनों में दूसरी बार बढ़ोतरी की गई है। इससे पहले मार्च में साठ रुपए प्रति सिलेंडर की वृद्धि की गई थी, यानी इस अवधि में प्रति सिलेंडर कुल मिलाकर 89 रुपये बढ़ चुके हैं।सरकार का तर्क है कि अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा बाजार में कीमतों में लगातार उछाल की वजह से तेल कंपनियों को नुकसान हो रहा है। ऐसे में यह सवाल भी महत्त्वपूर्ण है कि जब अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल और गैस के दाम घटते हैं, तो क्या उनका लाभ आम उपभोक्ताओं को दिया जाता है? यह मसला लंबे समय से कई स्तरों पर उठाया जाता रहा है, लेकिन इस पर कोई गंभीरता अब तक नजर नहीं आई है।

### तानाशाही के खिलाफ लोकतंत्र की आवाज है अलग होना

सवाल है कि विधानसभा चुनाव में तृणमूल कांग्रेस की जीत की स्थिति में भी क्या इन सांसदों और विधायकों के भीतर तानाशाही के खिलाफ लोकतंत्र की ऐसी ही फिक्र होती।पश्चिम बंगाल में हुए विधानसभा चुनाव में हार के बाद तृणमूल कांग्रेस के चुने हुए जनप्रतिनिधियों का जैसा रुख देखने में आ रहा है, उससे एक बार फिर यही साफ होता है कि देश की राजनीति में अब सुविधा और तात्कालिक लाभ की प्रवृत्ति तेजी से हावी होती जा रही है। इस क्रम में शुचिता, नैतिकता और सिद्धांतों की जगह सिकुड़ती जा रही है और कुछ नेताओं के लिए सत्ता का संरक्षण तथा उसकी सुविधा ज्यादा महत्त्वपूर्ण हो चुकी है। हाल ही में पश्चिम बंगाल में अट्ठावन विधायकों ने तृणमूल कांग्रेस से अलग होने की घोषणा कर दी थी।अब पार्टी के बीस सांसदों ने भी बागी रुख अख्तियार करते हुए केंद्र में सत्तारूढ़ राजग का समर्थन करने का फैसला किया है। हालांकि अलग हुए विधायकों ने खुद को इन सांसदों से अलग बताया है, लेकिन इतना साफ है कि पश्चिम बंगाल में हार के बाद पार्टी पर ममता बनर्जी का नियंत्रण कमजोर हुआ है और सबको साथ या एकजुट रख पाना उनके लिए मुश्किल साबित हो रहा है।तृणमूल कांग्रेस से अलग होने वाले विधायकों और सांसदों के अपने तर्क हैं और उनका कहना है कि वे पार्टी के भीतर तानाशाही के खिलाफ लोकतंत्र की आवाज बुलंद कर रहे हैं। सवाल है कि विधानसभा चुनाव में तृणमूल कांग्रेस की जीत की स्थिति में भी क्या इन सांसदों और विधायकों के भीतर तानाशाही के खिलाफ लोकतंत्र की ऐसी ही फिक्र होती! लोकतंत्र के लिए इस तरह की चिंता तभी क्यों सामने दिखती है।

*वे उस भारत की कल्पना में उपस्थित हैं जो अपनी जड़ों से जुड़कर आधुनिकता के शिखर तक पहुंचना चाहता है। इसलिए उनका जन्मदिन केवल एक व्यक्ति का जन्मदिन नहीं लगता। वह एक यात्रा का उत्सव लगता है। एक ऐसे संन्यासी की यात्रा का, जिसने स्वयं को समाज में विसर्जित कर दिया। एक ऐसे नेतृत्व की यात्रा का, जिसने उत्तर प्रदेश को निराशा से संभावना की ओर मोड़ने का प्रयास किया।*

## राम और राष्ट्र के आराधक योगी आदित्यनाथ

**(प्रणय विक्रम सिंह )**

नदियां अचानक नहीं बनतीं। वे पहले किसी पर्वत की निस्तब्धता में जन्म लेती हैं, फिर चट्टानों से टकराती हैं, घाटियों से गुजरती हैं, मैदानों को सींचती हैं और अंततः करोड़ों लोगों के जीवन का आधार बन जाती हैं। कुछ व्यक्तित्व भी ऐसे ही होते हैं। उन्हें केवल उनके वर्तमान से नहीं समझा जा सकता। उन्हें समझने के लिए उनके स्रोत तक जाना पड़ता है। राम और राष्ट्र के आराधक, मर्यादा और मातृभूमि के साधक योगी आदित्यनाथ को समझने के लिए भी हिमालय की शरण में जाना होगा। क्योंकि यह दास्तान गढ़वाल की उन वादियों से शुरू होती है, जहां प्रकृति मनुष्य को मौन रहकर भी बहुत कुछ सिखाती है। जहां पर्वत स्थिर रहकर धैर्य का पाठ पढ़ाते हैं। जहां नदियां बहकर समर्पण का अर्थ समझाती हैं। जहां आकाश की विराटता मनुष्य को उसके छोटे होने का बोध कराती है। उसी भूमि पर जन्मे एक बालक का गोरक्षपीठ की परंपरा में दीक्षित होकर उत्तर भारत के सबसे बड़े जनसमूह की आशाओं का प्रतिनिधि बनना कोई सामान्य राजनीतिक यात्रा नहीं है। इसके पीछे भारतीय परंपरा का वह अदृश्य सूत्र है जिसमें तप, त्याग और लोकमंगल एक-दूसरे से अलग नहीं होते। पावन गोरक्षपीठ ने उन्हें केवल दीक्षा नहीं दी, दृष्टि भी दी। दृष्टि केवल धर्म की नहीं बल्कि उस भारतीय परंपरा की, जो मानती है कि तपस्या का सर्वोच्च फल लोकमंगल है। भारतीय परंपरा में संन्यासी संसार से विमुख नहीं होते, वे स्वयं को संसार के लिए समर्पित करते हैं। इसी कारण हमारे यहां ऋषि, राजाओं के मार्गदर्शक भी बने और आवश्यकता पड़ने पर स्वयं समाज का नेतृत्व भी किया। योगी आदित्यनाथ उसी परंपरा के प्रतिनिधि हैं, जिसमें धर्म का अर्थ पलायन नहीं, दायित्व होता है। उनके व्यक्तित्व को समझना हो तो राजनीति से पहले उनकी साधना को समझना होगा क्योंकि योगी आदित्यनाथ के भीतर बैठा संन्यासी ही उनके भीतर के प्रशासक को दिशा देता है। जब साधना व्यक्ति से बड़ी हो जाती है, तब जीवन का केंद्र भी बदल जाता है। मनुष्य तब अपने लिए नहीं, किसी बड़े उद्देश्य के लिए जीने लगता है। यहीं से धीरे-धीरे योगी आदित्यनाथ का सृजन होने लगा। उनका जीवन अब निजी सीमाओं में नहीं रहा। संन्यास ने उनके व्यक्तित्व को परिवार से समाज, समाज से राष्ट्र और राष्ट्र से लोकमंगल के व्यापक आयाम से जोड़ दिया। इसलिए वे घर से मठ, मठ से समाज और समाज से राष्ट्र के सुपंथ के पथिक बन गए। योगी आदित्यनाथ के सार्वजनिक जीवन को देखते हुए श्रीरामचरितमानस की पंक्ति 'हम चाकर रघुबीर केज' बार-बार स्मरण हो आती है, क्योंकि उनके लिए राम केवल आराध्य नहीं हैं। वे मर्यादा हैं। वे दायित्व हैं। वह अदृश्य कसौटी हैं, जिस पर वे स्वयं को बार-बार परखते दिखाई देते हैं। शायद इसी कारण उनके व्यक्तित्व में एक अद्भुत द्वंद्व साथ-साथ चलता है। एक ओर कठोर निर्णय लेने वाला प्रशासक। दूसरी ओर किसी पीड़ित की व्यथा सुनकर द्रवित हो जाने वाला मनुष्य। एक ओर अपराध के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस का संकल्प। दूसरी ओर जनता दर्शन में घंटों खड़े रहकर लोगों की बातें सुनने का धैर्य। एक ओर सत्ता। दूसरी ओर सेवा। एक ओर शासन। दूसरी ओर साधना। यही वह बिंदु है जहां योगी आदित्यनाथ एक राजनीतिक व्यक्तित्व भर नहीं रह जाते। एक प्रतीक बन जाते हैं। एक प्रवृत्ति बन जाते हैं। शायद इसी कारण उनके व्यक्तित्व में रामभक्ति और राष्ट्रभक्ति एक ही दीप की दो ज्योतियां प्रतीत होती हैं। इसीलिए वैदिक ऋषियों का उद्घोष 'इदं राष्ट्राय, इदं न मम' भी उनके जीवन-दर्शन के निकट प्रतीत होता है। जिस समय उन्हें उत्तर प्रदेश की बागडोर संभाली, यह प्रदेश अपनी अपार संभावनाओं के बावजूद अपनी चुनौतियों से जूझ रहा था। उस समय उत्तर प्रदेश का नाम सुनते ही लोगों की स्मृति में अपराध आता था। अपराध से भय आता था। भय से अविश्वास जन्म लेता था और अविश्वास से विकास की हर संभावना सिकुड़ जाती थी। लेकिन इतिहास का नियम है कि किसी भी समाज का पुनर्जागरण पहले उसके आत्मविश्वास में होता है। सड़कें बाद में बनती हैं। इमारतें बाद में बनती हैं। आर्थिक आंकड़े बाद में बदलते हैं। सबसे पहले मनुष्य का विश्वास बदलता है। पिछले साढ़े नौ वर्षों में उत्तर प्रदेश ने इसी विश्वास की वापसी देखी है। योगी के नेतृत्व में व्यवस्था को स्थापित करने का प्रयास हुआ। व्यवस्था से विश्वास लौटा। विश्वास से निवेश आया। निवेश से अवसर पैदा हुए और अवसरों ने युवाओं की आंखों में फिर से सपने बो दिए। आज जब उत्तर प्रदेश की धरती विकास के वंदनवारों से सुसज्जित दिखाई देती है, जब निवेश के नए नक्षत्र इसके आकाश में चमकते हैं, जब एक्सप्रेसवे इसकी धमनियों में दौड़ते रक्त की तरह गति का संचार करते हैं, तब यह स्मरण करना आवश्यक हो जाता है कि परिवर्तन का यह परिदृश्य किसी संयोग का परिणाम नहीं है। इसके पीछे एक ऐसी इच्छाशक्ति है जिसने चुनौतियों को चुनौती दी, अव्यवस्थाओं को ललकारा और संभावनाओं को साकार किया। आज एक्सप्रेस-वे केवल सड़कें नहीं हैं, वे गति के नए गीत हैं। एयरपोर्ट केवल इमारतें नहीं हैं, वे संभावनाओं के आकाशद्वार हैं। मेडिकल कॉलेज केवल संस्थान नहीं हैं, वे जनविश्वास की जीवनरेखाएं हैं। उन लाखों परिवारों की राहत लगते हैं, जिनकी उम्मीदें कभी संसाधनों की कमी में दम तोड़ देती थीं।लेकिन योगी आदित्यनाथ की कथा यहां भी पूरी नहीं होती। क्योंकि उत्तर प्रदेश केवल भूगोल नहीं है। यह स्मृतियों का प्रदेश भी है। जो समाज अपनी स्मृतियां खो देता है, वह अपनी दिशा भी खो देता है। योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने केवल विकास का नया व्याकरण नहीं लिखा, उसने अपनी स्मृतियों से पुनः संवाद भी स्थापित किया है। अयोध्या आज केवल एक नगर नहीं, राष्ट्रीय चेतना का प्रतीक बन चुकी है। काशी केवल एक तीर्थ नहीं, परंपरा और आधुनिकता के समन्वय का जीवंत उदाहरण बन गई है। प्रयागराज का महाकुंभ केवल आयोजन नहीं, भारतीय आत्मा का महासंगम बनकर उभरा है। यह वही सांस्कृतिक प्रवाह है जिसमें विरासत और विकास एक-दूसरे के विरोधी नहीं, बल्कि परस्पर पूरक दिखाई देते हैं। किन्तु किसी भी शासन की पहली शर्त व्यवस्था होती है। भारतीय चिंतन में राजधर्म का अर्थ केवल प्रशासन नहीं, लोकमंगल की रक्षा भी है। श्रीरामचरितमानस में श्री राम द्वारा की गई 'निसिचर हीन करउँ महि भुज उठाइ पन कीन्ह' प्रतिज्ञा राजधर्म की उद्घोषणा थी। यह उस शासन-दृष्टि का विधान था जिसमें सज्जनों की सुरक्षा और दुष्टों का दमन, दोनों समान रूप से आवश्यक माने गए। पिछले वर्षों में उत्तर प्रदेश ने कानून-व्यवस्था के क्षेत्र में जो परिवर्तन देखा, उसे इसी राजधर्म की आधुनिक अभिव्यक्ति के रूप में समझा जा सकता है। व्यवस्था का इकबाल पुनः स्थापित हुआ, कानून के प्रति विश्वास मजबूत हुआ और शासन की मंशा को लेकर समाज में स्पष्ट संदेश गया कि अपराध और अराजकता किसी भी सभ्य समाज की नियति नहीं हो सकते। यहीं आकर योगी आदित्यनाथ का व्यक्तित्व अपने पूर्ण अर्थ में समझ आता है। वे केवल सड़कें बनाने वाले प्रशासक नहीं हैं। वे केवल चुनाव जीतने वाले राजनेता भी नहीं हैं।

## पाकिस्तान अधिकृत जम्मू-कश्मीर में बर्बर सैन्य-पुलिस हिंसा के अंतरराष्ट्रीय निहितार्थ

**(कमलेश पांडे)**

पाकिस्तान की बर्बर अंतरराष्ट्रीय छवि पर प्रभाव- पीओजेके में अस्थिरता या हिंसा की खबरें अमेरिकी-चीनी पिछ्लग्गू पाकिस्तान के उस दावे को चुनौती दे सकती हैं कि वहां के लोग संतुष्ट और लोकतांत्रिक व्यवस्था के अंतर्गत रह रहे हैं। इससे उसकी कूटनीतिक स्थिति प्रभावित हो सकती है। पीओजेके में समय-समय पर सामने आने वाली हिंसा, दमन, विरोध-प्रदर्शन और मानवाधिकार संबंधी आरोप केवल स्थानीय घटनाएं नहीं हैं, बल्कि इनके कई अंतरराष्ट्रीय आयाम भी हैं। चूंकि पाकिस्तान अधिकृत जम्मू-कश्मीर में हाल के दिनों में प्रदर्शनकारियों और सुरक्षा बलों के बीच हुई हिंसक झड़पों ने भारत सहित अंतरराष्ट्रीय समुदाय का ध्यान आकर्षित किया है। इसलिए सबने कड़ी प्रतिक्रिया दी है, क्योंकि विभिन्न रिपोर्टों के अनुसार कई लोगों की मौत हुई, तथा बड़ी संख्या में लोग घायल हुए तथा गिरफ्तारियां और इंटरनेट प्रतिबंध जैसी कार्रवाइयाँ भी की गईं। लिहाजा यह स्थिति अंतरराष्ट्रीय चिंता का भी सबब बन चुकी है। जहां तक भारत की सधी हुई कड़ी प्रतिक्रिया की बात है तो भारत सरकार ने इस घटना पर सधी हुई कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने कथित पुलिस बर्बरता और प्रदर्शनकारियों की मौतों पर चिंता जताते हुए कहा कि पाकिस्तान पीओके में अपने प्रशासनिक और राजनीतिक विफलताओं को छिपाने के लिए दमन का रास्ता अपना रहा है। भारत ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से भी इस स्थिति पर ध्यान देने और मानवाधिकार उल्लंघनों के लिए पाकिस्तान को जवाबदेह ठहराने की मांग की है। जहां तक अंतरराष्ट्रीय प्रतिक्रिया की बात है तो एमनेस्टी इंटरनेशनल ने प्रदर्शनकारियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई, गिरफ्तारियों और इंटरनेट बंदी पर चिंता व्यक्त की तथा शांतिपूर्ण संवाद की आवश्यकता पर बल दिया। वहीं, अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठनों और कुछ कश्मीरी अधिकार कार्यकर्ताओं ने भी पीओके में मानवाधिकारों की स्थिति पर सवाल उठाए हैं और निष्पक्ष जांच की मांग की है। जबकि प्रमुख अंतरराष्ट्रीय मीडिया संस्थानों ने घटनाओं को राजनीतिक प्रतिनिधित्व, आर्थिक असंतोष और नागरिक अधिकारों से जुड़े व्यापक संकट के रूप में प्रस्तुत किया है। लिहाजा, पीओजेके में होने वाली बर्बर हिंसा के मायने केवल कानून-व्यवस्था तक सीमित नहीं हैं, बल्कि इसके प्रभाव मानवाधिकार, भारत-पाकिस्तान संबंध, चीन की रणनीतिक परियोजनाओं, क्षेत्रीय सुरक्षा और अंतरराष्ट्रीय कूटनीति तक फैलते हैं। इसलिए ऐसी घटनाओं को केवल स्थानीय नहीं, बल्कि व्यापक भू-राजनीतिक परिप्रेक्ष्य में भी देखा जाता है। आइए इसे विस्तार से इसके अंतरराष्ट्रीय मायने समझते हैं पहला, मानवाधिकारों का गम्भीर वैश्विक मुद्दा- यदि किसी क्षेत्र में नागरिकों पर अत्यधिक बल प्रयोग, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर प्रतिबंध या राजनीतिक दमन के आरोप लगते हैं।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 6121

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 3 | 6 | 9 | | | | | |
| 2 | | | | 8 | | | | 5 |
| | | | 1 | | 6 | 8 | | |
| | 2 | 7 | 4 | | 1 | | 9 | |
| | 1 | | | | | | 4 | |
| | 4 | | 2 | | 8 | 7 | 3 | |
| | | 2 | 8 | | 5 | | | |
| 1 | | | | 3 | | | | 6 |
| | | | | | 9 | 2 | 8 | |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 6120

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 6 | 2 | 3 | 1 | 9 | 4 | 8 | 5 |
| 9 | 4 | 3 | 5 | 8 | 6 | 7 | 1 | 2 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 4 | 6 | 9 | 3 |
| 6 | 3 | 4 | 9 | 7 | 5 | 1 | 2 | 8 |
| 1 | 9 | 7 | 8 | 3 | 2 | 5 | 6 | 4 |
| 2 | 5 | 8 | 4 | 6 | 1 | 3 | 7 | 9 |
| 3 | 2 | 5 | 1 | 9 | 7 | 8 | 4 | 6 |
| 8 | 1 | 9 | 6 | 4 | 3 | 2 | 5 | 7 |
| 4 | 7 | 6 | 2 | 5 | 8 | 9 | 3 | 1 |

## वर्ग पहेली 6121

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | ■ | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 8 | | | | ■ | 9 | | |
| | ■ | | ■ | 10 | | ■ | |
| | | 11 | 12 | | ■ | ■ | |
| ■ | 13 | ■ | 14 | | ■ | 15 | |
| 16 | | | ■ | 17 | 18 | | ■ |
| 19 | | ■ | 20 | ■ | 21 | | |
| 22 | | ■ | 23 | | ■ | | ■ |

**संकेत: बाएं से दाएं**
1. करीब 500 फिल्मों में नृत्य पेश कर चुकी इस नृत्यांगना अभिनेत्री का 21 अक्टूबर 1939 को जन्म दिन है(3)
4. निद्रा को जीत लेने के कारण पांडुपुत्र अर्जुन का एक नाम (4)
8. अपना स्वार्थ सिद्ध करने वाला (4)
9. मस्तक, माथा, पेशानी (3)
10. कच्चे आम या इमली का बना खटठा-मीठा पदार्थ (2)
11. हिंदू धर्म के लोग इस पौधे को पवित्र मानते है, कार्तिक मास में इस पौधे का पूजन हर हिंदू के घर में होता है (3)
14. राजमुकुट, शिखा (2)
15. वह राजा जिसके नाम से कोई सवत् चले, भ्रम (2)
16. आईना, कांच, शीशी (3)
17. मेहबूब खान के निर्देशन में बनी फिल्म आन (1952) इस अभिनेत्री की पहली फिल्म थी (3)
19. युद्ध, जंग, लड़ाई (2)
21. उपद्रव, फसाद (3)
22. मित्र, दोस्त, पुरूष मित्र (2)
23. नर्मघास, विशाखा, अमृता (2)

**ऊपर से नीचे**
1. पुरानी फिल्मों की प्रसिद्ध पार्श्व गायिका जो संगीतकार रवींद जैन की पसंदीदा गायिकाओं में से एक थी (4)
2. दुर्व्यसन, बुरी आदत (2)
3. विश्वकर्मा के सुत नल द्वारा बनाया गया रामेश्वर के निकट समुद पर बंधापुल (4)
5. भराई करना, पूंजी निवेश करना (3)
6. इस फल को कदरी भी कहते है (2)
7. बैडमिंटन की गेंद को अंग्रेजी में यह कहते है (6)
10. दया आना, द्रवित होना (4)
12. कोमलकांड, सुंदर स्त्री (2)
13. लंकाधिपति रावण की प्रसिद्ध बहन (4)
15. सज्जनता, सभ्यीकरण (4)
16. ईश्वर दर्शन (3)
18. मन, हृदय, चित्त (2)
20. पिता के पिता को प्यार से यह कहते है (2)

### वर्ग पहेली 6120 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| श्री | लं | का | ■ | ली | ला | से | ठ |
| ग | ब | न | ■ | प | ल | ■ | ग |
| णे | ■ | न | म | ना | ■ | बा | ना |
| शा | प | ■ | हा | ■ | द | ■ | ■ |
| य | ह | ■ | दे | व | रि | पु | ■ |
| न | र | दे | व | ■ | या | र | ■ |
| मः | ■ | व | ■ | ■ | दि | खा | ना |
| ■ | ■ | र | सा | त | ल | ■ | ते |

## आज का राशिफल

### मेष
आज का दिन परिवार के साथ वक्त बिताने का मौका मिलेगा। आप हंसी मजाक और रोमांटिक मूड में रह सकते हैं। कार्यक्षेत्र में आपको सहकर्मियों से सहयोग मिलेगा और आप किसी नई योजना पर काम कर सकते हैं। आपके लिए सितारे आज किसी अज्ञात स्रोत से लाभ दिलाने का संयोग बना रहे हैं। आपको धर्म कर्म से जुड़ा कोई काम करने का भी मौका मिलेगा।

### वृष
आज का दिन मिश्रित फलदायी रहेगा। आपको आर्थिक मामलो में किसी पर भी आंख मूंदकर भरोसा करने से बचना चाहिए। कुछ अनचाहे खर्च भी हो सकते हैं। लेकिन गुरु की शुभ दृष्टि से आपकी कमाई भी बनी रहेगी जिससे आपको खर्च के बाद भी बहुत चिंता करने की जरूरत नहीं है। आप शिक्षा प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं।

### मिथुन
आज लाभ प्राप्त कर पाएंगे। बिजनेस में आपको लाभ मिलेगा और आप किसी नए काम की शुरुआत भी कर सकते हैं। आपको शिक्षा और प्रबंधन क्षमता से भी फायदा मिलेगा। कोई काम आपका अप्रत्याशित रूप से पूरा हो सकता है। किसी विरिष्ठ व्यक्ति का वरदहस्त प्राप्त होगा।

### तुला
आज का दिन कमाई के साथ ही साथ कामकाज के लिहाज से भी अच्छा है। आपको नौकरी में कुछ नया मौका मिल सकता है। राजनीतिक संपर्क का भी आपको फायदा मिलेगा। कोई जरूरी काम जो आपका टल रहा था वह पूरा हो सकता है। आपके सितारे बताते हैं कि आपको किसी पुराने संपर्क का लाभ मिलेगा।

### वृश्चिक
आज का दिन मिश्रित रहने वाला है। आप किसी मानसिक द्वंद में फंसे हुए रह सकते हैं। आर्थिक मामलो में लाभ के साथ खर्च का भी संयोग बनेगा। किसी पुरानी समस्या के फिर से सामने आने की वजह से आपको तनाव हो सकता है। वैसे जो लोग कार्यक्षेत्र में बदलाव के लिए प्रयास कर रहे हैं उनको कोई लाभदायक मौका मिल सकता है।

### धनु
आज का दिन ऊर्जा से भरपूर रहेंगे। आपने पूर्व में कहीं धन निवेश किया है तो आपको बढते हुए धन को देखकर खुशी हो सकती है। आपके लिए सितारे बताते हैं कि आप अपनी अग्रसोच और व्यवहार कुशलता से कार्यक्षेत्र में विरोधियों को भी मात दे पाएंगे। आपका मन सकारात्मक रहेगा और धर्म कर्म के काम मे भी आप रुचि लेंगे।

### कर्क
आज का दिन आर्थिक रुप से लाभदायक रहेगा। आप किसी ऐसे स्रोत से लाभ प्राप्त कर सकते हैं जहां से लाभ की उम्मीद आपने की भी नहीं होगा। आपके सितारे बताते हें कि आप विरोधियों और प्रतिद्वंद्वियों को मात दे पाएंगे। परिवार की जरूरतों पर आपको कुछ खर्च करना पड़ सकता है।

### सिंह
आज का दिन लाभ का संयोग बना रहा और लाभदायक रहेगा। धर्म कर्म के कार्यों में आपकी रुचि रहेगी। आर्थिक पक्ष भी आपका सामान्य रूप से अच्छा है। आपके लिए कमाई के कुछ नए स्रोत भी बनेगे। खेल और प्रतियोगिता में आपको सफलता मिलेगी। आप तकनीकी ज्ञान और बौद्धिक क्षमता का लाभ ले पाएंगे।

### कन्या
आज का दिन अपनी योजनाओं और परिश्रम का लाभ प्राप्त कर पाएंगे। आपको परिश्रम के साथ अपनी सोच और कलात्मक क्षमता का भी फायदा मिलेगा। पारिवारिक जीवन में आपको जीवनसाथी के साथ वक्त बिताने का मौका मिलेगा और परिवार के साथ यात्रा पर जाने का भी संयोग बन सकता है।

### मकर
आज का दिन आर्थिक मामलों में लाभदायक रहेगा। आर्थिक स्थिति को बल प्रदान करेगा। आप गैर जरूरी खर्च पर कंट्रोल कर पाएंगे। नौकरी में आपका काम सुचारू रूप से चलेगा। आप किसी मित्र या सगे संबंधी से मिल सकते हैं। आपको किसी उलझन को सुलझाने में घर के वरिष्ठ सदस्यों से सहयोग मिलेगा। शाम का समय आपका मनोरंजक बीतेगा।

### कुंभ
आज का दिन उलझन और तनाव भरा रह सकता है। आपको किसी पर आंख बंद करके भरोसा करने से बचना चाहिए,धोखा मिल सकता है। परिवार में भाइयों से किसी बात को लेकर तनाव या विवाद चल रहा है तो संयम से काम ले,बातचीत के मुद्दे को सुलझाने का प्रयास करें। आपको किसी सगे संबंधी की मदद भी करनी होगी। जोखिम वाले काम से आपको बचना होगा, चोट लग सकती है।

### मीन
आज का दिन लाभदायक रहेगा। आपका मनोबल ऊंचा रहेगा और आप अपने कार्यक्षेत्र में सफलतापूर्वक आगे बढ पाएंगे। नौकरी में आप अपनी अनुभव कुशलता और टीम मैनेजमेंट से स्थिति को संतुलित रख पाएंगे। बिजनेस में आपका कमाई बढेगी। आप अपने लिए कुछ सुख साधनों की भी खरीदारी कर सकते हैं। माता पिता से सहयोग मिलेगा।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा सोमांक प्रिंटर्स, बी-17 और बी-18 (भाग), ग्रोथ सेंटर जसोइया, औरंगाबाद, बिहार - 824101 में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, समाचार संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/03009

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



# सिंधु ऑस्ट्रेलियन ओपन का सेमीफाइनल हारीं

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** भारत की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु का ऑस्ट्रेलियन ओपन 2026 में सफर समाप्त हो गया है। महिला सिंगल्स के सेमीफाइनल मुकाबले में सिंधु को जापान की वर्ल्ड नंबर-3 अकाने यामागुची के हाथों सीधे गेमों में 20-22, 12-22 से करारी हार झेलनी पड़ी। पहले गेम में कड़ी टक्कर देने के बाद सिंधु दूसरे गेम में पूरी तरह अपनी लय खो बैठीं और मुकाबला गंवा दिया। इस जीत के साथ ही टॉप सीड अकाने यामागुची ने बीडब्ल्यूएफ टूर पर लगातार अपने चौथे फाइनल में जगह बना ली है। वहीं पिछले दो साल से खराब फॉर्म और चोट से जूझने के बाद वापसी की कोशिशों में जुटीं सिंधु का इस साल का पहला खिताब जीतने का सपना एक बार फिर टूट गया।

## बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप में के लिए भारतीय टीम का ऐलान, पीवी सिंधु करेंगी अगुवाई



अगस्त में होने वाली बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप 2026 में स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु 10 सदस्यीय भारतीय टीम की अगुवाई करेगी। नई दिल्ली में 17 से 23 अगस्त तक होने वाली बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप 2026 के लिए ग्लोबल फेडरेशन ने क्वालिफिकेशन सूची में पूर्व चैंपियन पीवी सिंधु सहित 10 खिलाड़ियों को जगह मिली है। भारत की ओर से पांच स्पर्धाओं में कुल 10 लोगों को जगह मिली हैं, जिनमें पुरुष डबल्स की जोड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी देश के सबसे ऊंची रैंकिंग वाले दावेदार के तौर पर शामिल हैं। पीवी सिंधु ने बैडमिंटन वर्ल्ड फेडरेशन के क्वालिफिकेशन नियमों के तहत मेजबान देश की प्रतिनिधि के तौर पर महिला एकल ड्रॉ में अपनी जगह पक्की की। 28 अप्रैल की वर्ल्ड बैडमिंटन रैंकिंग पर आधारित इस क्वालिफिकेशन सूची में पुरुष और महिला एकल में 64-64 खिलाड़ी और हर युगल स्पर्धाओं में 48-48 जोड़ियां शामिल हैं। वर्ल्ड बैडमिंटन चैंपियनशिप में हर कैटेगरी में भारत के दो खिलाड़ी सीधे एंट्री करेंगे।

पुरुष एकल में लक्ष्य सेन और आयुष शेट्टी ने क्वालिफाई किया है, जबकि महिला सिंगल्स में सिंधु के साथ उभरती हुई खिलाड़ी उन्नति हुड्डा शामिल हैं। भारत की सबसे अच्छी रैंकिंग वाली एंट्री पुरुष डबल्स जोड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की है, जिन्होंने कुल मिलाकर चौथी रैंकिंग के साथ क्वालिफाई किया। हरिहरन अमसाकरुणन और एमआर अर्जुन ने भारत के लिए पुरुष डबल्स में दूसरी जगह पक्की की।

क्वालिफाई करने वाली जोड़ियों में 30वें स्थान पर मौजूद ट्रेसा जॉली और गायत्री गोपीचंद, कविप्रिया सेल्वम और सिमरन सिंघी के साथ महिला डबल्स में भारत की चुनौती पेश करेंगी। मिश्रित युगल में ध्रुव कपिला और तनीषा क्रास्टो ने 21वें स्थान पर क्वालिफाई किया, जबकि रोहन कपूर और रुत्विका शिवानी गड्डे ने भारत के लिए दूसरी जगह हासिल की। कई भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी रिजर्व लिस्ट में भी शामिल हैं, जिनमें पुरुष एकल में वर्ल्ड चैंपियनशिप मेडलिस्ट किदांबी श्रीकांत और एचएस प्रणय, और महिला एकल में तन्वी शर्मा, अनमोल खरब, मालविका बंसोड़ और तस्नीम मीर शामिल हैं।

बीडब्ल्यूएफ ने कहा कि सभी पांच कैटेगरी में मौजूदा चैंपियन ने अपनी भागीदारी की पुष्टि कर दी है। चीन के पुरुष एकल चैंपियन शी यू की, दक्षिण कोरिया के पुरुष युगल विजेता किम वॉन हो और सियो सेउंग जे, और चीन की महिला युगल चैंपियन लियू शेंग शू और टैन निंग - ये सभी अपने-अपने इवेंट्स में टॉप-रैंक वाले खिलाड़ियों के तौर पर क्वालिफाई हुए। जापान की अकाने यामागुची, जो मौजूदा विमेंस सिंगल्स चैंपियन हैं, तीसरे नंबर पर क्वालिफाई हुईं, जबकि मलेशिया के मौजूदा मिश्रित युगल चैंपियन चेन तांग जी और तोह ई वेई चौथे नंबर पर क्वालिफाई हुए।

## केन विलियमसन के सन्यास पर विराट कोहली का छलका दर्द

### कहा-महानतम बल्लेबाज ने क्रिकेट को अलविदा कहा



**नईदिल्ली (एजेंसी)।** न्यूजीलैंड के दिग्गज बल्लेबाज केन विलियमसन ने शुक्रवार (12 जून) को इंटरनेशनल क्रिकेट को अलविदा कह दिया. इसके साथ ही न्यूजीलैंड क्रिकेट में तीनों प्रारूपों में एक युग का अंत हो गया।

विलियमसन इस समय इंग्लैंड में टेस्ट श्रृंखला खेल रहे हैं जिसमें न्यूजीलैंड पहला मैच 115 रन से हार गई थी. विलियमसन पहली पारी में खाता नहीं खोल सके थे और दूसरी में 18 रन पर आउट हो गए थे. ये मैच उनके करियर का आखिरी मैच बन गया। अपने 16 साल के शानदार करियर में विलियमसन ने देश के लिये कुल 378 मैच खेले. जिसमें 110 टेस्ट, 175 वनडे और 93 टी20 मैच शामिल हैं. विलियमसन ने 2025 में ही टी20 प्रारूप से संन्यास ले लिया था।

विलियमसन ने न्यूजीलैंड क्रिकेट द्वारा जारी बयान में कहा, 'मैंने इस पर काफी सोचा और पिछले कुछ दिन से लग रहा था कि यही सही समय है. अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलने के लिये मेरे भीतर हमेशा मजबूत इच्छाशक्ति और ललक रही है और मुझे इस बात में गर्व है कि न्यूजीलैंड के लिये हर मैच में मैंने अपना सब कुछ दिया है।'

न्यूजीलैंड क्रिकेट ने कहा , 'हमारे महानतम खिलाड़ियों में से एक विदा हो रहा है. केन विलियमसन ने त्वरित प्रभाव से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास का फैसला किया है।'

● महिला टी20 विश्व कप : पाकिस्तान के खिलाफ भारतीय टीम का पलड़ा भारी

# भारत-पाक फिर आमने-सामने



### भारत बनाम पाकिस्तान का रिकॉर्ड?

भारत और पाकिस्तान के बीच अभी तक कुल 16 महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले जा चुके हैं, जिसमें से टीम इंडिया ने 13 मैचों में जीत दर्ज की है, जबकि पाकिस्तान की टीम सिर्फ तीन बार ही जीत पाई है। इस लिहाज से महिला टीम इंडिया का पलड़ा भारी नजर आ रहा है।

**बर्मिंघम (एजेंसी)।** महिला टी20 विश्व कप 2026 में रविवार को भारतीय टीम अपने अभियान का आगाज पाकिस्तान के खिलाफ करेगी। विश्व क्रिकेट में चर्चित मुकाबनों में से एक भारत-पाकिस्तान महिला विश्व कप में आज फिर एक।दूसरे के आमने-सामने होंगे। क्रिकेट के सबसे छोटे फॉर्मेट में हरमनप्रीत कौर की अगुवाई में भारतीय टीम पाकिस्तान पर हावी रही है। टी20 इंटरनेशनल में भारत और पाकिस्तान की अब तक कुल 16 बार भिड़ंत हुई है, जिसमें से 13 मुकाबलों में जीत भारतीय टीम के हाथ लगी है। सिर्फ 3 मुकाबलों में ही पाकिस्तान की टीम जीत दर्ज कर सकी है। भारतीय टीम रविवार को बर्मिंघम के एजबेस्टन क्रिकेट स्टेडियम में अपने दमदार रिकॉर्ड को बरकरार रखने के इरादे से मैदान पर उतरेगी। भारतीय टीम और पाकिस्तान की आखिरी भिड़ंत साल 2024 में खेले गए महिला टी20 वर्ल्ड कप के दौरान हुई थी, जहां भारतीय टीम ने 6 विकेट से जीत दर्ज की थी। इस हाई-वोल्टेज मुकाबले में टीम इंडिया को स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा की सलामी जोड़ी से धमाकेदार प्रदर्शन की आस होगी। दोनों को ही इंग्लैंड की परिस्थितियां काफी रास आती है। मंधाना ने पाकिस्तान के खिलाफ खेली 10 पारियों में 239 रन बनाए हैं। वहीं, शेफाली ने 4 मुकाबलों में 121 रन बनाए हैं। कप्तान हरमनप्रीत कौर की फॉर्म भारतीय टीम के लिहाज से इस मुकाबले और विश्व कप में काफी अहम होगी। जेमिमा रोड्रिग्स के ऊपर मध्यक्रम को संभालने की जिम्मेदारी होगी। वहीं, फिनिशर के तौर पर भारतीय टीम ऋचा घोष से एक बार फिर धमाकेदार प्रदर्शन की उम्मीद करेगी। गेंदबाजी में रेणुका सिंह और क्रांति गौड़ नई गेंद से पाकिस्तान की बल्लेबाजों की अग्निपरीक्षा लेंगी। यह देखना दिलचस्प होगा कि इस महामुकाबले में भारतीय टीम युवा तेज गेंदबाज नंदिनी



शर्मा को मौका देती है या नहीं। वहीं, राधा यादव, श्रेयंका पाटिल और श्री चरणी अपनी स्पिन गेंदबाजी से कमाल दिखा सकती हैं।

### भारत पाकिस्तान स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क के चैनलों पर होगा

महिला टी20 वर्ल्ड कप 2026 में भारत बनाम पाकिस्तान महामुकाबले का लाइव टेलीकास्ट स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क के विभिन्न चैनलों पर होगा। जबकि इस मैच की ऑनलाइन लाइव स्ट्रीमिंग जियोस्टार ऐप पर होगी।

### भारत और पाकिस्तान की महिला टीमों के टी20 वर्ल्ड कप स्क्वाड

**भारतीय महिला टीम :** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना, शेफाली वर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, भारती फुलमाली, ऋचा घोष (विकेटकीपर), यास्तिका भाटिया, दीप्ति शर्मा, श्रेयांका पाटिल, श्री चरणी, क्रांति गौड़, नंदिनी शर्मा, रेणुका सिंह ठाकुर, राधा यादव, अरुंधति रेड्डी।

**पाकिस्तान महिला टीम :** फातिमा सना शेख (कप्तान), आयशा जफर, अयमान फातिमा, इरम जावेद, मुनीबा अली सिद्दीकी, आलिया रियाज, नतालिया परवेज, सायरा जबीन, डायना बेग, गुल फिरोजा, नशरा संधू, रामीन शमीम, सादिया इकबाल, तस्मिया रुबाब, तूबा हसन।

## मजदूर का बेटा बना 'गोल्डन बॉय'

### बेटे की कामयाबी देख फफक-फफक कर रोए माता-पिता



**करनाल (एजेंसी)।** हौंसले के तरकश में कोशिश का वो तीर जिंदा रख, हार जा चाहे जिंदगी में सब कुछ, मगर फिर से जीतने की उम्मीद जिंदा रख. इन पंक्तियों को पूरी तरह सच कर दिखाया है करनाल के सुमित ने. सुमित सीकरी गांव के निवासी हैं. गुजरात के अहमदाबाद में 4 जून से 8 जून 2026 तक 'फर्स्ट वर्ल्ड योगासन चैंपियनशिप' का आयोजन हुआ. इस प्रतियोगिता में सुमित ने अपनी अद्भुत खेल प्रतिभा के दम पर ना केवल देश का परचम लहराया, बल्कि वैश्विक पटल पर भारत और हरियाणा का नाम स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज करा दिया।

विश्व मंच पर सुमित का स्वर्णिम प्रदर्शन?- देशभर से आए श्रेष्ठ योगासन खिलाड़ियों के बीच हुए इस कड़े और उच्च स्तरीय मुकाबले में सुमित ने भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए दो अलग-अलग इवेंट्स में दो गोल्ड मेडल जीतकर इतिहास रच दिया. सुमित ने इस विश्व चैंपियनशिप के सीनियर मेल कैटेगरी में अपनी श्रेष्ठता साबित करते हुए दो स्पर्धाओं में देश की झोली में स्वर्ण पदक डाले हैं।

लेग बैलेंस इंडिविजुअल इवेंट (सीनियर मेल कैटेगरी)- अपनी एकाग्रता और शारीरिक संतुलन का लोहा मनवाते हुए सुमित ने पहला स्वर्ण पदक प्राप्त किया।

# मप्र शहडोल के 'मिनी ब्राजील' में फीफा का उत्साह

● खिलाड़ी चाहते हैं ब्राजील बने विश्व विजेता ● भारत को फीफा तक पहुंचाने का संकल्प लिया

**भोपाल/शहडोल (एजेंसी)।** फीफा विश्व कप 2026 की शुरुआत 11 जून से हो गई है, जिसे लेकर दुनिया भर के फुटबॉल प्रेमियों में जबरदस्त उत्साह है। अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको की संयुक्त मेजबानी में होने वाले इस महाकुंभ पर करोड़ों निगाहें टिकी हैं। इस वैश्विक रोमांच के बीच मध्य प्रदेश के शहडोल जिले का 'मिनी ब्राजील' गांव विचारपुर भी फुटबॉल के रंग में रंग चुका है। विश्व कप शुरू होने से पहले ही विचारपुर के मैदानों में रौनक बढ़ गई है। गांव के बच्चे और युवा खिलाड़ी अपने पसंदीदा खिलाड़ियों और टीमों पर चर्चा करते नजर आ रहे हैं। यहां के अधिकांश खिलाड़ी ब्राजील का समर्थन करते हैं और उन्हें ही फीफा का विश्व विजेता देखना चाहते हैं। वहीं टीम इंडिया का फीफा तक नहीं पहुंच पाना भी उनके लिए निराशा का विषय है। मिनी ब्राजील के मैदान में फुटबॉल खेल रहे बच्चों का कहना है कि हम आने वाले समय में टीम इंडिया को फीफा तक पहुंचाएंगे। मैदान में खेल रहे कुछ युवा अर्जेंटीना और लियोनेल मेसी के प्रशंसक भी हैं। लेकिन इस उत्साह के बीच एक सवाल भी बार-बार उठता है जब दुनिया फुटबॉल के सबसे बड़े मंच पर उतर रही है, तब भारत अब तक वहां क्यों नहीं पहुंच पाया?





**क्यों कहा जाता है विचारपुर को मिनी ब्राजील?** - शहडोल मुख्यालय से करीब पांच किलोमीटर दूर स्थित विचारपुर गांव में फुटबॉल केवल खेल नहीं बल्कि जीवनशैली का हिस्सा है। गांव के अधिकांश घरों में कोई न कोई खिलाड़ी फुटबॉल से जुड़ा हुआ है। यहां बच्चे चलना सीखने के साथ फुटबॉल को भी अपनाने लगते हैं।

वर्षों पहले गांव के युवाओं ने फुटबॉल को अपनी पहचान बनाया। धीरे-धीरे यहां से कई खिलाड़ी जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचे। महिला खिलाड़ियों ने भी उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कीं। गांव में फुटबॉल के प्रति इसी जुनून ने इसे मिनी ब्राजील की पहचान दिलाई।

**पीएम मोदी ने दिलाई राष्ट्रीय पहचान** - विचारपुर को राष्ट्रीय पहचान तब मिली जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2022 में अपने रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' में गांव का उल्लेख किया था। पीएम ने गांव की फुटबॉल संस्कृति और यहां के खिलाड़ियों की सराहना की थी। इसके बाद विचारपुर अचानक राष्ट्रीय सुर्खियों में आ गया।प्रधानमंत्री के उल्लेख के बाद कई प्रशासनिक और खेल विभाग के अधिकारी गांव पहुंचे। गांव की पहचान एक फुटबॉल हब के रूप में बनी और यहां के खिलाड़ियों को राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में भाग लेने के अवसर बढ़े। देशभर के मीडिया संस्थानों ने भी गांव की कहानी को प्रमुखता से प्रकाशित किया।

### अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी कुंडे बोलीं- फीफा से सीखने का अवसर

जर्मनी में आयोजित अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुकी खिलाड़ी सानिया कुंडे कहती हैं कि फीफा विश्व कप उनके जैसे खिलाड़ियों के लिए सीखने का सबसे बड़ा मंच है।सानिया कहती हैं, हम लोग सभी मैच देखेंगे। जो खिलाड़ी हमारी पोजीशन पर खेलते हैं, उन्हें देखकर नई तकनीक सीखने को मिलती है। ऐसे कई शॉट्स और मूवमेंट देखने को मिलते हैं जिन्हें सीखने के लिए बहुत उच्च स्तरीय अभ्यास की जरूरत होती है। हम सब ब्राजील को सपोर्ट करेंगे। हमारी कोशिश है कि एक दिन भारत भी फीफा वर्ल्ड कप में खेले।

## बांग्लादेशी क्रिकेटर नईम हसन ने चटगांव में पुलिस पर लगाए दुर्व्यवहार समेत कई गंभीर आरोप

चटगांव । बांग्लादेश के स्पिन गेंदबाज नईम हसन ने आरोप लगाया है कि उनके गृहनगर चटगांव में कानून प्रवर्तन एजेंसी के सदस्यों ने उनके साथ दुर्व्यवहार किया, उन्हें परेशान किया और कथित तौर पर मारपीट भी की। इस घटना के बाद स्थानीय पुलिस ने मामले की जांच शुरू करने और उचित कार्रवाई का भरोसा दिया है। नईम हसन हाल ही में जिम्बाब्वे के खिलाफ होने वाली टेस्ट सीरीज के लिए बांग्लादेश की टीम में चुने गए हैं। घटना के बारे में बताते हुए नईम काफी परेशान और तनाव में दिखे। आरोप है कि यह घटना कल देर रात हुई जब नईम प्राइम बैंक क्रिकेट क्लब के फाइनल प्रीमियर लीग, बांग्लादेश के टॉप लिस्ट ए प्रतिगोगिता मैच में आखिरी बार खेलने के बाद घर लौट रहे थे। 'क्रिकबज' के मुताबिक नईम ने कहा, 'मेरा प्रीमियर लीग मैच चल रहा था, मेरी फ्लाइट लेट थी। मैं एयरपोर्ट से अपनी सीएनजी से आ रहा था और रात करीब 11 बजकर 25 मिनट पर उन्होंने (पुलिस ने) लंका बाजार फ्लाईओवर के नीचे मेरी सीएनजी रोकी और ड्राइवर से दस्तावेज ले लिए।



## कैंसस सिटी में चोरी हुए इंग्लैंड फुटबॉल टीम के उपकरण, जांच में जुटी पुलिस

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** फीफा वर्ल्ड कप 2026 में अपने शुरुआती मुकाबले से पहले इंग्लैंड फुटबॉल टीम की तैयारियों को बड़ा झटका लगा है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, टीम के कुछ ट्रेनिंग उपकरण कैंसस सिटी पहुंचने के दौरान चोरी हो गए हैं। इस मामले की जांच स्थानीय पुलिस कर रही है। बताया जा रहा है कि इंग्लैंड टीम का ट्रेनिंग सामान फ्लोरिडा स्थित प्री-टूर्नामेंट ट्रेनिंग कैंप से कैंसस सिटी के स्वोप सॉकर विलेज भेजा जा रहा था। इसी दौरान सामान ले जा रही गाड़ी से कुछ उपकरण गायब हो गए। इंग्लैंड की टीम शनिवार को कैंसस सिटी पहुंचने वाली थी और वहां अभ्यास शुरू करने की तैयारी कर रही थी। स्थानीय पुलिस ने पुष्टि की है कि इस मामले को चोरी के रूप में दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, पुलिस ने एक बयान में बताया, 'हम टीम की एक गाड़ी से उपकरण की संभावित चोरी की जांच कर रहे हैं, जो शुक्रवार शाम कैंसस सिटी पहुंची थी और उसमें से कुछ सामान गायब थे। जांच जारी है। आगे की जांच तक दो लोगों को हिरासत में लिया गया है।' रिपोर्ट के मुताबिक, यह कथित घटना इंग्लैंड के वर्ल्ड कप कैंपेन के शुरू होने से कुछ ही दिन पहले हुई है, जिसमें थॉमस ट्यूशेल की टीम बुधवार को डलास में ग्रुप-स्टेज मैच में क्रोएशिया से भिड़ेगी।




## न्यूज बाइट्स

### 17 जून को होगा इस्लाह-ए- मुआशरा कान्फ्रेंस का जलसा

**दाउदनगर (औरंगाबाद) (नि. सं.)।** आगामी 17 जून को आस्ताना कादरिया,कर्बला रोड,पुराना शहर,दाउदनगर में एक जलसा 'इस्लाह-ए-मुआशरा कॉन्फ्रेंस' होने जा रहा है। इस प्रोग्राम में देश के मशहूर ख़तीब हज़रत अल्लामा मौलाना मोहम्मद सिद्दीक हसन उर्फ झारखंडी बाबा (देवघर, झारखंड), मशहूर नातख़ां हज़रत मौलाना मुबारक हुसैन मुबारक (गिरिडीह), और नकीब-ए-अहले सुन्नत हज़रत मौलाना अब्दुल रहमान जामी साहब तशरीफ़ ला रहे हैं। जलसे के आयोजकों ने लोगों से जलसे में ज़्यादा से ज़्यादा तादाद में आने की अपील की है।

### वैश्य समाज की शान थे बृज बिहारी प्रसाद : विजय

**औरंगाबाद (एसवीवी. सं.)।** बिहार सरकार के पूर्व मंत्री एवं वैश्य समाज के कुशल नेता बृजबिहारी प्रसाद की पुण्य तिथि पर उनके तैल चित्र पर पुष्पांजलि करते हुए वैश्य चेतना मंच के जिला संयोजक विजय कुमार अकेला ने उन्हें स्मरण करते हुए कहा कि जिनके कुशल नेतृत्व में वैश्य समाज अपना एक मुकाम हासिल करने की तैयारी कर रहा था ठीक उसी समय कुछ असामाजिक तत्वों नें एक साजिश के तहत 13जून 1998 को उनकी हत्या कर दी थी। उपरोक्त बातें वैश्य चेतना समिति द्वारा हसपुरा के ज्ञान कुंज परिसर में आयोजित संकल्प सभा में वैश्य चेतना समिति के जिला संयोजक विजय कुमार अकेला नें कही। अकेला नें सभा को सम्बोधित करते हुये कहा कि कुछ लोगों को यह भ्रम हो गया था कि बृज बिहारी जी की हत्या से समाज का कारवां थम जाएगा,लेकिन उन लोगों की दांव उल्टा पड़ गया।उनकी शहादत नें वैश्य समाज को एकजुट करने में अपना अहम योगदान दिया।वें हमेशा वैश्य समाज को एकजुट करने का प्रयास करते रहे और पुरा समाज आज एकजुट है।उनके द्वारा समाज के लिए किए गए कार्यों को याद करते हुये उनके शहादत को नमन करता हूं। अकेला ने बताया कि इनके सफल नेतृत्व में हीं पहली बार समाज नें कई जिलों में अपना रैली निकाल व बैठक कर अपनी ताकत एवं एकजुटता का एहसास कराया था।कार्यक्रम का शुभारम्भ स्व. बृज बिहारी प्रसाद के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया।

### जिले में अवैध खनन और खनिज परिवहन के विरुद्ध खनन विभाग ने की सख्त कार्रवाई

# नियमों की अनदेखी कर नहीं चलेंगी गाड़ियां : हरेश कुमार

- विशेष जांच अभियान में दो अवैध व चार बिना आईएसटीपी के हाइवा जब्त, लाखों का जुर्माना; खनन माफियाओं में मचा हड़कंप



**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**

जिले में अवैध खनन और खनिज परिवहन के विरुद्ध खनन विभाग ने सख्त कार्रवाई तेज कर दी है। शनिवार को जिला खनन पदाधिकारी हरेश कुमार के निर्देश पर देव थाना क्षेत्र के भवानीपुर के समीप विशेष सघन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान दो अवैध गिट्टी लदे हाइवा तथा इंटर स्टेट ट्रांजिट पास (आईएसटीपी) के बिना चल रहे चार हाइवा को पकड़ा गया। विभाग की इस कार्रवाई से अवैध खनन और परिवहन में संलिप्त लोगों के बीच हड़कंप मच गया है। जिला खनन पदाधिकारी हरेश कुमार ने कहा कि नियमों की अनदेखी कर किसी भी वाहन को चलने नहीं दिया जाएगा। अवैध खनन, बिना वैध दस्तावेज के खनिज परिवहन तथा ओवरलोडिंग के विरुद्ध विभाग का अभियान लगातार जारी रहेगा और दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। कार्रवाई में खनन निरीक्षक कुमार प्रत्यूष, खनन निरीक्षक इक़बाल हुसैन तथा पुलिस बल के जवान शामिल थे। खनन निरीक्षक कुमार प्रत्यूष ने बताया कि पिछले कुछ समय से लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि कई वाहन बिना वैध दस्तावेजों के औरंगाबाद जिले की सीमा में प्रवेश कर रहे हैं। विशेष जांच के दौरान दो अवैध गिट्टी लदे हाइवा तथा चार ऐसे हाइवा पकड़े गए, जिनके पास इंटर स्टेट ट्रांजिट पास नहीं था। विभाग ने सभी वाहनों पर लाखों रुपये का जुर्माना लगाया है तथा संबंधित प्रावधानों के तहत स्थानीय थाने में लिखित प्राथमिकी भी दर्ज कराई गई है। उन्होंने कहा कि सीमावर्ती क्षेत्रों में ओवरलोडिंग, अवैध खनन तथा बिना चालान के खनिज परिवहन को किसी भी परिस्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ऐसे मामलों पर अंकुश लगाने के लिए भविष्य में भी औचक जांच अभियान लगातार जारी रहेगा, ताकि राजस्व की चोरी रोकी जा सके और सड़कों को नुकसान पहुंचाने वाले खनन माफियाओं पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा सके।

खनन निरीक्षक इक़बाल हुसैन ने बताया कि 10 जून से लागू नए आदेश के अनुसार अन्य राज्यों से बिहार आने वाले खनिज वाहनों के लिए इंटर स्टेट ट्रांजिट पास (आईएसटीपी) अनिवार्य कर दिया गया है। अब झारखंड, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल सहित अन्य राज्यों से खनिज लेकर आने वाले सभी वाहनों को ऑनलाइन पंजीकरण कर ट्रांजिट पास प्राप्त करना होगा। इससे अवैध खनन, फर्जी चालान और अनियमित खनिज परिवहन पर प्रभावी रोक लगाने में मदद मिलेगी।

उन्होंने बताया कि विभाग ने ट्रांजिट पास के लिए शुल्क भी निर्धारित कर दिया है, जिसका भुगतान केवल ऑनलाइन माध्यम से किया जाएगा। नए नियम के तहत खनिज स्रोत स्थल से परिवहन चालान जारी होने के छह घंटे के भीतर संबंधित वाहन के लिए ट्रांजिट पास लेना अनिवार्य होगा। इसकी वैधता परिवहन चालान की अवधि के बराबर रहेगी। परिवहन के दौरान वाहन चालक के पास संबंधित राज्य का वैध परिवहन चालान तथा आईएसटीपी दोनों दस्तावेज उपलब्ध होना आवश्यक होगा। विभाग ने सभी परिवहनकर्ताओं और वाहन मालिकों से समय रहते नई व्यवस्था का पालन सुनिश्चित करने की अपील की है।

## औरंगाबाद की पुरानी सब्जी मंडी में बर्थडे पार्टी के दौरान ताबड़तोड़ फायरिंग, 11 खोखे व शराब की बोतल बरामद

- जमीन विवाद के एंगल से भी जांच, हाल ही में बनी चहारदीवारी और कारोबारियों पर दबाव बनाने की आशंका।
- बर्थडे पार्टी के दौरान हुई थी फायरिंग।



**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**

शहर के डाकघर के समीप स्थित पुरानी सब्जी मंडी में शुक्रवार देर रात बर्थडे पार्टी के दौरान हुई ताबड़तोड़ फायरिंग से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। गोलियों की आवाज से आसपास के लोगों में दहशत फैल गई और कुछ देर के लिए भगदड़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई। सूचना मिलते ही नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक फायरिंग करने वाले अधिकांश लोग फरार हो चुके थे। पुलिस ने घटनास्थल की जांच के दौरान 11 खोखे और शराब की एक बोतल बरामद की है। बरामद साक्ष्यों के आधार पर पूरे मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। घटना के बाद शहर में फायरिंग को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं।

### जमीन विवाद से भी जोड़कर हो रही जांच

प्रारंभिक जांच में पुलिस जमीन विवाद के पहलू को भी खंगाल रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार, फायरिंग के पीछे इलाके में दहशत फैलाने और हाल ही में बनी चहारदीवारी के समीप सब्जी कारोबारियों पर दबाव बनाने की मंशा हो सकती है। हालांकि पुलिस ने अभी किसी भी कारण की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। बताया जाता है कि पुरानी सब्जी मंडी की जमीन को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था। मामला न्यायालय तक पहुंचा था, जहां फैसला एक परिवार के पक्ष में आया। इसके बाद प्रशासन की निगरानी में संबंधित भूमि की चहारदीवारी कराई गई थी। पुलिस इस पूरे घटनाक्रम को भी जांच के दायरे में रखकर पड़ताल कर रही है।

### एक युवक हिरासत में कई अन्य की तलाश

नगर थाना अध्यक्ष बबन बैठा ने बताया कि चहारदीवारी के अंदर कुछ लोग बर्थडे पार्टी मना रहे थे, तभी फायरिंग की घटना हुई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। उन्होंने बताया कि घटनास्थल से 11 खोखे और शराब की एक बोतल बरामद की गई है। मामले में विश्वनाथ पासवान के पुत्र रविकांत कुमार को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। इसके अलावा घटना में शामिल कई अन्य लोगों के नाम भी सामने आए हैं, जिनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। गौरतलब है कि शुक्रवार शाम को पुरानी सब्जी मंडी के व्यवसायियों ने प्रस्तावित अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के विरोध में बैठक की थी। व्यवसायियों ने प्रशासन से पहले वैकल्पिक व्यवस्था उपलब्ध कराने और उसके बाद ही अतिक्रमण हटाने की मांग की थी। ऐसे में उसी रात हुई फायरिंग की घटना को लेकर विभिन्न तरह की चर्चाएं तेज हो गई हैं।

## सैनिकों के परिजनों को भी मिलेगी मुफ्त विधिक सहायता

- जिला विधिक सेवा प्राधिकार के जागरूकता शिविर में वीर परिवार सहायता योजना-2025 की दी गई जानकारी




**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**

जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डीएलएसए), औरंगाबाद के तत्वावधान में शनिवार को प्राथमिक विद्यालय, उंथु (फेसर) में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पैनल अधिवक्ता गोविंद कुमार सिंह ने की, जबकि संचालन पारा विधिक स्वयंसेवक विनय कुमार ने किया। शिविर को संबोधित करते हुए पैनल अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने कहा कि पहली बार जिले के लोगों को 'वीर परिवार सहायता योजना-2025' के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत भारतीय सेना, अर्धसैनिक बलों के जवानों, पूर्व सैनिकों तथा उनके आश्रितों को निःशुल्क एवं प्रभावी विधिक सहायता उपलब्ध कराई जाती है। योजना का उद्देश्य पात्र लाभार्थियों को कानूनी सलाह, मुकदमों में सहायता तथा अन्य विधिक सेवाएं उपलब्ध कराना है। उन्होंने लोगों से इस योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील करते हुए इसके प्रति व्यापक जागरूकता फैलाने पर जोर दिया। कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों को जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं एवं विधिक अधिकारों की भी जानकारी दी गई। शिविर में मुखिया वृजमोहन यादव, गुड्डू यादव, हीरा यादव, उदय कुमार सिंह, पप्पू कुमार, मालती देवी, पूनम देवी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। प्रतिभागियों ने जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा आयोजित जागरूकता अभियान की सराहना की।

अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार, औरंगाबाद की सचिव एवं न्यायिक पदाधिकारी तान्या पटेल के निर्देश पर जून माह में जिले के विभिन्न क्षेत्रों में विधिक जागरूकता शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इसके तहत 14 जून को प्राथमिक विद्यालय हजारी कर्मा, 21 जून को उर्दू विद्यालय काजी कर्मा चक्र (जम्होर) तथा 28 जून को उच्च विद्यालय बेलसारा (देव) में शिविर आयोजित कर आमजन को विभिन्न विधिक विषयों एवं सरकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी।

## औरंगाबाद सदर अस्पताल में जन्म प्रमाण पत्र बनाने का कार्य ठप, बढ़ी परेशानी




**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**

औरंगाबाद सदर अस्पताल में पिछले कई दिनों से जन्म प्रमाण पत्र बनाने का कार्य पूरी तरह ठप पड़ा हुआ है। तकनीकी खराबी एवं संबंधित कर्मियों की अनुपलब्धता के कारण नवजात शिशुओं के अभिभावकों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

जानकारी के अनुसार, प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग अपने बच्चों का जन्म प्रमाण पत्र बनवाने के लिए सदर अस्पताल पहुंच रहे हैं, लेकिन व्यवस्था बाधित रहने के कारण उन्हें बिना काम कराए ही वापस लौटना पड़ रहा है। लगातार अस्पताल के चक्कर लगाने से लोगों में नाराजगी भी बढ़ रही है। अभिभावकों का कहना है कि जन्म प्रमाण पत्र स्कूल में नामांकन, सरकारी योजनाओं का लाभ लेने तथा अन्य आवश्यक दस्तावेज बनवाने के लिए महत्वपूर्ण दस्तावेज है। इसके बावजूद कई दिनों से सेवा बंद रहने के कारण उन्हें अनावश्यक परेशानी झेलनी पड़ रही है।

स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग से मांग की है कि तकनीकी खराबी को शीघ्र दूर कर आवश्यक कर्मियों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए, ताकि जन्म प्रमाण पत्र बनाने का कार्य जल्द से जल्द सामान्य हो सके और आम लोगों को राहत मिल सके।

## बटाने पुल के पास आज से बनेगा नया डायवर्सन



**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**

जनसुरक्षा और सुगम यातायात को प्राथमिकता देते हुए जिला प्रशासन ने राष्ट्रीय उच्च पथ-139 (पुराना एनएच-98) पर स्थित बटाने नदी पुल के समीप नए डायवर्सन के निर्माण का कार्य 14 जून से शुरू करने का निर्णय लिया है।

प्रशासन का लक्ष्य अगले दो माह के भीतर निर्माण कार्य पूरा कर आवागमन को सुरक्षित, सुचारु और निर्बाध बनाना है। जिला प्रशासन के अनुसार लगभग 225 मीटर लंबे बटाने पुल की तकनीकी जांच एवं पथ निरीक्षण के दौरान पुल की वर्तमान स्थिति को देखते हुए भारी वाहनों के परिचालन पर रोक लगा दी गई थी। साथ ही आम लोगों की सुविधा के लिए हल्के वाहनों के आवागमन तथा वैकल्पिक यातायात व्यवस्था की गई थी। अब स्थायी समाधान के तहत पुल के समीप डायवर्सन का निर्माण कराया जाएगा। इसके लिए 4 करोड़ 56 लाख रुपये की निविदा स्वीकृत की गई है। निर्माण कार्य समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा हो, इसके लिए संबंधित अधिकारियों एवं संवेदक ने स्थल का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए हैं। जिला प्रशासन ने निर्माण अवधि के दौरान आम नागरिकों से निर्धारित यातायात व्यवस्था का पालन करने, वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करने तथा प्रशासन का सहयोग करने की अपील की है, ताकि निर्माण कार्य बिना किसी बाधा के समय पर पूरा किया जा सके।

## बघौरा पैक्स अध्यक्ष प्रतिनिधि राम सूचित सिंह के निधन पर पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने दी श्रद्धांजलि

**निज संवाददाता | रफीगंज (औरंगाबाद)**



रफीगंज प्रखंड की बघौरा पंचायत के वर्तमान पैक्स अध्यक्ष प्रतिनिधि एवं समाजसेवी राम सूचित सिंह का शनिवार को निधन हो गया। उन्होंने शुक्रवार देर रात पटना एम्स में इलाज के दौरान अंतिम सांस ली। उनके निधन से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। शनिवार को उनका पार्थिव शरीर पैतृक गांव चिरैला लाया गया, जहां परिजनों, ग्रामीणों और शुभचिंतकों ने अंतिम दर्शन किए। इसके बाद पूरे सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। निधन की सूचना मिलते ही औरंगाबाद के पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह चिरैला गांव पहुंचे और पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि राम सूचित सिंह का निधन उनके लिए व्यक्तिगत क्षति है, जिसकी भरपाई निकट भविष्य में संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि राम सूचित सिंह ने अपना पूरा जीवन किसानों, ग्रामीणों और समाज की सेवा के लिए समर्पित किया तथा उनका योगदान सदैव याद रखा जाएगा। पूर्व सांसद ने दिवंगत आत्मा की शांति तथा शोक संतप्त परिवार को इस दुख की घड़ी में संबल प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की। श्रद्धांजलि सभा में व्यापार मंडल अध्यक्ष अशोक सिंह, पैक्स अध्यक्ष मनोज सिंह, हरेंद्र सिंह सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, ग्रामीण एवं शुभचिंतक उपस्थित रहे। राम सूचित सिंह किसानों के हितों, जनसेवा और सामाजिक कार्यों के प्रति अपनी सक्रिय भूमिका के लिए क्षेत्र में विशेष पहचान रखते थे। उनके निधन को क्षेत्र की अपूरणीय क्षति माना जा रहा है।

## बंद घर का ताला तोड़कर चोर लाखों के जेवरात के साथ फरार

**निज सं. | दाउदनगर (औरंगाबाद)**

दाउदनगर शहर के पटवा टोली मोहल्ले में अज्ञात चोरों ने एक बार फिर बंद घर को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये मूल्य के जेवरात और 10 हजार रुपये नकद की चोरी कर ली। घटना गुरुवार की रात की बताई जा रही है। पीड़ित परिवार मजदूरी के लिए उत्तर प्रदेश गया हुआ था, जिसका फायदा उठाकर चोरों ने वारदात को अंजाम दिया। जानकारी के अनुसार पटवा टोली निवासी मजदूर शंभू कुमार गुरुवार को अपने पूरे परिवार के साथ घर में ताला बंद कर उत्तर प्रदेश के बलरामपुर मजदूरी करने चले गए थे। इसी दौरान रात में चोरों ने घर का मुख्य ताला तोड़कर प्रवेश किया और अंदर रखी गोदरेज अलमारी का ताला भी तोड़ दिया। इसके बाद चोर अलमारी में रखे करीब 10 हजार रुपये नकद, सोने का मंगलसूत्र, झुमका, पायल सहित अन्य कीमती आभूषण लेकर फरार हो गए। पड़ोसियों ने घर का ताला टूटा देख घटना की सूचना गृहस्वामी को दी। सूचना मिलने पर शंभू कुमार 12 जून की रात वापस घर पहुंचे और मामले की लिखित शिकायत दाउदनगर थाना में दर्ज कराई। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना डायल-112 पुलिस को भी दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू की। थानाध्यक्ष विकास कुमार ने चोरी की घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है तथा चोरों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी के लिए कार्रवाई की जा रही है। गौरतलब है कि पिछले आठ दिनों के भीतर पटवा टोली में बंद घरों को निशाना बनाकर चोरी की यह दूसरी बड़ी घटना है। पहली घटना का अब तक खुलासा भी नहीं हो पाया था कि चोरों ने एक और वारदात को अंजाम देकर पुलिस के सामने नई चुनौती खड़ी कर दी। लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से शहर और ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों में दहशत का माहौल है।

### बारुण के सभी विद्यालयों को जारी हुआ आवश्यक निर्देश

## 30 जून तक विद्यार्थियों का अपार आईडी बनाना सुनिश्चित करें : बीईओ

**निज संवाददाता | बारुण (औरंगाबाद)**




बारुण प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी ने प्रखंड संसाधन केंद्र के अधीन संचालित सभी प्राथमिक, मध्य, उच्च एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को 30 जून तक सभी विद्यार्थियों का अपार आईडी बनाना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि इस कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जाए, क्योंकि यह विद्यार्थियों के शैक्षणिक रिकॉर्ड और भविष्य की प्रक्रियाओं के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी ने बताया कि इस वर्ष मैट्रिक में अध्ययनरत जिन विद्यार्थियों का अपार आईडी नहीं बनेगा, उन्हें मैट्रिक सूचीकरण एवं पंजीकरण से वंचित होना पड़ सकता है। ऐसे में सभी प्रधानाध्यापकों को अभियान चलाकर समय सीमा के भीतर प्रत्येक विद्यार्थी का अपार आईडी बनवाने के लिए गंभीरता से कार्य करने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने विद्यालय प्रधानों को यह भी निर्देशित किया कि पोषक क्षेत्र में कक्षा एक में प्रवेश के लिए पात्र सभी बच्चों का शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित किया जाए। इसके लिए संबंधित विद्यालयों के प्रधानाध्यापक अपने क्षेत्र की आंगनबाड़ी सेविकाओं एवं सहायिकाओं से समन्वय स्थापित कर नामांकन अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित करें, ताकि कोई भी पात्र बच्चा विद्यालय में प्रवेश से वंचित न रहे। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी ने कहा कि शिक्षा विभाग की प्राथमिकता सभी बच्चों को विद्यालय से जोड़ने और प्रत्येक विद्यार्थी का शैक्षणिक रिकॉर्ड डिजिटल रूप से उपलब्ध कराने की है।

## एनएच-130 एवं एनएच-120 पर चला अतिक्रमण अभियान

**निज सं. | दाउदनगर (औरंगाबाद)**



राष्ट्रीय राजमार्गों को अतिक्रमण मुक्त करने के लिए अनुमंडल प्रशासन ने शनिवार को सख्त कार्रवाई शुरू की। एसडीओ अमित राजन के निर्देश पर शनिवार को एनएच -139 और एनएच -120 के किनारे अवैध अतिक्रमण को हटाने के लिए व्यापक अभियान चलाया। प्रशासन की इस कार्रवाई से अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मच गया।

अभियान के तहत एनएच -139 औरंगाबाद से पटना मुख्य पथ पर ओबरा के शंकरपुर से दाउदनगर के ठाकुर बिगहा तक तथा एनएच-120 दाउदनगर - गोह - गयाजी रोड पर दाउदनगर से गोह प्रखंड की सीमा तक सड़क किनारे बने अवैध ढांचे,अस्थायी निर्माण और अवैध पार्किंग को हटाया गया। प्रथम चरण में पटना रोड स्थित एनएच -139 पर प्रशासनिक टीम ने कार्रवाई करते हुए कई दुकानों के सामने लगे टीन शेड,चबूतरे और अन्य अतिक्रमण को हटाया। सूचना मिलते ही कई दुकानदारों ने स्वयं ही अपने अतिक्रमण हटाने शुरू कर दिए जबकि शेष अवैध संरचनाओं को जेसीबी की मदद से ध्वस्त किया गया।

## तीन जुलाई को होगा प्रोफेसर टीएन सिन्हा के जीवन पर आधारित पुस्तक का लोकार्पण

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**



जिले के प्रख्यात शिक्षाविद, इतिहासकार, श्री सच्चिदानंद सिन्हा महाविद्यालय के इतिहास विभाग के सेवानिवृत्त विभागाध्यक्ष तथा 'औरंगाबाद के इंसाइक्लोपीडिया' के नाम से विख्यात स्वर्गीय प्रोफेसर टी.एन. सिन्हा की प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पर उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर आधारित पुस्तक 'चरैवेति : एक जीवन यात्रा' का लोकार्पण 3 जुलाई को किया जाएगा। यह कार्यक्रम शहर के ब्लॉक मोड़ स्थित अशोका कन्वेंशन हॉल में आयोजित होगा, जिसमें प्रदेश और जिले की अनेक शिक्षाविद, साहित्यकार, जनप्रतिनिधि एवं अन्य गणमान्य हस्तियों के शामिल होने की संभावना है। उल्लेखनीय है कि प्रोफेसर टी.एन. सिन्हा का निधन 3 जुलाई 2025 को हुआ था। उनके निधन से औरंगाबाद जिले ने एक प्रतिष्ठित शिक्षाविद, इतिहासकार और बौद्धिक व्यक्तित्व को खो दिया था। शिक्षा और इतिहास के क्षेत्र में उनके योगदान को आज भी जिले के लोग सम्मान के साथ याद करते हैं। स्वर्गीय प्रोफेसर टी.एन. सिन्हा के व्यक्तित्व, कृतित्व, विद्वत्ता, त्याग और समाज के प्रति उनके समर्पण को उनके साहित्यिक पुत्र एवं पुस्तक के लेखक प्रशांत कुमार ने 'चरैवेति : एक जीवन यात्रा' में विस्तार से प्रस्तुत किया है। पुस्तक में उनके जीवन के अनेक अनछुए पहलुओं, बौद्धिक चिंतन, शैक्षणिक दृष्टिकोण तथा एक आदर्श शिक्षक के रूप में उनके योगदान का विस्तृत वर्णन किया गया है। उनके शिष्यों की बड़ी संख्या आज देश-विदेश में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर कार्यरत है और उनके विचारों एवं शिक्षण का प्रभाव आज भी उनके व्यक्तित्व में स्पष्ट दिखाई देता है।